तापमान
अधिकतम :18° C
न्यूनतम: 13° C

सेंसेक्स
74,612.43
22,545.05

सोना चांदी
88,155
98,000

खबरें छुपाता नहीं, छापता है

शाह टाइम्स

www.shahtimesnews.com

नई दिल्ली, शुक्रवार 28 फरवरी 2025 राष्ट्रीय संस्करण: वर्ष 22 अंक 334 पृष्ठ 12 मूल्य रुपये 5.00

विस्तृत खबरों के लिए QR कोड स्कैन करें।
मुफ्त पढ़ें E-paper

shahtimes2015@gmail.com

माघ फाल्गुन पक्ष 14 विक्रमी सम्वत् 2081 | 29 शाबान 1446 हिजरी

नई दिल्ली, मुजफ्फरनगर, देहरादून, हल्द्वानी, मुरादाबाद, बरेली, मेरठ व लखनऊ से प्रकाशित

जीएसटी-सीमा शुल्क मामलों में सुप्रीम फैसला

एफआईआर के बिना भी मिल सकती है अग्रिम जमानत

शाह टाइम्स ब्यूरो

नई दिल्ली। उच्चतम न्यायालय ने गुरुवार को फैसला सुनाया कि कर अधिकारियों द्वारा मनमानी गिरफ्तारी और जबरदस्ती संवैधानिक अधिकारों का उल्लंघन है और निर्देश दिया कि अधिकारियों की प्रवर्तन कार्रवाई कानून की सीमा के भीतर रहनी चाहिए।

वस्तु एवं सेवा कर (जीएसटी) अधिनियम और सीमा शुल्क अधिनियम के अंतर्गत गिरफ्तारी की शक्तियों को स्पष्ट करते हुए और एक ऐतिहासिक फैसले में मुख्य न्यायाधीश (सीजेआई) संजीव खन्ना, न्यायमूर्ति एमएम सुंदरेश और न्यायमूर्ति बेला एम. त्रिवेदी की पीठ ने कहा कि इन कर कानूनों के अंतर्गत अधिकारी पुलिस अधिकारियों का दर्जा नहीं रखते हैं और इस तर्क को खारिज कर दिया कि उन्हें ऐसा माना जाना चाहिए। पीठ ने कहा कि आपराधिक प्रक्रिया संहिता (अब भारतीय नागरिक सुरक्षा संहिता) के अंतर्गत प्रक्रियात्मक सुरक्षा उपाय इन कानूनों के अंतर्गत की गई गिरफ्तारियों पर समान रूप से लागू होंगे। शीर्ष अदालत ने कहा कि इसमें अग्रिम जमानत प्रावधान लागू होते हैं, जो लोगों को एफआईआर दर्ज होने से पहले ही न्यायपालिका से राहत मांगने की अनुमति प्रदान करते हैं। पीठ ने कहा कि जीएसटी और सीमा शुल्क कानूनों के अंतर्गत गिरफ्तारी सत्यापित सामग्री पर आधारित होनी चाहिए, न कि केवल संदेह के आधार पर। उसने कहा कि इन -शेष पृष्ठ दो पर

भोपाल का जहरीला कचरा पीथमपुर में ही जलेगा

नई दिल्ली। भोपाल गैस त्रासदी से जुड़ी याचिका पर सुप्रीम कोर्ट में गुरुवार को सुनवाई हुई। शीर्ष अदालत ने यूनियन कार्बाइड के खतरनाक अपशिष्ट के निपटान पर मध्य प्रदेश उच्च न्यायालय के आदेश में हस्तक्षेप करने से इन्कार कर दिया। कोर्ट ने मध्य प्रदेश के पीथमपुर में खतरनाक अपशिष्ट के निपटान संबंधी गुरुवार के परीक्षण पर भी रोक लगाने से इन्कार कर दिया।

राज्यों के समग्र विकास के लिए गांवों का विकास जरूरी: पुष्कर धामी

126 ग्राम पंचायत विकास अधिकारियों को सीएम ने सौंपे नियुक्ति पत्र

शाह टाइम्स ब्यूरो

देहरादून। पंचायतीराज विभाग के अन्तर्गत 126 नवनियुक्त ग्राम पंचायत विकास अधिकारियों को मुख्यमंत्री पुष्कर सिंह धामी ने गुरुवार को नियुक्ति पत्र प्रदान किए। पिछले साढ़े तीन सालों में राज्य में 20 हजार से अधिक युवाओं को सरकारी सेवाओं में नौकरी प्रदान की गई है।

मुख्यमंत्री ने सभी अभ्यर्थियों को शुभकामनाएं देते हुए कहा कि यह दिन आपके जीवन में एक नया अध्याय लेकर आया है। उन्होंने आशा व्यक्त करते हुए कहा कि नव चयनित अभ्यर्थी लोकतंत्र की सबसे महत्वपूर्ण इकाई ग्राम पंचायत के अभिन्न अंग बनकर गांवों का समग्र विकास सुनिश्चित करने की दिशा में कार्य करेंगे। राज्य के समग्र विकास के लिए गांवों का विकास जरूरी है। गांवों के विकास में एक ग्राम पंचायत विकास अधिकारी की भूमिका अत्यंत

साढ़े तीन साल में 20 हजार से अधिक युवाओं को मिली सरकारी नौकरी

महत्वपूर्ण होती है। मुख्यमंत्री ने कहा कि राज्य में देश का सबसे सख्त नकल विरोधी कानून लागू किया गया है। इस कानून में सजा और जुर्माने के कठोर प्राविधान किए गए हैं। जब मेहनती और ईमानदार व्यक्ति अपनी लगन और मेहनत के दम पर कोई पद प्राप्त करता है, तो वह आम लोगों की पीड़ा और समस्याओं को समझकर ईमानदारी से अपना काम करता है। उन्होंने कहा कि राज्य सरकार उत्तराखंड को देश का अग्रणी राज्य बनाने के उद्देश्य से शहरों के साथ गांवों के विकास पर भी प्राथमिकता के साथ कार्य कर रही है। राज्य में सख्त भू-कानून के लिए विधानसभा में विधेयक पारित हो चुका है।

दो वर्षों में सभी पंचायतों में होंगे कंप्यूटर: महाराज

पंचायती राज मंत्री सतपाल महाराज ने कहा कि प्रदेश में डबल इंजन की सरकार द्वारा प्रदेश के सर्वांगीण विकास के लिए अनेक योजनाएं चलाई जा रही हैं। जनवरी 2025 में समान नागरिक संहिता लागू कर उत्तराखंड यह कानून लागू करने वाला देश का पहला राज्य बना है। पंचायतीराज विभाग द्वारा ग्राम पंचायतों में अवस्थापना सुविधाओं के तहत पंचायत भवनों का निर्माण, अतिरिक्त कक्षों का निर्माण कराए जा रहे हैं। विभाग द्वारा परिवार रजिस्टर, जन्म-मृत्यु प्रमाण पत्र, भवन निर्माण अनापत्ति प्रमाण पत्र ऑनलाइन निर्गत किए जा रहे हैं। उन्होंने कहा कि पंचायतों में कम्प्यूटरीकरण का कार्य किया जा रहा है। आगामी दो वर्षों में सभी पंचायतों में कंप्यूटर स्थापित किए जाएंगे।

यूएई में रमजान माह में सिर्फ तीन घंटे काम

विस्तृत खबर देश-विदेश पर

अफगानिस्तान सेमीफाइनल में पहुंचने के इरादे से उतरेगा

विस्तृत खबर खेल टाइम्स पर

सम्भल जामा मस्जिद की होगी रंगाई-पुताई!

इलाहाबाद हाईकोर्ट ने एएसआई से मांगी रिपोर्ट

प्रयागराज, वार्ता

इलाहाबाद हाईकोर्ट में भारतीय पुरातत्व सर्वेक्षण (एएसआई) ने कहा है कि संरक्षित स्थल होने के कारण वह सम्भल स्थित जामा मस्जिद में रंगाई-पुताई की अनुमति नहीं दे सकता है। कोर्ट ने इस संबंध में अब एएसआई से रिपोर्ट मांगी है। वैसे कोर्ट ने कहा कि तीन सदस्यीय कमेटी की निगरानी में रंगाई-पुताई हो सकती है।

इसके लिए कोर्ट ने एएसआई और वैज्ञानिक के अलावा प्रशासन के एक अधिकारी की तीन सदस्यीय कमेटी बनाने को कहा है। तीन सदस्यीय कमेटी मस्जिद परिसर का निरीक्षण करेगी और यह तय करेगी कि किसी स्ट्रक्चर को नुकसान पहुंचाए बिना रंगाई-पुताई कैसे की जाए। एएसआई तीन सदस्यीय कमेटी की रिपोर्ट शुक्रवार को प्रस्तुत करेगी। इस रिपोर्ट के आधार पर कोर्ट शुक्रवार को यह तय करेगा कि कैसे बिना ढांचे को नुकसान पहुंचाए रंगाई-पुताई होगी। वैसे मंदिर पक्ष और एएसआई की तरफ से जामा मस्जिद की प्रबंध समिति की याचिका का विरोध किया गया। प्रबंध समिति ने रमजान का महीना शुरू होने से पहले रंगाई-पुताई व मरम्मत की अनुमति के लिए याचिका दायर की है। न्यायमूर्ति रोहित रंजन अग्रवाल की एकल पीठ ने इस मामले में केंद्र व राज्य सरकार सहित एएसआई से जानकारी मांगी थी। प्रबंध समिति ने इससे पहले भारतीय पुरातत्व सर्वेक्षण (एएसआई) के समक्ष आवेदन दाखिल कर रमजान से पहले मस्जिद की रंगाई-पुताई व मरम्मत की अनुमति मांगी थी। इसे एएसआई ने खारिज कर दिया था। इससे पहले जामा मस्जिद में रंगाई पुताई की अनुमति न देने के संबंध में सनातन सेवक संघ के पदाधिकारियों व कार्यकर्ताओं ने जिलाधिकारी को संबोधित ज्ञापन तहसीदार को सौंपा था।

संघ का कहना है कि यह स्थल प्राचीन मंदिर था, जिसका लगातार स्वरूप बदलने का प्रयास किया गया है। अब भी रंगाई-पुताई कर इसे बदलने की कोशिश की जा रही है।

- रिपोर्ट के आधार पर कोर्ट तय करेगा कैसे बिना ढांचे को नुकसान पहुंचाए रंगाई-पुताई हो
- मंदिर पक्ष और एएसआई ने जामा मस्जिद की प्रबंध समिति की याचिका का किया विरोध

जामा मस्जिद का सर्वे करने पहुंची ASI की टीम

सम्भल। उच्च न्यायालय के आदेश पर भारतीय पुरातत्व सर्वेक्षण (एएसआई) की टीम गुरुवार को जामा मस्जिद की पुताई और सजावट का सर्वे करने के लिए पहुंची। टीम ने मस्जिद की वास्तविकता का आकलन किया। इसके बाद तैयार रिपोर्ट न्यायालय में पेश की जाएगी। गौरतलब है कि जामा मस्जिद में हाल ही में हुई रंगाई-पुताई और सजावट को लेकर विवाद खड़ा हुआ था। इसके बाद मामला उच्च न्यायालय पहुंचा। न्यायालय ने इस पर संज्ञान लेते हुए एएसआई को जांच के निर्देश दिए थे। एएसआई की टीम ने मस्जिद के हर हिस्से की बारीकी से जांच की। अब इसकी रिपोर्ट उच्च न्यायालय में पेश की जाएगी।

'आप' विधायकों ने विधानसभा के बाहर किया प्रदर्शन

नई दिल्ली। आम आदमी पार्टी (आप) के विधायकों ने विधानसभा परिसर में प्रवेश से रोकने के खिलाफ गुरुवार को परिसर के बाहर प्रदर्शन किया। विधानसभा में नेता विपक्ष आतिशी ने कहा कि भाजपा वालों ने सरकार में आते ही तानाशाही की हदें पर कर दी। 'जय भीम' के नारे लगाने के लिए तीन दिन के लिए आम आदमी पार्टी के विधायकों को सदन से निलंबित किया और गुरुवार को 'आप' विधायकों को विधान सभा परिसर में घुसने भी नहीं दिया जा रहा। उन्होंने कहा कि ऐसा दिल्ली विधानसभा के इतिहास में कभी नहीं हुआ कि चुने हुए विधायकों को विधानसभा परिसर के अंदर नहीं घुसने दिया जा रहा। सुश्री आतिशी अपनी पार्टी के विधायकों के साथ धरने पर बैठ गई हैं और बैरिकेडिंग के पास प्रदर्शन किया।

कैग की रिपोर्ट विधान सभा की लोक लेखा समिति को प्रेषित

नई दिल्ली। दिल्ली विधानसभा के अध्यक्ष विजेंद्र गुप्ता ने राष्ट्रीय राजधानी की आबकारी नीति से संबंधित नियंत्रक एवं महालेखापरीक्षक (कैग) की रिपोर्ट को गुरुवार को लोक लेखा समिति (पीएसी) के पास भेज दिया। विधानसभा में कैग की रिपोर्ट पर हुई विस्तृत चर्चा के बाद श्री गुप्ता ने विपक्ष की अनुपस्थिति में इसे पीएसी के पास भेजने की घोषणा की।

महाकुंभ में लगे सफाईकर्मियों को 10 हजार बोनस का ऐलान

महाकुंभनगर। मुख्यमंत्री योगी आदित्यनाथ ने गुरुवार को प्रयागराज महाकुंभ में कार्यरत रहे स्वच्छता कर्मियों एवं स्वास्थ्य कर्मियों को बड़ी सौगात देते हुए प्रदेश सरकार की ओर से अतिरिक्त बोनस के रूप में 10 हजार रुपये की धनराशि प्रदान करने का ऐलान किया।

मुख्यमंत्री ने सफाई कर्मियों और स्वास्थ्य कर्मियों को उपहार के साथ ही स्वच्छ कुम्भ कोष से बीमा प्रमाण पत्र प्रदान किया और साथ ही मंच से ऐलान किया कि जो भी स्वच्छता कर्मी और स्वास्थ्यकर्मी महाकुंभ के महा आयोजन में सहभागी बने, उन्हें प्रदेश सरकार की ओर से अतिरिक्त बोनस के रूप में 10 हजार रुपये की धनराशि प्रदान की जाएगी। उन्होंने यह भी ऐलान किया कि अप्रैल से प्रदेश सरकार एक कॉर्पोरेशन का गठन करने जा रही है, -शेष पृष्ठ दो पर

यूपी में सफाईकर्मियों का वेतन हुआ 16000 प्रति माह

योगी को भेंट किया गया तीन गिनीज बुक ऑफ वर्ल्ड रिकॉर्ड का प्रमाण पत्र

महाकुंभनगर। मुख्यमंत्री योगी को मेला प्राधिकरण द्वारा बनाए गए तीन गिनीज बुक ऑफ वर्ल्ड रिकॉर्ड का प्रमाण पत्र गुरुवार को भेंट किया गया। मुख्यमंत्री को गिनीज बुक ऑफ वर्ल्ड रिकॉर्ड की ओर से मेला प्राधिकरण द्वारा स्थापित तीन वर्ल्ड रिकॉर्ड्स का प्रमाणपत्र प्रदान किया गया। इन तीन वर्ल्ड रिकॉर्ड्स में से पहला एक साथ सर्वाधिक लोगों (329) द्वारा एक ही समय में कई स्थलों पर नदी की सफाई, दूसरा एक साथ सर्वाधिक संख्या 19 हजार सफाईकर्मियों द्वारा सफाई अभियान चलाए जाने और तीसरा आठ घंटे तक सर्वाधिक 10 हजार 102 लोगों द्वारा हैंडप्रिंट बनाने का वर्ल्ड रिकॉर्ड शामिल रहा।

वक्फ बिल में 14 बदलावों को केंद्र की मंजूरी

रिपोर्ट में दावा: 10 मार्च से होने वाले बजट सत्र में लाना संभव, विपक्ष जता चुका विरोध

नई दिल्ली। केंद्रीय कैबिनेट ने वक्फ संशोधन विधेयक को मंजूरी दे दी है। मीडिया रिपोर्ट्स के मुताबिक, 19 फरवरी को हुई बैठक में बिल को कैबिनेट की रजामंदी मिल गई थी। संसद के बजट सत्र के दूसरे हिस्से में सरकार इसे पेश कर सकती है। बजट सत्र का दूसरा हिस्सा 10 मार्च से 4 अप्रैल तक चलेगा। ज्वाइंट पार्लियामेंट्री कमेटी (जेपीसी) की रिपोर्ट के आधार पर वक्फ बिल का नया ड्राफ्ट तैयार किया गया है। इससे पहले बजट सत्र के पहले चरण में 13 फरवरी को वक्फ बिल पर जेपीसी की रिपोर्ट संसद में पेश हुई थी। विपक्ष ने रिपोर्ट को फर्जी बताया था। इसके बाद संसद में हंगामा भी हुआ था। 27 जनवरी को वक्फ (संशोधन) विधेयक की जांच कर रही जेपीसी ने ड्राफ्ट रिपोर्ट को मंजूरी दी थी। जेपीसी की बैठक में 44 संशोधनों पर चर्चा हुई थी। भाजपा की अगुआई में एनडीए सांसदों के 14 संशोधनों को स्वीकार किया गया था, जबकि विपक्ष के संशोधनों को सिरे से खारिज कर दिया गया था। अगस्त 2024 में वक्फ बिल को अल्पसंख्यक मामलों के मंत्री किरेन रिजिजू ने लोकसभा में पेश किया था। इसके बाद इसे जेपीसी के पास भेजा गया था। इसके बाद जेपीसी ने इस पर 655 पन्नों की रिपोर्ट दी थी। 13 फरवरी को राज्यसभा में भाजपा सांसद मेधा कुलकर्णी ने तो लोकसभा में जेपीसी चेयरमैन और भाजपा सांसद जगदंबिका पाल ने इस रिपोर्ट को पेश किया। इसे लेकर दोनों सदनों में विपक्ष ने आपत्ति जताई। इनका आरोप है कि जेपीसी रिपोर्ट में उनकी असहमतियों को शामिल नहीं किया।

ट्रम्प के सामने झुक रहे हैं मोदी: कांग्रेस

नई दिल्ली, वार्ता

■ कांग्रेस के पूर्व सांसद अजय कुमार का आरोप

कांग्रेस ने गुरुवार को कहा कि भारतीय जनता पार्टी भले ही प्रधानमंत्री नरेन्द्र मोदी को 'विश्वगुरु' के रूप में प्रचारित करते नहीं थक रही है, लेकिन सच यह है कि मोदी अमेरिकी राष्ट्रपति डोनाल्ड ट्रम्प के सामने पूरी तरह झुक जाते हैं और उनकी बात का प्रतिकार करने की हिम्मत भी नहीं जुटा पाते हैं।

कांग्रेस के पूर्व सांसद अजय कुमार ने गुरुवार को पार्टी मुख्यालय में संवाददाता सम्मेलन में कहा कि जिन ट्रम्प को मोदी अपना मित्र कहते हुए नहीं थकते हैं वह उन्हें रिसीव करने हवाई अड्डे तक नहीं आए।हमने देखा है कि फ्रांस के राष्ट्रपति इमैनुएल मैक्रों ट्रम्प को बातचीत के बीच में टोकते हुए यह बताते हैं कि आप गलत बोल रहे हैं मोदी के सामने ट्रम्प, भारत की बुराई करते रहे। भारत को टैरिफ वॉयलेटर बताते रहे, तब भी मोदी खामोश रहे जबकि मोदी इन्हीं डोनाल्ड ट्रम्प को अपना बेस्ट फ्रेंड बताते हैं, जो लगातार भारत को अपमानित करने का प्रयास करते रहते हैं। भजपा के लोग नरेन्द्र मोदी को 'विश्व गुरु' बताते नहीं थकते, लेकिन जब प्रधानमंत्री मोदी अमेरिका के दौरे पर गए, तो राष्ट्रपति ट्रम्प प्रधानमंत्री मोदी को रिसीव करने तक नहीं आए।

कांग्रेस नेता ने कहा कि कमाल तो यह है कि मोदी जैसे ही अमेरिका दौरे से वापस आए, अमेरिका की तरफ से घोषणा की गई कि पाकिस्तान को करीब 3,000 करोड़ रुपए एफ-16 की मेंटिनेंस के लिए दिए जा रहे हैं, लेकिन हमारे विदेश मंत्रालय ने इसका कोई जवाब नहीं दिया। अमे. रिका और पाकिस्तान की डील थी कि एफ-16 फाइटर जेट्स का इस्तेमाल सिर्फ आतंकवाद के खिलाफ होगा। जबकि हमारे सेना अधिकारियों द्वारा कई बार कहा जा चुका है कि पाकिस्तान ने एफ-16 फाइटर जेट्स का इस्तेमाल हमारे खिलाफ किया है, लेकिन मोदी सरकार खामोश रही। पहले भी अमेरिका ने कई बार नेहरू और इंदिरा के समय हम पर दबाव बनाया, लेकिन हम झुके नहीं, बल्कि देश के आत्मसम्मान और स्वाभिमान को और ऊंचा रखा।

उन्होंने कहा कि एलन मस्क ने एफ-35 को घटिया बताया है, लेकिन मोदी ने अभी तक एफ-35 की डील से इंकार नहीं किया है। मोदी सरकार ने ये भी नहीं कहा कि वो रक्षा विशेषज्ञों से चर्चा कर इस बारे में फैसला लेगी। एफ-35 इस देश के हित में नहीं है। इसके बारे में लगातार रिपोर्ट्स आई है कि इसकी डिजाइन और टेक्नॉलजी ठीक नहीं है। लेकिन ट्रम्प को खुश करने के लिए नरेन्द्र मोदी इस डील के लिए मना भी नहीं कर पा रहे हैं। डा. कुमार ने सवाल किया कि ट्रम्प ने पाकिस्तान को 350 मिलियन डॉलर की ग्रांट दी, तो मोदी सरकार ने विरोध क्यों नहीं किया।

महिला सुरक्षा के मोदी-भाजपा के दावे खोखले: कांग्रेस

नई दिल्ली। कांग्रेस ने कहा है कि प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी और भारतीय जनता पार्टी महिलाओं को सुरक्षा देने के खोखले वादे करते हैं, लेकिन सच यह है कि भाजपा शासन में महिलाओं के साथ उत्पीड़न के मामले लगातार बढ़ रहे हैं और उसकी सरकार महिलाओं के साथ हो रहे अपराध रोकने में विफल हो रही है।

कांग्रेस प्रवक्ता डा. अजय कुमार ने गुरुवार को यहां पार्टी मुख्यालय में संवाददाता सम्मेलन में कहा कि महाराष्ट्र के पुणे में सरकारी बस के अंदर महिला से बलात्कार की घिनौनी वारदात हुई है, लेकिन अपराधी को पुलिस पकड़ नहीं पा रही है। उन्होंने कहा कि इस घटना ने भजपा सरकार में महिला सुरक्षा पर गंभीर सवाल खड़े कर दिए हैं, क्योंकि आरोपी घटना के दो दिन बाद भी पुलिस की गिरफ्त से बाहर है।

महाकुंभ के लिए 16 हजार से ज्यादा ट्रेने चलीं

महाकुंभनगर, वार्ता

■ रेल मंत्री अश्विनी वैष्णव ने दी जानकारी

रेल मंत्री अश्विनी वैष्णव ने कहा कि महाकुंभ के अवसर पर प्रयागराज के लिये रेलवे ने 13 हजार ट्रेनों के संचालन की योजना बनाई थी, लेकिन श्रद्धालुओं की अप्रत्याशित संख्या को देखते हुए 16 हजार से अधिक ट्रेनों का सफल संचालन किया गया। वैष्णव ने गुरुवार को यहां रेलवे अधिकारियों से मुलाकात कर महाकुंभ के दौरान रेलवे की व्यवस्थाओं की समीक्षा की। उन्होंने कहा कि महाकुंभ का यह आयोजन भारतीय संस्कृति और सामाजिक समरसता का प्रतीक है।

प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी के नेतृत्व में यह भव्य आयोजन संभव हुआ, जिसमें उत्तर प्रदेश के मुख्यमंत्री योगी आदित्यनाथ की प्रमुख भूमिका रही। उन्होंने बिहार और मध्य प्रदेश के मुख्यमंत्रियों का भी आभार जताया, जिनके सहयोग से रेलवे ने बेहतर समन्वय स्थापित किया और श्रद्धालुओं को सुगम यात्रा की सुविधा दी। रेल मंत्री ने बताया कि प्रारंभ में रेलवे ने 13 हजार ट्रेनों के संचालन की योजना बनाई थी, लेकिन श्रद्धालुओं की अप्रत्याशित संख्या को देखते हुए 16 हजार से अधिक ट्रेनों का सफल संचालन किया गया। इस दौरान लगभग 4.5 से 5 करोड़ श्रद्धालु सुरक्षित रूप से महाकुंभ पहुंचे और संगम स्नान का पुण्य लाभ प्राप्त किया। रेलवे ने राज्य पुलिस, आरपीएफ, जीआरपी और रेपिड़ एक्शन फोर्स के साथ मिलकर अभूतपूर्व समन्वय स्थापित किया, जिससे यातायात और भीड़ प्रबंधन को प्रभावी बनाया जा सका। उन्होंने कहा कि प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी के निर्देशानुसार, श्रद्धालुओं को केवल भीड़ न समझकर उनकी श्रद्धा और भक्ति को प्राथमिकता दी गई। इसी दृष्टिकोण से रेलवे ने कई नवाचार किए, जिनमें खुशरोबाग, झूंसी, नैनी, छिवकी, प्रयाग जंक्शन और प्रयागराज जंक्शन में बड़े होर्डिंग एरिया विकसित किए गए। महाकुंभ के 45 दिनों के इस महा आयोजन में रेलवे के विभिन्न विभागों ने अत्यंत समन्वित रूप से कार्य किया और किसी भी प्रकार की अव्यवस्था नहीं होने दी गई। रेल मंत्री ने कहा कि इस महाकुंभ से मिली सीख को रेलवे मैनुअल में स्थायी रूप से शामिल किया जाएगा, ताकि भविष्य में अन्य बड़े आयोजनों में इसका लाभ उठाया जा सके। उन्होंने कहा कि रेलवे इस ऐतिहासिक अनुभव के आधार पर अपने भीड़ प्रबंधन और यात्री सुविधाओं में नए सुधार लाएगा, जिससे देशभर में यात्रियों को बेहतर सेवाएं उपलब्ध कराई जा सकेंगी।

संक्षिप्त समाचार

रक्षा मंत्रालय की हिन्दी पत्रिका 'सशक्त भारत' का विमोचन

नई दिल्ली। रक्षा मंत्री राजनाथ सिंह ने गुरुवार को यहां रक्षा मंत्रालय की द्विवार्षिक हिंदी पत्रिका 'सशक्त भारत' के प्रथम संस्करण का विमा. चन किया। इस पत्रिका में सशस्त्र बलों के कर्मियों की वीरता, देशभक्ति तथा बलिदान पर कविताएं और मंत्रालय के कर्मियों द्वारा लिखे गए सरकार की नीतियों पर लेख शामिल हैं। रक्षा मंत्री ने लहदी को बढ़ावा देने के लिए राजभाषा विभाग के रक्षा मंत्रालय के प्रयासों की सराहना की। उन्होंने हिंदी को अपनाने और इसके प्रयोग को बढ़ाने की आवश्यकता पर बल दिया तथा भाषा को भारत के सामाजिक और सांस्कृतिक ताने-बाने को जोड़ने वाला सूत्र बताया।

हरियाणा के मुख्यमंत्री ने की मोदी से मुलाकात

नई दिल्ली। हरियाणा के मुख्यमंत्री नायब सिंह सैनी ने गुरुवार को यहां प्रधानमंत्री नरेन्द्र मोदी से मुलाकात की और दिल्ली विधानसभा चुनाव में भारतीय जनता पार्टी की जोरदार जीत पर बधाई दी। सूत्रों के अनुसार करीब आधे घंटे तक चली मुलाकात के दौरान प्रधानमंत्री और मुख्यमंत्री ने हरियाणा में विकास कार्यक्रमों की समीक्षा की। सैनी ने हरियाणा के आधारभूत विकास और भविष्य की परियोजनाओं पर भी प्रधानमंत्री मोदी को जानकारी दी। उन्होंने हरियाणा में केन्द्र सरकार और राज्य सरकार द्वारा चलाई जा रही परियोजनाओं और उनके क्रियान्वयन के बारे में भी मोदी को रिपोर्ट दी।

भाजपा की जमानत जब्त कराएंगे: ममता

कोलकाता। पश्चिम बंगाल की मुख्यमंत्री ममता बनर्जी ने कहा है कि 2026 में होने वाले विधानसभा चुनाव में बीजेपी की जमानत जब्त करवा देंगे और हम 215 से ज्यादा सीटें जीतेंगे। 294 सीटों पर होने वाले चुनाव के लिए ममता बनर्जी ने कहा कि तृणमूल कांग्रेस भाजपा की सीटों की संख्या को पश्चिम बंगाल में कम करने की पूरी कोशिश करेगी। 2021 के विधानसभा चुनाव में भाजपा को 77 सीटें मिली थीं। टीएमसी पार्टी की एक बैठक को संबोधित करते हुए ममता ने कहा कि हम अगले बंगाल विधानसभा चुनावों में 294 में से 215 से ज्यादा सीटें जीतेंगे।

दो-तीन मंत्रियों की छुट्टी होगी, तीन-चार नए चेहरे शामिल होंगे

यूपी में मंत्रिमंडल विस्तार का फार्मूला तय

लखनऊ, वार्ता

■ अगले आठ-दस दिनों में विस्तार होने की पूरी संभावना, प्रदेश स्तर से लिया जा चुका है फीडबैक

उप्र के योगी मंत्रिमंडल की बहुप्रतीक्षित विस्तार जल्द ही होने जा रहा है। महाकुंभ और विधासभा का सत्र पूरा होते ही इस दिशा में काम तेज होगा। सूत्रों के अनुसार यूपी में मंत्रिमंडल के विस्तार को लेकर पार्टी हाईकमान ने अपना होमवर्क पूरा कर लिया है। सूत्रों के मुताबिक दो-तीन मंत्रियों की जहां छुट्टी होगी, वहीं तीन-चार नए चेहरे शामिल होंगे। लंबे समय से पार्टी के लिए काम कर रहे नेताओं को होली का तोहफा देने की तैयारी है।

राजनीतिक सूत्रों के मुताबिक कुछ मंत्रियों के विभागों में बदलाव होगा। जिनके विभाग में भ्रष्टाचार की शिकायतें मिली हैं या मंत्रियों की परफॉर्मेंस ठीक नहीं है, उन्हें हटाया जाएगा। अहम विभाग के साथ पश्चिम के भी दो चेहरे मंत्रिमंडल में शामिल हो सकते हैं। वहीं विस्तार में 75 वर्ष की आयु सीमा का भी ध्यान रखा जाएगा। सूत्र बताते हैं कि प्रदेश स्तर से इस संबंध में फीडबैक लिया जा चुका है। अगले 8-10 दिनों में विस्तार होने की पूरी संभावना है। प्रदेश में भाजपा के जिलाध्यक्षों की सूची जल्द ही जारी होगी। भाजपा प्रदेश अध्यक्ष भूपेंद्र चौधरी ने बीते दिनों कहा था कि दिल्ली विधानसभा चुनाव और महाकुंभ के आयोजन की वजह से ही प्रक्रिया कुछ धीमी हो गई थी। अब सूची जारी होने में अब कहीं कोई पेंच नहीं है। बीते दिनों जिलाध्यक्षों की सूची जारी होने में हो रही देरी से जुड़े सवाल का जवाब देते हुए उन्होंने कहा था कि सूची जारी होने में जो भी बिंदू सामने आए थे, सभी का निस्तारण हो गया है। भाजपा का संगठन सर्वव्यापी और सर्वस्पर्शी है।

समाज के सभी वर्गों में हमारा प्रतिनिधित्व है। उन्होंने कहा कि हमारा ही एक ऐसा संगठन है, जिसमें महिलाओं और अनुसूचित जाति समेत सभी वर्गों के लिए काम करने के समान अवसर दिए गए हैं और आगे भी इसका ख्याल रखा जाएगा।

महाकुंभ से 3 लाख करोड़ से ज्यादा की कमाई

लखनऊ। यूपी 1 ट्रिलियन डॉलर की अर्थव्यवस्था बनने के अपने लक्ष्य की ओर तेजी से आगे बढ़ रहा है। इसी कड़ी में प्रयागराज में महाशिवरात्रि पर संपन्न हुए महाकुंभ मेले-2025 ने राज्य की अर्थव्यवस्था में 3 लाख करोड़ रुपये से अधिक का योगदान दिया है। 13 जनवरी को शुरू हुए महाकुंभ के अंतिम दिन उत्तर प्रदेश के मुख्यमंत्री योगी आदित्यनाथ ने सोशल मीडिया पर शेयर किया कि इस उत्सव के दौरान प्रयागराज में गंगा, यमुना और सरस्वती नदियों के संगम पर पवित्र स्नान में 66.21 करोड़ से अधिक श्रद्धालुओं ने भाग लिया। उद्योग जगत के लीडर्स के अनुसार, इस भव्य उत्सव से वस्तुओं और सेवाओं के माध्यम से 3 लाख करोड़ रुपये (लगभग 360 बिलियन डॉलर) से अधिक का कारोबार होने का अनुमान है, जो महाकुंभ का नाम देश के सबसे बड़े आर्थिक आयोजनों की लिस्ट में जोड़ता है।

योगी ने संगम तट पर किया स्वच्छता अभियान का शुभारंभ

महाकुम्भ नगर। मुख्यमंत्री योगी आदित्यनाथ ने गुरुवार सुबह संगम तट पर पहुंच कर स्वच्छता अभियान का शुभारंभ किया। योगी महाकुम्भ 2025 की औपचारिक पूर्णाहुति के लिए प्रयागराज पहुंचे। इस दौरान उन्होंने महाकुम्भ नगर के अरैल घाट पर सफाईकर्मियों के साथ मिलकर घाट की सफाई की और गंगा तट पर स्नानार्थियों द्वारा छोड़ी गए वस्त्र आदि को साफ करने में अपने मंत्रियों के साथ श्रमदान किया। जल में मौजूद छोड़े गए वस्त्रों को निकालकर महाकुम्भ के उपरांत पूरे मेला क्षेत्र की स्वच्छता के लिए अभियान का शुभारंभ किया।

सफाई कार्य के बाद मुख्यमंत्री अपने मंत्रिमंडल के सहयोगियों के साथ फ्लोटिंग जेटी के जरिए संगम के लिए रवाना हुए। इस दौरान उन्होंने जेटी से साइबेरियन पक्षियों को दाना खिलाया। संगम पहुंचकर योगी ने मां गंगा, मां यमुना और अदृश्य रूप में मौजूद मां सरस्वती का विधिवत पूजन किया। वैदिक मंत्रोच्चार के बीच उन्होंने मंत्रिगणों के साथ मां गंगा का दुग्धाभिषेक कर विधि-विधान से मां की आरती उतारी और लोक कल्याण की कामना की। योगी ने संगम स्नान को आए श्रद्धालुओं का भी अभिवादन किया। इस अवसर पर उपमुख्यमंत्री केशव प्रसाद मौर्य और ब्रजेश पाठक के अलावा कैबिनेट मंत्री सुरेश खन्ना, राकेश सचान, नंद गोपाल गुप्ता नंदी, अनिल राजभर, मुख्य सचिव मनोज कुमार सिंह, डीजीपी प्रशांत कुमार और प्रमुख सचिव गृह एवं सूचना संजय प्रसाद सहित कई वरिष्ठ अधिकारी मौजूद रहे।

राज्यों के साथ पारदर्शी संवाद की जरूरत: निर्मला

नई दिल्ली।

■ एक शिखर सम्मेलन में बोलीं वित्त मंत्री

वित्त मंत्री निर्मला सीतारमण ने गुरुवार को भारत के आर्थिक ढांचे को मजबूत करने के लिए राज्यों के साथ पारदर्शी और सहयोगात्मक संवाद की आवश्यकता पर जोरदेते हुये कहा कि राज्यों के साथ ईमानदारी से बातचीत होनी चाहिए।

सीतारमण ने यहां एक शिखर सम्मेलन में कहा कि राज्यों के साथ ईमानदारी से बातचीत होनी चाहिए। आपको लगता है कि संस्थागत व्यवस्था से आपको वांछित परिणाम मिलेंगे, लेकिन जीएसटी परिषद की स्थापना में भी प्रयास गहन और निरंतर थे। मुझे लगता है कि राज्यों के साथ बातचीत पहले होनी चाहिए।ह उन्होंने स्पष्टता और सहयोग के महत्व को रेखांकित करते हुए कहा कि जैसे जेंडर के सवाल का राजनी. तिकरण नहीं किया जाना चाहिए। उसी तरह से पैसे या कर हस्तांतरण कैसे होता है, इस बारे में जनता को गलत जानकारी देने का कोई भी प्रयास राष्ट्र के लिए नुकसानदेह है, क्योंकि कर्म भविष्य की पीढ़ियों पर बोझ है। फ़ायरसाइड चैट के दौरान इस बारे में पूछे जाने पर कि क्या संस्थागत ढांचा राज्यों के बीच राजक. ोषीय असमानताओं को दूर कर सकता है, सीतारमण ने कहा कि जीएसटी परिषद जैसी संरचनाओं के लिए निरंतर प्रयास की आवश्यकता है, लेकिन इसकी नींव वास्तविक राज्य-स्तरीय भागीदारी पर आधारित होनी चाहिए। यह पूछे जाने पर कि क्या संरचनात्मक मुद्दों को दूर करने के लिए अतिरिक्त नीतिगत उपायों की आवश्यकता है, उन्होंने कहा कि इस स्तर पर नहीं।

हमने जिन सुधार उपायों की घोषणा की है, उन्हें अभी कुछ और करना है। आयकर विधेयक को मंजूरी मिलने के बाद हमें तेजी से आगे बढ़ना होगा। हमें एक अप्रैल के बाद तेज गति से आगे बढ़ना होगा। उन्होंने निर्यात संवर्धन, करदाता सम्मान, आयकर सरलीकरण और सीमा शुल्क में चल रहे सुधारों पर प्रकाश डाला और इनके क्रियान्वयन में विश्वास व्यक्त किया।

अर्थ व्यापार

बिकवाली के चलते शेयर बाजार सपाट रहा

मुंबई, वार्ता



अमेरिकी राष्ट्रपति डोनाल्ड ट्रम्प की यूरोपीय संघ से आयात पर 25 फीसदी टैरिफ लगाने की धमकी के बावजूद एनवीडिया के अपेक्षित परिणामों से विश्व बाजार के मिलेजुले रुख के बीच स्थानीय स्तर पर बिकवाली से आज शेयर बाजार सपाट बंद हुआ।

बीएसई का तीस शेयरों वाला संवेदी सूचकांक सेंसेक्स 10.31 अंक की मामूली बढ़त से 74,612.43 अंक और नेशनल स्टॉक एक्सचेंज का निफ्टी 2.50 अंक फिसलकर 22,545.05 अंक पर सपाट रहा। बीएसई का मिडकैप 0.97 प्रतिशत की गिरावट लेकर 39,445.69 अंक और स्मॉलकैप 2.09 प्रतिशत का गोता लगाकर 44,111.64 अंक पर बंद हुआ। इस दौरान बीएसई में कुल 4072 कंपनियों के शेयरों में कारोबार हुआ, जिनमें से 3030 में बिकवाली जबकि 943 लिवाली हुई, वहीं 99 में कोई बदलाव नहीं हुआ। इसी तरह निफ्टी की 31 कंपनियों में गिरावट जबकि 19 में तेजी रही। बीएसई में दूरसंचार, वित्तीय सेवाएं और धातु में 0.70 प्रतिशत तक की तेजी को छोड़कर अन्य 18 समूहों में गिरावट का रुख रहा। इस दौरान कमोडिटीज 0.86, सीडी 1.34, ऊर्जा 0.29, एफएमसीजी 0.81, हेल्थकेयर 0.72, इंडस्ट्रियल्स 2.47, आईटी 0.63, यूटिलिटीज 1.18, ऑटो 1.57, बैंलकग 0.09, कैपिटल गुड्स 1.58, कंज्यूमर ड्यूरेबल्स 0.83, तेल एवं गैस 0.60, पावर 1.80, रियल्टी 2.06, टेक 0.28, सर्विसेज 0.69 और फोकस्ड आईटी समूह के शेयर 0.51 प्रतिशत लुढ़क गए। अंतर्राष्ट्रीय स्तर पर मिलाजुला रुख रहा। इस दौरान ब्रिटेन का एफटीएसई 0.20, जापान का निक्केई 0.30 और चीन का शंघाई कंपोजिट 0.23 प्रतिशत मजबूत रहा, जबकि जर्मनी का डैक्स 0.93 और हांगकांग का हैंगसेंग 0.29 प्रतिशत गिर गया। शुरुआती कारोबार में सेंसेक्स 104 अंक की तेजी के साथ 74,706.60 अंक पर खुला और दमदारी लिवाली की बदौलत थोड़ी देर बाद ही 74,834.09 अंक के उच्चतम स्तर पर पहुंच गया। वहीं बिकवाली होने से कारोबार के अंतिम चरण में यह 74,520.78 अंक के निचले स्तर तक लुढ़क गया। अंत में पिछले दिवस के 74,602.12 अंक के मुकाबले 0.01 बढ़कर 74,612.43 अंक पर रहा। इसी तरह निफ्टी भी 22 अंक उठकर 22,568.95 अंक पर खुला और सत्र के दौरान 22,613.30 अंक के उच्चतम जबकि 22,508.40 अंक के निचले स्तर पर रहा।

कोयला खान नीलामी पर शुक्रवार को मुम्बई में होगा रोड शो

नई दिल्ली। कोयला मंत्रालय कोयला क्षेत्र में निवेश के अवसरों और कोयले के व्यावसायिक खनन के लिए प्रस्वावित नीलामी पर रखे जाने वाले कोयला-प्रखण्डों की संभावित निवेशकों को जानकारी देने के लिए आयोजित किए जा रहे कार्यक्रमों के तहत शुक्रवार को मुंबई में एक रोड शो आयोजित करने जा रहा है। मुंबई के ताज महल पैलेस में आयोजित इस कार्यक्रम में केंद्रीय कोयला एवं खान मंत्री किशन रेड्डी मुख्य अतिथि होंगे। इस अवसर पर मंत्रालय के सचिव विक्रम देव दत्त, अपर सचिव रूपिंदर बरार और मंत्रालय के अन्य वरिष्ठ अधिकारी भी वहां रहेंगे। इस कार्यक्रम में कोयला खनन, तकनीकी प्रगति, सर्वोत्तम और दीर्घकालीन प्रथाओं में उभरती संभावनाओं का पता लगाने के लिए प्रमुख हितधारक, अग्रणी उद्यमी और निवेशक शामिल होंगे।

खाद्य तेल समेत सभी जिंसों में टिकाव रहा

नई दिल्ली, वार्ता

■ चीनी और गुड़ के भाव पिछले कारोबारी दिवस के स्तर पर टिके रहे

विदेशी बाजारों की गिरावट के असर से गुरुवार को दिल्ली थोक जिंस बाजार में खाद्य तेल समेत सभी जिंसों में टिकाव रहा।

तेल-तिलहन : वैश्विक स्तर पर मलेशिया के बुरसा मलेशिया डेरिवेटिव एक्सचेंज में मार्च का पाम ऑयल वायदा 34 रिंगिट टूटकर 4694 रिंगिट प्रति टन पर आ गया। इसी तरह मार्च का अमेरिकी सोया तेल वायदा 0.03 सेंट की गिरावट के साथ 45.56 सेंट प्रति पौंड बोला गया। इस दौरान घरेलू बाजार में खाद्य तेलों में टिकाव रहा। सरसों तेल, मूंगफली तेल, सूरजमुखी तेल, सोया रिफाइंड, पाम ऑयल और वनस्पति तेल के भाव में कोई बदलाव नहीं हुआ। गुड़-चीनी: मीठे के बाजार में स्थिरता रही। इस दौरान चीनी और गुड़ के भाव पिछले कारोबारी दिवस के स्तर पर टिके रहे। दाल-दलहन: दाल-दलहन के बाजार में टिकाव रहा। चना, दाल चना, मसूर दाल, मूंग दाल उड़द दाल और अरहर दाल के भाव पिछले दिवस के स्तर पर पड़े रहे। अनाज: अनाज मंडी में भाव स्थिर रहे। इस दौरान गेहूं और चावल के दाम पिछले कारोबारी दिवस के स्तर पर टिके रहे। सरकारी वेबसाइट पर जारी खाद्यान्नों के थोक दाम इस प्रकार रहे:- दाल-दलहन: चना 5950-6050, दाल चना 6950- 7050, मसूर काली 7350-7450, मूंग दाल 9300-9400, उड़द दाल 9000-9100, अरहर दाल 7850-7950 रुपये प्रति क्विंटल रहे। अनाज: (भाव प्रति क्विंटल) गेहूं दड़ा 3100-3200 रुपये और चावल : 3150-3250 रुपये प्रति क्विंटल रहा।



चीनी-गुड़: चीनी एस. 4280-4380, चीनी एम. 4300-4400, मिल डिलीवरी 3620-3720 और गुड़ 4250-4350 रुपये प्रति क्विंटल बोले गये। खाद्य तेल : सरसों तेल 16116 रुपये, मूंगफली तेल 18462 रुपये, सूरजमुखी तेल 16703 रुपये, सोया रिफाइंड 15751 रुपये, पाम ऑयल 13553 रुपये और वनस्पति तेल 16336 रुपये प्रति क्विंटल पर रहा है।

प्रथम पृष्ठ के शेष...

जीएसटी-सीमा....

कानूनों के अंतर्गत अधिकारी पुलिस अधिकारी नहीं होते हैं और समान शक्तियों का प्रयोग नहीं कर सकते हैं। गिरफ्तारी पर जीएसटी विभाग द्वारा जारी किए गए परिपत्रों का सख्ती से पालन किया जाना चाहिए। अदालत ने निर्देश दिया कि कर भुगतान में दबाव के आरोपों को गंभीरता से लेना चाहिए, प्रभावित व्यक्ति न्याय के लिए अदालत जा सकते हैं। शीर्ष अदालत ने कहा कि गिरफ्तारी प्रावधानों में अस्पष्टता के कारण नागरिकों को परेशान नहीं किया जाना चाहिए और इस बात पर बल दिया कि जीएसटी अधि. नियम के अंतर्गत कोई निजी शिकायत नहीं हो सकती। शीर्ष अदालत ने अरविंद केजरीवाल मामले से इस सिद्धांत को लागू किया, जहां धन शोधन निवारण अधि. नियम (पीएमएलए) के अंतर्गत गिरफ्तारी के लिए विश्वास करने का कारण होना आवश्यक है। उसने यह निर्णय दिया कि जीएसटी और सीमा शुल्क की गिरफ्तारी पर भी यही सिद्धांत लागू होता है, क्योंकि संबंधित कानूनी प्रावधान लगभग समान हैं। मुख्य न्यायाधीश ने फैसला सुनाते हुए कहा कि हमने माना है कि दीपल महाजन का मामला अलग था और हमने अरविंद केजरीवाल मामले का हवाला दिया है। सीमा शुल्क अधिनियम की धारा 132 और 104, जब अपराधों को संज्ञेय और जमानती के रूप में निर्दिष्ट करती है, तो इसके बजाय इसे गैर-संज्ञेय और गैर-जमानती माना जाना चाहिए। हमने देखा है कि कर भुगतान में जबरदस्ती के आरोपों में कुछ दम है और ऐसी प्रथाओं की अनुमति नहीं दी जानी चाहिए। न्यायमूर्ति त्रिवेदी ने अपने सहमति वाले फैसले में, अनुच्छेद 226 के अंतर्गत न्यायिक समीक्षा की शक्तियों को संबो. धित किया, कर-संबंधी गिरफ्तारियों में संवैधानिक सुरक्षा उपायों को बनाए रखने पर अदालत के रुख की पुष्टि की। यह निर्णय जीएसटी और सीमा शुल्क अधि. नियमों के दंडात्मक प्रावधानों को चुनौती देने वाली 279 याचिकाओं के जवाब में दिया गया। अदालत का फैसला आरोपी व्यक्तियों के लिए कानूनी सुरक्षा को बहुत मजबूत करता है। शीर्ष अदालत ने इस बात पर बल दिया कि कर अधिकारियों द्वारा मनमानी गिरफ्तारी और जबरदस्ती संवैधानिक अधिकारों का उल्लंघन करती है, यह सुनिश्चित किया कि प्रवर्तन कार्रवाई कानून की सीमा के अंदर होनी चाहिए। आगे की कार्यवाही के लिए मामले को 17 मार्च के लिए सूचीबद्ध किया गया है।

महाकुंभ में लगे...

जिसके माध्यम से हर स्वच्छता कर्मी, स्वास्थ्य कर्मी और उन सभी कर्मियों को जिन्हें न्यूनतम मानदेय नहीं मिल पाता था, उन्हें सरकार 16 हजार रुपये प्रतिमाह प्रदान करेगी। यह धनराशि डीबीटी के माध्यम से उनके खाते में भेजी जाएगी। इसके साथ ही यह भी कहा कि हर स्वच्छता कर्मी, स्वास्थ्य कर्मी को आयुष्मान भारत या मुख्यमंत्री जन आरोग्य योजना के माध्यम से पांच लाख रुपये की स्वास्थ्य बीमा से भी जोड़ा जाएगा। मुख्यमंत्री योगी आदित्यनाथ ने कहा कि 13 जनवरी से 26 फरवरी तक आयोजित हुए इस भव्य और दिव्य आयोजन के बाद आज आप सभी का अभिनंदन करने के लिए पूरी प्रदेश सरकार आपके बीच में है। इस आयोजन को भव्य और दिव्य बनाने में स्वच्छता और स्वास्थ्य कर्मियों का विशेष योगदान है।

हमारी सरकार आपसे वादा करती है कि आपके वेलफेयर के लिए हम आगे भी लगातार काम करते रहेंगे। उन्होंने कहा कि टीम भावना के साथ जब कोई कार्य होता है, तो उसके परिणाम ऐसे ही होते हैं, जैसे प्रयागराज महाकुंभ में आज हमको देखने को मिल रहे हैं। आज आप सबने साबित कर दिया कि अगर थोड़ी भी इच्छा शक्ति हो और सही सपोर्ट मिले, तो परिणाम कुछ भी लाया जा सकता है। सीएम योगी ने सभी स्वच्छता कर्मियों से अपील की कि स्वच्छता कार्यक्रम को अब नए सिरे से प्रस्तुत करना है। स्वच्छता का विशेष अभियान चलाना होगा। आज हमने इसकी शुरुआत की है। अब सभी अधिकारी, कर्मचारी भी इस अभियान में जुटें। मां गंगा के प्रति हमारी कृतज्ञता ज्ञापित होनी चाहिए।

योगी ने कहा कि आपको सम्मानित करते हुए और आपके साथ सहभोज में हिस्सा बनते हुए हमारा मंत्रिमंडल अभिभूत है। मुख्यमंत्री योगी ने महाकुम्भ में नाविकों के योगदान की सराहना करते हुए उनके लिए कई बड़ी घोषणाएं की, वहीं महाकुम्भ में रोडवेज की बसों के संचालन से जुड़े चालकों के लिए 10 हजार रुपये अतिरिक्त बोनस का ऐलान किया। योगी ने कहा कि नाव चालकों को सरकार विशेष सुविधाएं देगी, जिसके तहत पहले नाविकों का रजिस्ट्रेशन किया जाएगा। इसके बाद नाव के लिए पैसा और पांच लाख रुपये तक बीमा कवर की भी सुविधा उपलब्ध कराई जाएगी। त्रिवेणी संकुल में नाविकों से संवाद के दौरान मुख्यमंत्री ने महाकुम्भ के भव्य, दिव्य व सफल आयोजन में नाविकों के योगदान की सराहना की और प्रशस्ति पत्र देकर सम्मानित भी किया।

शाह टाइम्स क्लासीफाईड्स Sale

काले इल्म व सिपली इल्म की काली तांत्रिक शक्तियों का चमत्कार सात घंटों में अपनी आंखों से देखें।
पंडित जी शर्मा
9634608433
जैसे:- नौकरी, व्यापार, कारोबार, पति-पत्नी में झगड़ा, लव मैरिज में अड़चन, शादी में रुकावट, प्यार में धोखा खाये प्रेमी व प्रेमिका एक बार अवश्य फोन करें। आपका बेटा-बेटी, पति-पत्नी किसी के वश में हो महावशीकरण करवाएं या तुड़वाएं, सौतन-दुश्मन को अपनी आंखों के सामने तड़पता देखें, घर में खून के छींटे या प्रेत आत्माओं का साया।
My Promise आपका प्यार टूटने नहीं दूंगा।
महावशीकरण व मुठकरनी के स्पेशलिस्ट
माताएं व बहनें घर बैठे गारंटीड समाधान करवाएं।
21 वर्षों से आपकी सेवा में
अजमेर शरीफ

स्त्री के सामने लज्जित होने से बेहतर है
आज ही इलाज करा लेना खोई हुई मर्दाना ताकत दोबारा प्राप्त करने के लिए आज ही मिलें या फोन करें।
काजीजादा, अमरोहा-UP
हाशमी दवाखाना
9997161320, 8272800800

काम कोर्स
उदास क्यों?
अधिक संतुष्टि, हैरतअंगेज़ पावर, शीघ्रपतन, नपुंसकता, बचपन की गलतियों से हमेशा के लिए छुटकारा।
फोन कर घर बैठे औषधियां डाक द्वारा प्राप्त करें।
ऋषि इन्टरनेशनल
08899787114
09808917010

Cipzer
HEALTH WITH CARE
हैल्थ प्लस सिरप
खून की कमी, भूख ना लगना, विटामिन व हार्मोन्स की कमी, शारीरिक दुर्बलता, गर्भवती महिला, दूध का कम बनना, लीवर व पेट की समस्याओं में उपयोगी
प्रमुख मेडिकल स्टोर पर उपलब्ध।
86 8484 5757 info@cipzer.com

वैधानिक सूचना
पाठकों को सूचित किया जाता है कि इस अखबार में प्रकाशित होने वाले सभी विज्ञापनों पर कार्यवाही करने से पहले पूरी जांच-पड़ताल कर लें तथा उचित सलाह ले लें। कोई भी अभिदाता जो इस अखबार में प्रकाशित किसी भी विज्ञापन के संदर्भ में कोई राशि भेजता है, किसी चिकित्सीय सलाह पर कोई कार्यवाही या खर्च करता है या कोई वचन देता है, तो ऐसा वह स्वविवेक, बुद्धि तथा जोखिम पर करें। कम्पनी, प्रकाशक या उसका कोई कर्मचारी विज्ञापनदाता या उसके किसी उत्पाद या सेवा हेतु किये गये किसी दावे की सच्चाई का आश्वासन नहीं देते तथा ऐसे विज्ञापनों विश्वास करके किसी व्यक्ति को हुई क्षति, हानि परिणाम के लिए जिम्मेदार नहीं होंगे।

गोगी/अंकेश लाकड़ा गैंग के शार्प शूटर को गिरफ्तार किया

शाह टाइम्स संवाददाता

नई दिल्ली। दिल्ली पुलिस की अपराध शाखा ने गोगी/अंकेश लाकड़ा गैंग के शार्प शूटर को गिरफ्तार किया है।पुलिस ने उसके पास से दो अत्याधुनिक पिस्टल और चार जिंदा कारतूस बरामद की है।आरोपी पहले भी चार आपराधिक मामलों में शामिल रहा है।

दिल्ली पुलिस अपराध शाखा पुलिस उपायुक्त सतीश कुमार ने बताया कि वरिष्ठ अधिकारियों के निर्देशों के अनुसार एसीपी नरेंद्र बेनीवाल की देखरेख में इंस्पेक्टर अजय शर्मा के नेतृत्व में एसआई मनीष, हेड कांस्टेबल विकास डबास, मंदीप, नरेंद्र, आकाश और नीरज की टीम को गंभीर अपराधों में शामिल अपराधियों की पहचान कर उन्हें पकड़ने का काम सौंपा गया था। इसी बीच २५ फरवरी को हेड कांस्टेबल नीरज और नरेंद्र से मिली सूचना के आधार पर टीम ने रोहिणी के जापानी पार्क के गेट नंबर ४ के पास से आरोपी विशाल लाकड़ा (२३) को पकड़ लिया। तलाशी में पुलिस ने उसके पास से दो अत्याधुनिक पिस्टल और चार जिंदा कारतूस बरामद की है।

पुलिस पूछताछ के दौरान विशाल लाकड़ा ने गोगी/अंकेश लाकड़ा गैंग का सक्रिय सदस्य होने की बात स्वीकार की। उसने बताया कि वह मूल रूप से दिल्ली के मुंडका गांव का रहने वाला है, जहां से अंकेश लाकड़ा भी है। विशाल दो बार जेल जा चुका था और दूसरी बार जेल जाने के दौरान वह अंकेश लाकड़ा से काफी करीब से जुड़ गया था, जिसे वह अपना गुरु मानता है और वह बचपन से ही अंकेश लाकड़ा को जानता था। विशाल के करीबी साथी अमित लाकड़ा की हाल ही में प्रतिद्वंद्वी नीरज बवानिया गैंग के सदस्यों द्वारा हत्या ने अंकेश को बहुत प्रभावित किया और उसने बदला लेने की कसम खाई।

अमित भी विशाल का करीबी दोस्त था और वे एक मामले में सह-आरोपी भी थे। अंकेश ने झज्जर (हरियाणा) के सुमित नामक एक संपर्क के माध्यम से दो हथियारों की व्यवस्था की और विशाल को आगे के निर्देशों की प्रतीक्षा करने का निर्देश दिया था।

घर में हुई चोरी का मामला सुलझाया, दो गिरफ्तार

नई दिल्ली। दिल्ली के दक्षिण जिला पुलिस के एएटीएस स्टाफ ने घर में हुई चोरी का मामला सुलझाकर दो नवोदित चोरों को गिरफ्तार किया है।पुलिस ने उनकी निशानदेही पर चोरी की गई ०१ जोड़ी चांदी की बिछिया, ०१ मोबाइल फोन और ३१०००/- रुपये की नकदी बरामद की है। दिल्ली के दक्षिण जिला पुलिस उपायुक्त अंकित चौहान ने बताया कि २४.फरवरी को एक शिकायतकर्ता ने अंबेडकर नगर थाने में रिपोर्ट दर्ज कराई कि जब वह घर से बाहर गया था, तो किसी अज्ञात व्यक्ति ने उसके घर में चोरी कर ली। जांच करने पर घर से एक जोड़ी चांदी की बिछिया, एक मोबाइल फोन और चालीस हजार रुपये की नकदी चोरी पाई गई। इसके बाद अंबेडकर नगर थाने के तहत मामला दर्ज कर एसीपी/ऑपरेशंस की देखरेख आईसी/एएटीएस के नेतृत्व में एएसआई देशराज, हेड कांस्टेबल अरविंद, सुरेश, कांस्टेबल कानाराम और रामदयाल की टीम ने जांच शुरू की। जांच के दौरान, टीम ने तकनीकी स्रोतों के माध्यम से कुछ महत्वपूर्ण इनपुट एकत्र किए । सीसीटीवी फुटेज के विश्लेषण से टीम यह पता लगाने में सफल रही कि घर में चोरी की घटना में कुल दो संदिग्ध व्यक्ति शामिल थे। इसके बाद टीम ने सीसीटीवी फुटेज और स्थानीय खुफिया जानकारी के आधार पर दोनों आरोपी नितिन/सगुन (२४)और वरुण (१९)को गिरफ्तार कर लिया। पुलिस ने उनकी निशानदेही पर चोरी के आभूषण, ०१ मोबाइल फोन और ३१०००/- रुपये नकद बरामद किए गए। पुलिस पुछताछ में उन्होंने अपना अपराध कबूल कर लिया है।

हनी ट्रैप में फंसाकर लोगों से लाखों ऐंठने वाले तीन पकड़े

शाह टाइम्स संवाददाता

नई दिल्ली। खुद को पुलिस अधिकारी बताकर दिल्ली में निर्दोष व्यक्तियों से पैसे ऐंठने वाले हनी ट्रैप रैकेट का रोहिणी स्पेशल स्टाफ ने पर्दाफाश किया है। रैकेट के तीन सदस्यों को गिरफ्तार किया है। आरोपी व्यक्तियों का प्रोफाइल नीरज,आशीष और योगेश उर्फ ढिलू वत्स के रूप में हुई है। आरोपी के कब्जे से एक फर्जी दिल्ली पुलिस सब-इंस्पेक्टर आईडी कार्ड,शर्ट,दो स्कूटी और तीन मोबाइल फोन जब्त किये हैं।

पुलिस आरोपियों के फोन नंबर व बैंक खातों की जांच करके पता करने की कोशिश कर रही है कि गैंग ने अभी तक कितने लोगों को अपना शिकार बनाया था। कितने ऐसे थे,जिन्होंने बदनामी के डर से पुलिस में शिकायत नहीं करवाकर गैंग द्वारा मांगी गई रकम को दिया था। पुलिस अधिकारियों ने बताया कि स्पेशल स्टॉफ को काफी समय से हनी ट्रैप गैंग के रोहिणी इलाके में सक्रिय होने की जानकारी मिली थी। ह्यूमैन सॉर्स की सहायता से पता चला कि विजय विहार के शमशान घाट रोड के पास गैंग के कुछ सदस्य कहीं पर जाएगें। एसीपी ईश्वर सिंह की देखरेख में इंस्पेक्टर अमित दहिया के निर्देशन में एसआई सुशील, एएसआई रूपेश, सुरेश, रविंदर, हेड कांस्टेबल राकेश, महिला हेड कांस्टेबल अनीता और कांस्टेबल विक्की को आरोपियों को पकडने का जिम्मा सौंपा गया। पुलिस टीम ने मौके पर घेरा. बंदी करके तीनों आरोपियों को दो स्कूटी के साथ गिरफ्तार किया। जिन्होंने दिल्ली पुलिस की वर्दी और ड्यूटी के बारे में कोई पुख्ता जानकारी नहीं दी। पूछताछ करने पर पता चला कि नीरज और योगेश हरियाणा में वारदातों में शामिल रहे हैं। नीरज दिल्ली में हनी ट्रैप मामले में गिरफ्तार भी हो चुका है। आरोपी सोशल मीडिया पर अमीर व अकेले रह रहे आदमियों को ज्यादातर टारगेट करते हैं। उनसे बातचीत करने के बाद उनके साथ अपनी ही गैंग की लड़की से बातचीत करवाते हैं। जब लडकी रूम में उसके साथ होती है। पहले लडकी धमकी देती है, फिर आरोपी फर्जी वर्दी पहनकर खुद को सब इंस्पेक्टर बताकर उससे रुपये ऐंठा करते हैं।

सफदरजंग में अस्पताल में आई फाइब्रो स्कैन मशीन

शाह टाइम्स संवाददाता

नई दिल्ली। देश में बढ़ते मोटापे की समस्या के साथ लिवर से जुड़ी परेशानी बढ़ रही है। इन समस्याओं को जल्द पकड़ने के लिए सफदरजंग अस्पताल में नई फाइब्रो स्कैन मशीन आई है। इस मशीन की मदद से फाइब्रोसिस और स्टेटोसिस की जांच आसान होगी। ये दोनों ही लिवर से संबंधित समस्याएं हैं। फाइब्रोसिस लिवर की वह स्थिति है जिसमें लिवर के ऊतकों में निशान बन जाते हैं। यह सामान्य रूप से पुरानी सूजन या संक्रमण (जैसे हेपेटाइटिस) के कारण होता है। इससे लिवर की कार्यक्षमता प्रभावित हो सकती है। अगर यह स्थिति बढ़ जाती है, तो यह लिवर सिरोसिस में बदल सकती है, जो एक गंभीर अवस्था है। वहीं स्टेटोसिस में लिवर में अधिक मात्रा में वसा जमा हो जाती है। यह वसा जमा होने की स्थिति लिवर की कार्यक्षमता को प्रभावित कर सकती है, लेकिन शुरुआती अवस्था में यह अक्सर कोई लक्षण नहीं दिखाती। यह अधिकतर मोटापे, डायबिटीज, या शराब के अत्यधिक सेवन के कारण होता है। अस्पताल में हर साल इन रोग के हजारों मरीज इलाज करवाने आते हैं। इन रोग का इलाज आसान बनाने के लिए इंडिया फाउंडेशन ने सीएसआर पहल के तहत अस्पताल को फाइब्रोस्कैन मशीन प्रदान की। इस दौरान इंडिया फाउंडेशन के कार्यक्रम निदेशक डॉ. उल्हास वासवे और सफदरजंग अस्पताल के चिकित्सा अधीक्षक डॉ. संदीप बंसल उपस्थित रहे। फाइब्रोस्कैन, लीवर फाइब्रोसिस और स्टेटोसिस का आकलन करने के लिए उपयोग की जाने वाली एक गैर-इनवेसिव तकनीक है।

शिक्षक की हैवानियत, नाबालिग छात्रा से कई बार किया दुष्कर्म

शाह टाइम्स संवाददाता

नई दिल्ली। सीआर पार्क थाना इलाके में एक नाबालिग लड़की के साथ तीन साल में कई बार बलात्कार करने के आरोप में उसके ट्यूशन शिक्षक अरनब को गिरफ्तार किया गया है। पुलिस ने बताया कि पश्चिम बंगाल के मूल निवासी शिक्षक ने कथित तौर पर लड़की को धमकी दी और ब्लैकमेल भी किया। दक्षिण जिला पुलिस उपायुक्त अंकित चौहान ने बताया कि छात्रा और उसके पिता ने बुधवार को शिकायत दर्ज कराई थी। जिसमें बताया गया कि वह २०२२ से आरोपी के यहां ट्यूशन पढ़ रही थी। इस दौरान शिक्षक ने कथित रूप से उसका मानसिक उत्पीड़न किया और कई बार बलात्कार किया।सीआर पार्क थाना पुलिस ने शिकायत के आधार पर भारतीय न्याय संहिता (बीएनएस) की धारा ६४ (दुष्कर्म) और पॉक्सो (यौन अपराधों से बच्चों का संरक्षण) अधिनियम के तहत मामला दर्ज किया है। पुलिस ने बताया कि आरोपी को बुधवार देर रात गिरफ्तार कर लिया गया था।

नकली क्रीम बनाने व प्रतिष्ठित ब्रांडों की पैकिंग करने वाली फैक्ट्री का भंडाफोड़, मालिक गिरफ्तार

शाह टाइम्स संवाददाता

नई दिल्ली। दिल्ली पुलिस की अपराध शाखा की एएनटी एफ ने नकली क्रीम बनाने और प्रतिष्ठित ब्रांडों की पैकेजिंग में पैकिंग करने वाली फैक्ट्री का भंडाफोड़ कर फैक्ट्री के मालिक को गिरफ्तार किया है।पुलिस ने उसके पास से ट्यूब फिलिंग मशीन, प्रेसिंग मशीन, मशीन के पुर्जे और वीट तथा लैक्मे उत्पादों से संबंधित अन्य पैकिंग सामग्री बनाने वाली यूनिट और तैयार उत्पाद जब्त किया है।

दिल्ली पुलिस अपराध शाखा पुलिस उपायुक्त अपूर्वा गुप्ता ने बताया कि मैसर्स स्पैन कंसल्टिंग सर्विसेज, द्वारका से नकली उत्पादों के कारोबार और निर्माण के बारे में प्राप्त सूचना के आधार पर एसीपी राज कुमार की देखरेख में, इंस्पेक्टर विकास पन्नू के नेतृत्व में एएसआई मुकेश, योगेंद्र, हेड कांस्टेबल अमित, अनुज, संजय, महिपाल, शरवन की टीम ,शिकायतकर्ता और जीएनसीटीडी के ड्रग इंस्पेक्टरों की सहायता से कमल विहार, बुराड़ी, स्थित घटनास्थल/परिसर पर पहुंची। उक्त परिसर में पहुंचने पर निर्माण इकाई के मालिक पवन कुमार (३३) को गिरफ्तार कर लिया गया। टीम द्वारा परिसर की गहन तलाशी लेने पर, उपर्युक्त परिसर से वीट प्योर हेयर रिमूवल क्रीम नामक उत्पाद की बिक्री, भंडारण, प्रदर्शन या वितरण के लिए सौंदर्य प्रसाधन निर्माण इकाई के संचालन के लिए मशीनरी/सामग्री वस्तुएँ बरामद की गई हैं।

पुलिस पूछताछ के दौरान आरोपी पवन कुमार ने बताया कि कोविड के बाद उसे कॉस्मेटिक उत्पादों के कारोबार में भारी घाटा हुआ था। इसके बाद उसे नामी कंपनियों के नकली सामान के बारे में पता चला। उसे पता चला कि नकली कॉस्मेटिक उत्पादों की बिक्री बहुत ज्यादा होती है। इसलिए उसने नकली कॉस्मेटिक उत्पादों की अपनी खुद की उत्पादन इकाई स्थापित करने का फैसला किया और बुराड़ी में किराए के परिसर में अपनी मौजूदा फैक्ट्री शुरू की। वह वीट हेयर रिमूविंग क्रीम तैयार करता था और सदर बाजार, में नकली वीट उत्पाद बेचता था।

बच्चों के आहार में प्रोटीन शामिल करने के प्रति किया जागरूक

नई दिल्ली। भारत में 80 प्रतिशत लोग में प्रोटीन की कमी से पीड़ित है। इस लिए दैनिक आहार में प्रोटीन के महत्व की जागरूकता बढ़ाने के उद्देश्य से प्रतिवर्ष राष्ट्रीय प्रोटीन दिवस का आयोजन किया जाता है। इसी उद्देश्य से एक मजबूत भारत का निर्माण करने की प्रतिबद्धता के साथ न्यूट्रेला ने अपने फ्लैगशिप अभियान इंडिया को स्ट्रांग बनाते हैं, न्यूट्रेला खाते हैं, का विस्तार किया है। न्यूट्रेला के इस अभियान का उद्देश्य लोगों के चेहरे पर मुस्कान लाना और देश में स्वास्थ्य व खुशी बढ़ाना है। न्यूट्रेला ने अपने इस अभियान के अंतर्गत स्वैच्छिक कार्यकर्ता संगठन रॉबिनहुड आर्मी के साथ साझेदारी की है, जो समाज के वंचित वर्गों को ताजा बना हुआ खाना वितरित करके उन्हें पोषण प्रदान करता है। टीम न्यूट्रेला ने कहा हमारा मानना है कि पोषण एक मजबूत व स्वस्थ भारत की रीढ़ है। राष्ट्रीय प्रोटीन दिवस के अवसर पर रॉबिनहुड आर्मी के साथ हमारी साझेदारी जरूरतमंदों तक प्रोटीन से भरपूर आहार पहुंचाने की ओर एक महत्वपूर्ण कदम है।

महर्षि दयानंद बोधोत्सव पर परिवार जोड़ो अभियान चलाया

नई दिल्ली। दिल्ली की समस्त आर्यसमाजों की ओर से शिवरात्रि पर महर्षि दयानन्द सरस्वती का बोधोत्सव पर्व आर्य समाज ग्रेटर कैलाश पार्ट-1 में धूमधाम से मनाया गया। जिसमें दिल्ली आर्य प्रति. निधि सभा के महामंत्री विनय आर्य ने आर्यजनों को आहवान किया कि वे नित्य कर्मों में युवाओं, विशेषकर बच्चों के चरित्र निर्माण, समुचित विकास के लिए कम से कम एक घण्टा समय अवश्य निकालें। इस अवसर पर दिल्ली आर्य प्रतिनिधि सभा के प्रधान धर्म पाल आर्य, आर्य केन्द्रीय सभा दिल्ली के प्रमुख सुरेन्द्र कुमार रैली, महासचिव आर्य सतीश चडडा, प्रान्तीय आर्य महिला समा की रचना आहूजा, आर्य समाज के प्रधान राजेन्द्र वर्मा, रविन्द्र ने भी महर्षि दयानन्द बोधोत्सव पर उनके सामाजिक चेतना, वेद प्रचार तथा समाज कल्याण के क्रान्तिकारी विचारों पर प्रेरक उद्बोधन दिये।

ई-वाहन ऋण व बंधक ऋण उत्पादों की पेशकश

नई दिल्ली। क्रेडिफिन (पहले पीएचएफ लीजिंग लिमिटेड), महाराष्ट्र और छत्तीसगढ़ में अपने परिचालन के विस्तार की घोषणाकी। कंपनी का मुख्यालय जलंधर में और कॉर्पोरेट कार्यालय दिल्ली- एनसीआर में है। रणनीतिक विस्तार से इसके व्यवसाय को काफी बढ़ावा मिलने की उम्मीद है, जिसमें नए स्थानों पर रु 200 करोड़ के भुगतान का लक्ष्य है। अपने विस्तार अभियान के तहत, क्रेडिफिन लिमिटेड इन राज्यों में प्रतिभाशाली मानव संसाधनों की सक्रिय रूप से भर्ती कर रहा है। क्रेडिफिन के सीईओ शल्य गुप्ता कहते हैं, महाराष्ट्र और छत्तीसगढ़ में हमारा विस्तार, साथ ही मध्य प्रदेश में मॉर्गेज लोन की शुरुआत, भारतीय वित्तीय सेवा बाजार में अग्रणी खिलाड़ी की हमारी यात्रा में एक महत्वपूर्ण मील का पत्थर है।

हाईवे रॉबरी का मामला सुलझाया, एक गिरफ्तार

शाह टाइम्स संवाददाता

नई दिल्ली। दिल्ली के उत्तरी जिला पुलिस के सिविल लाइन्स थाने के स्टाफ ने हाईवे रॉबरी का मामला सुलझाकर एक आरोपी को गिरफ्तार किया है।पुलिस ने उसके पास से लूटी गई रकम का कुछ हिस्सा ४,५००/- रुपये, आधार कार्ड वाला पर्स और कुछ दस्तावेज बरामद किए है। आरोपी

एक आदतन अपराधी है जो पहले भी दिल्ली के सिविल लाइन्स थाने में दर्ज लूट और चोरी के दो मामलों में शामिल रहा है। दिल्ली के उत्तरी जिला पुलिस उपायुक्त राजा बाठिया ने बताया कि २३ फरवरी की मध्य रात्रि को सिविल लाइन्स थाने में डीडी के माध्यम से एक पीसीआर कॉल प्राप्त हुई ।कॉल करने वाले ने बताया कि वह चिराग कार्गो एजेंसी में काम करने वाला ड्राइवर है। वह सीलमपुर में एक वेयरहाउस में माल की आपूर्ति करने के बाद आ रहा था। जब लगभग ०३:०० बजे, वह पुराने चंद्रावल नगर, सिविल लाइंस, , आउटर रिंग रोड के पास हनुमान मंदिर पर पहुंचा, तो उसने अपनी गाड़ी सड़क पर खड़ी की। इसी बीच, अचानक पीछे से दो अज्ञात व्यक्ति आए, उनमें से एक ने उसका गला दबाया और दूसरे व्यक्ति ने उसका मोबाइल फोन छीन लिया और उसके ट्रक से उसका पर्स जिसमें १३,१००/- रुपये, आधार कार्ड और अन्य दस्तावेज थे, छीन लिया और मौके से भाग गए।

इसके बाद सिविल लाइन्स थाने के तहत एक ऑनलाइन ई-एफआईआर दर्ज कर एसीपी सिविल लाइंस अनिल कुमार की देखरेख में एसएचओ सिविल लाइन्स हनुमंत सिंह के नेतृत्व में एसआई ललित कुमार ,नितिन शर्मा, हेड कांस्टेबल अनिल कुमार,विनीत, चेतराम, राजकमल और कांस्टेबल राकेश की टीम ने सीसीटीवी फुटेज के विश्लेषण के बाद पहाड़ी पार्क में छापेमारी कर आरोपी आकाश (३०) को पकड़ लिया।पुलिस ने उसके लास से लूटी गई ४,५०० रुपये की रकम का कुछ हिस्सा,आधार कार्ड और सामान का बिल भी बरामद किया है।

पूछताछ के दौरान, आरोपी ने अपने एक अन्य साथी गंजा के साथ मिलकर दिल्ली के मजनू का टीला, ओल्ड चंद्रावल नगर के पास हनुमान मंदिर में एक व्यक्ति से नकदी और कुछ अन्य दस्तावेजों से भरा पर्स लूटने में अपनी भूमिका कबूल की। घ्ष्उसने आगे खुलासा किया कि वह नशे का आदी है। लगातार पूछताछ करने पर, आरोपी व्यक्ति ने यह भी बताया कि उसने सिविल लाइंस के इलाके में चोरी और डकैती की कई वारदातों को अंजाम दिया है।

दिल्ली में कार चालक तोड़ते हैं सबसे अधिक ट्रैफिक नियम

नई दिल्ली। राष्ट्रीय राजधानी दिल्ली में ट्रैफिक नियमों का सबसे ज्यादा उल्लंघन कार चालक करते हैं। कार चालकों ने वर्ष २०२४ में अन्य वाहनों के मुकाबले ५४.४८ फीसदी सबसे ज्यादा ट्रैफिक नियम तोड़े हैं। ट्रैफिक नियमों को तोड़ने में दूसरे नंबर पर दोपहिया वाहन चालक हैं। अगर देखा जाए तो दोपहिया वाहनों व ई-रिक्शा चालकों के सबसे ज्यादा मौके पर चालान हुए हैं। वहीं कार चालकों के कैमरों से सबसे ज्यादा चालान हुए हैं। दिल्ली ट्रैफिक पुलिस के वाहनों के ट्रैफिक नियमों के तोड़ने को लेकर किए गए अध्ययन में ये आंकड़े सामने आए हैं।

दिल्ली ट्रैफिक पुलिस के अध्ययन में सामने आया है कि वर्ष २०२४ में ट्रैफिक नियमों को तोड़ने वाले कार चालकों के सबसे ज्यादा ३२२५७६९ चालान किए गए हैं। दूसरे नंबर पर दोपहिया वाहन चालक हैं। नियम तोड़ने पर २०८८०८९ दोपहिया वाहन चालकों के चालान किए गए हैं। दोपहिया चालकों के मुकाबले कार चालकों ने वर्ष २०२४ में ५४.४८ फीसदी ज्यादा ट्रैफिक नियम तोड़े हैं। वर्ष २०२४ में ट्रैफिक नियमों का सबसे ज्यादा पालन हल्के व्यवसायिक वाहन (एमजीवी) ने किया है। इस वर्ष सिर्फ २९०१० एमजीवी वाहनों का ही चालान किया गया। अगर चालान की श्रेणी के हिसाब से देखे तो दोपहिया वाहनों को सबसे ज्यादा मौके पर चालान किया गया। पिछले वर्ष ११८१०७० दोपहिया वाहनों को मौक पर और ९०१७१९ वाहनों का कैमरों से चालान किया गया। यानि दोपहिया वाहनों के कुल हुए चालान में से ४३.४३ फीसदी कैमरे से और ५६.४७ फीसदी चालान मौके पर किए गए हैं। कार चालाकों के कुल ३२२५७६९ हुए चालान में से ८७.२८ कैमरों से और १२.७२ फीसदी मौके पर किए गए हैं।

एक नजर

एजुकेशन सेक्टर में की नई शुरूआत

नई दिल्ली। एक्सपीरिएंटल एजुकेशन यानि अनुभवात्मक शिक्षा को प्रोत्साहित करने और इंडस्ट्री-एकेडमिक अंतर को दूर करने के मजबूत इरादे के साथ, कलाडियो ने आज भारत के एजुकेशन सेक्टर में अपनी नई शुरुआत की। आधिकारिक लॉन्च देश की राजधानी नई दिल्ली में प्रसिद्ध और सम्मानित मेहमानों की मौजूदगी में हुआ, जिसमें प्रमुख एजुकेटर्स, कानून निर्माता और प्रभावशाली लोग शामिल थे, जो भारत के शिक्षा क्षेत्र के लिए कलाडियो के दृष्टिकोण का समर्थन करने के लिए एक साथ आए थे। कलाडियो के फाउंडर और सफल समूह के थर्ड जेनरेशन आंत्रप्रिन्योर तन्ने जीत सिंह ने कहा कि ष्एक अत्यधिक कुशल और अनुभवी लीडरशिप टीम द्वारा समर्थित, कलाडियो का लक्ष्य स्टूडेंट्स के लर्निंग अनुभव को पूरी तरह से बदलना और बेहतर बनाना है। इस बदलाव के साथ उनको ग्लोबल सिटीजन और इंडस्ट्री लीडर बनने के लिए सशक्त बनाना है।

भगवान बाहुबली स्वामी का महामस्तकाभिषेक संपन्न

नई दिल्ली। श्री 108 प्रज्ञासागर जी मुनिराज की पावन सान्निध्य में द्वितीय महाविशेष महामस्तकाभिषेक महाकुंभ में भाग लेकर श्री भगवान बाहुबली स्वामी का अभिषेक का आयोजन श्री दिगंबर जैन मंदिर द्वारका समिति द्वारा सेक्टर 10, द्वारका, नई दिल्ली में भगवान बाहुबली महामस्तकाभिषेक महोत्सव समिति के तत्वावधान में संपन्न हुआ। इस अवसर पर सांसद मनोज तिवारी जी अपनी धर्मपत्नी सुरभि तिवारी , सांसद योगेंद्र चंदोलिया , आरएसएस संघ से डॉ. अनिल अग्रवाल , दयानंद जी, सांसद कमलजीत शेरावत और मनोज कुमार जैन (मनोनित निगम पार्षद, नगर निगम दिल्ली) भी उपस्थित रहे। सभी अतिथियों का प्रेसिडेंट शरद कसलीवाल द्वारा भव्य स्वागत एवं सम्मान किया गया।

सिकंदर का टीजर रिलीज

नई दिल्ली। आखिरकार सिकंदर का मच अवेटेड टीजर रिलीज हो चुका है, और ये बिल्कुल वैसा ही है जैसा फैंस उम्मीद कर रहे थे बल्कि सच कहा जाए तो उससे भी ज्यादा दमदार है। सलमान खान अपनी फुल फॉर्म में नजर आ रहे हैं, उनके साथ रश्मिका मंदाना की जोड़ी भी एकदम फ्रेश लग रही है। फिल्म को साजिद नाडियाडवाला ने प्रोड्यूस किया है और डायरेक्टर ए.आर. मुरुगादॉस ने इसे जबरदस्त अंदाज में पेश किया है।टीजर में एक्शन का तड़का, दमदार डायलॉग्स और इमोशंस की सही खुराक मिल रही है, जो फैंस को सीट से हिलने नहीं देगी। पहले ही सीन से सिकंदर आपको पकड़ लेता है। सलमान खान की दमदार स्क्रीन प्रेजेंस एक अलग ही लेवल पर है

डीयू का 1664.74 करोड़ का अनुमानित बजट पारित

शाह टाइम्स संवाददाता

नई दिल्ली। दिल्ली विश्वविद्यालय कार्यकारी परिषद (ईसी) की १२७४ वीं बैठक का आयोजन विश्वविद्यालय के कुलपति प्रो. योगेश सिंह की अध्यक्षता में हुआ। विश्वविद्यालय के कान्वेंशन हाल में आयोजित इस आपातिक बैठक के दौरान १२ फरवरी, २०२५ को आयोजित वित्त समिति बैठक में की गई सिफारिशों पर विचार के उपरांत उन्हें पारित किया गया। बैठक में वित्तीय वर्ष २०२५-२०२६ के लिये दिल्ली विश्वविद्यालय का १६६४.७४ करोड़ रुपए का अनुमानित बजट भी पारित किया गया। इसके साथ ही वित्तीय वर्ष २०२४-२५ के लिए ११९१.३३ करोड़ रुपए के संशोधित बजट अनुमान को भी पारित किया गया।इस अवसर पर डीयू के वित्त अधिकारी गिरीश रंजन ने वित्तीय वर्ष २०२३-२०२४ के लिए महानिदेशक लेखा परीक्षा (केंद्रीय व्यय) के कार्यालय द्वारा जारी पृथक लेखा परीक्षा रिपोर्ट (एसएआर) को ऑडिटिड एनुअल रिपोर्ट के साथ प्रस्तुत किया जिसे कार्यकारी परिषद ने स्वीकृति प्रदान कर दी।

कुलपति ने कहा कि यह रिपोर्ट विश्वविद्यालय के खातों को प्रतिबिंबित करने वाला एक दस्तावेज ही नहीं, बल्कि उच्च शिक्षा को आगे बढ़ाने में विश्वविद्यालय की अकाद. मिक प्रगति के लिए आवश्यक विभिन्न प्रासंगिक क्षेत्रों में विश्वविद्यालय द्वारा की गई शैक्षणिक गतिविधियों को दर्शाने वाला दस्तावेज भी है। बैठक के आरंभ में रजिस्ट्रार डॉ. विकास गुप्ता ने गत १७ जनवरी, २०२५ को आयोजित कार्यकारी परिषद की १२७३ वीं बैठक के मिनट्स और एक्शन टेकन रिपोर्ट प्रस्तुत की। वित्तीय वर्ष २०२५-२०२६ के लिये पारित बजट अनुमान के अनुसार सैलरी हैड में कुल ९२१.५८ करोड़ रुपए का बजट रखा गया है।

इसके अनुसार रेगुलर फैकल्टि सैलरी के तहत ३१०.४२ करोड़ और रेगुलर नॉन फैकल्टि सैलरी के लिये १२०.९३ करोड़ रुपए तथा अन्य विषयों जैसे कि लीव एनकैशमेंट, एलटीसी, चिलड्रन एजुकेशन एलाउंस, मेडिकल रिइमबर्समेंट और अन्य सेवानिवृति लाभ आदि के लिये १०९.४० करोड़ रुपए का प्रावधान रखा गया है। इसके अतिरिक्त शैक्षणिक और गैर शैक्षणिक रिक्त पदों के खर्च को भी बजट में शामिल किया गया है जिसके तहत ३८०.८३ करोड़ रुपए का अनुमान पेश किया गया है।

दिल्ली विश्वविद्यालय कार्यकारी परिषद (ईसी) की बैठक में कुलपति प्रो. योगेश सिंह।

भगवान भोलेनाथ जो कि अपने में देवाधिदेव है: मित्तल

शाह टाइम्स संवाददाता

नई दिल्ली। निगम बोध घाट पर आयोजित बहुत ही गरिमा पूर्ण शांत कार्यक्रम में संस्था के पदाधिकारी के अलावा मनीष मित्तल के परिवार के सदस्य मौजूद थे उन्होंने कहा कि संसार का सबसे बड़ा सत्य शमशान है जहां एक न एक दिन अपनी यात्रा पूरी करने के बाद सबको आना है शास्त्रों में कहा गया है कि यहां यदि आप ध्यान करो तो ज्ञान की प्राप्ति होती है और वही जीवन का सार है।

मनीष मित्तल ने कहा कि भगवान भोलेनाथ जो कि अपने में देवाधिदेव हैं जिनका कोई आदि अंत नहीं है और वह सब को देने वाले हैं और जल्द प्रसन्न होते हैं उनसे बड़ा संसार में कोई नहीं है जो बिना मांगे सब कुछ देता है मनीष मित्तल ने कहा बाबा की प्रेरणा से ही यह काम हुआ है और भोलेनाथ का आदि योगी स्वरूप देखने योग्य है। इस अवसर पर सुमन कुमार गुप्ता ने बताया,कि मानव जीवन के बाद उसके अंतिम स्थान श्मशान को भी महादेव के रमणीय स्थल के रूप में बनाने का सौभाग्य सभा को मिला है, जिसके चलते समय-समय पर यहां सनातन धर्म के विभिन्न देवताओं को यहां आरुढ किया गया है। इस अवसर पर भगवान शिव का गुणगान कर प्रसाद का भी वितरण किया गया।

'रिद्म ऑफ मार्बल' मूर्तिकार अमित सिंह द्वारा संगमरमर की मूर्तियों की एक भव्य एकल प्रदर्शनी में दर्शकों के आकर्षण का केंद्र बनी संगमरमर की मूर्ति, शिल्पकार अमित ५ साल के अंत. राल के पश्चात् अपना कलात्मक कार्य प्रदर्शित कर रहे हैं जहां उनकी मूर्तियों को सराहा जा रहा है।

अमेजन को 340 करोड़ हर्जाना देने का आदेश

नई दिल्ली। दिल्ली हाईकोर्ट ने बेवर्ली हिल्स पोलो क्लब ट्रेडमार्क उल्लंघन मामले में अमेजन को 3.9 करोड़ डॉलर यानी करीब 340 करोड़ रुपये का हर्जाना देने का आदेश दिया है। इस रकम का भुगतान लाइफ स्टाइल इक्विटीज को करना है।

पाकिस्तान से आए 400 अस्थि कलशों का सामूहिक पिंडदान

शाह टाइम्स संवाददाता

नई दिल्ली। पाकिस्तान के कराची शहर से आए ४०० हिन्दू सिख भाई-बहनों के अस्थि कलशों का बीते दिनों श्री पंचमुखी हनुमान मंदिर, सोल्जर बाजार, कराची, पाकिस्तान के महंत श्री रामनाथ मिश्रा जी महाराज के सानिध्य में कनखल के सतीघाट पर १०० दूध की धारा व वैदिक रीति से विसर्जन के बाद श्री देवोत्थान सेवा समिति (पंजी.)व पुण्यदाई सेवा समिति न्यास के संयुक्त तत्वावधान में हरिद्वार की हर की पौड़ी पर अमावस्या के दिन इन सभी हुतात्माओ के निमित्त श्राद्ध तर्पण हवन यज्ञ नारायणबलि, पांचों वस्त्र पितृदेवो के नाम के साथ सामूहिक पिंडदान किया गया। गद्दी नंबर १० के पुरोहित पंडित हिमांशु शर्मा ने विधि विधान से इस कार्य को संपन्न कराया। कार्यक्रम में इस पूरे कार्य को संचालित कर रहे राष्ट्रीय अध्यक्ष अनिल नरेन्द्र,राष्ट्रीय महामंत्री एवं यात्रा संयोजक विजय शर्मा, संगठन मंत्री दीपक गुप्ता,योगेन्द्र सिंह मान, नितिन शर्मा, आशीष कश्यप,नमन शर्मा, सुनयना सिंह, रवीन्द्र गोयल,बी.के.मेहता, अवनीश गोयल, आनंद प्रकाश टुटेजा आदि ने कार्य संपूर्ण कराने में योगदान दिया।

भारत माँ के चार सिपाही हिन्दू मुस्लिम सिख ईसाई देश को मज़बूत बनाना है तो भाईचारा मज़बूत बनाएं

फैसल कुरैशी

भाई मेहरबान

अध्यक्ष: भाईचारा समिति दिल्लीप्रदेश 9810024415

जीडीए ने अवैध रूप से विकसित हो रही

कॉलोनियों और निर्माणों पर चलाया बुल्डोजर

गाजियाबाद। गाजियाबाद विकास प्राधिकरण ने अवैध कॉलोनियों और निर्माण के खिलाफ सख्त रुख दिखाया है। इस कदम के तहत जीडीए ने अवैध रूप से विकसित हो रही कालोनियों और निर्माणों को ध्वस्त करने के लिए बुलडोजर का इस्तेमाल किया।

दरअसल, गाजियाबाद विकास प्राधिकरण को कई दिनों से अटौर इलाके में अवैध रूप से विकसित हो रही कालोनियों के बारे में सूचना मिल रही थी।

सूचना के आधार पर मौके पर पहुंची प्रवर्तन जोन 1 की टीम ने अवैध निर्माण की सूचना को सही पाया जिसके बाद ध्वस्तीकरण की कार्यवाही को अंजाम दिया गया। ये अवैध निर्माण बड़े पैमाने पर किया जा रहा था जब इसकी पैमाईश की गई तो पता चला कि 6 बीघे में इस अवैध कालोनी को बनाया जा रहा था जिसके बाद गाजियाबाद विकास प्राधिकरण ने बुलडोजर की सहायता से ध्वस्तीकरण की कार्यवाही को अंजाम दिया।

गाजियाबाद विकास प्राधिकरण ने 6 बीघे में फैले निर्माण को ध्वस्त किया है जिसमें बाउंड्री वॉल, सड़क, विद्युत पोल, साईट ऑफिस शामिल हैं। दीपक और जोगिंदर चौधरी नामक व्यक्ति इस जमीन पर अवैध कालोनी विकसित कर रहे थे...जिसकी शिकायत कई बार गाजियाबाद विकास प्राधिकरण को की गई।

दरअसल इस पूरे ध्वस्तीकरण के दौरान प्राधिकरण के अधिशासी अभियन्ता, सहायक अभियन्ता, अपर अभियन्ता, एवं समस्त सुपरवाइजर, स्थानीय पुलिस बल, प्राधिकरण पुलिस बल मौजूद रहे।

26 साल बाद न्यायालय ने किया दोषमुक्त

शाह टाइम्स संवाददाता

गाजियाबाद। न्यायालय अपर सत्र न्यायाधीश कोर्ट सं- 6, पीठासीन न्यायाधीश इंदु द्विवेदी ने 26 साल पुराने मुकदमे में अपील पर फैसला सुनाते हुए अपीलार्थी को दोषमुक्त करते हुए बरी कर दिया है आपको बता देगी राजेंद्र कुमार पुत्र श्यामलाल व अन्य सहअभियुक्त के विरुद्ध एक मुकदमा धारा 420, 467, 468, 471 भारतीय दंड संहिता के अंतर्गत थाना हापुड़ देहात पर दर्ज किया गया था। जिसमें से सहअभियुक्त को मजिस्ट्रेट न्यायालय हापुड़ द्वारा बरी कर दिया गया था। किन्तु अपीलार्थी को धारा 420, 467, 468, 471 भारतीय दंड संहिता में दोषी ठहराते हुए क्रमशः 3 वर्ष कठोर कारावास व 2000 रुपए जुर्माना, 4 वर्ष कठोर कारावास में 2000 रुपए जुर्माना, 3 वर्ष कठोर कारावास में 2000 रुपये जुर्माना व 4 वर्ष कठोर कारावास 2000 रुपये जुर्माना की सजा सुनाई थी। जिसके विरुद्ध अपीलार्थी द्वारा वर्ष 2011 में सत्र न्यायालय गाजियाबाद के समक्ष अपील योजित की थी।

जिसमें सुनवाई के दौरान अपीलार्थी की ओर से नियुक्त अधिवक्ता अनुज कुमार शर्मा द्वारा प्रस्तुत की गई दलीलों के आधार पर सहअभियुक्त के कथनों के आधार पर अपीलार्थी को सजा सुनाई गई थी जबकि विवेचक द्वारा अपनी विवेचना में सह अभियुक्त का कोई बयान अंकित नहीं किया था और नहीं विवेचना भी यह स्पष्ट हुआ था कि फर्जी दस्तावेज किसने बनाकर असल के रूप में प्रयोग किए थे आगे कहा गया की अपीलार्थी को झूठा फसाया गया है। न्यायालय द्वारा अन्य पक्षों को सुनने के बाद अपीलार्थी को दोषमुक्त कर दिया है।

इनरव्हील क्लब एवं गिन्नी देवी महाविद्यालय के शारीरिक शिक्षा विभाग ने किया संगोष्ठी का आयोजन

शाह टाइम्स संवाददाता

मोदीनगर। गुरुवार को गिन्नी देवी महाविद्यालय में इनरव्हील क्लब मोदीनगर एवं शारीरिक शिक्षा विभाग के संयुक्त तत्वाधान में सरवइकल कैंसर पर छात्राएं को जागरूक करने के लिए संगोष्ठी का आयोजन किया गया। कार्यक्रम का शुभारंभ क्लब प्रेसिडेंट आशा बंसल, डॉ0 शताक्षी गर्ग, डॉ0 रीता बक्शी, प्राचार्य डॉ0 पूनम शर्मा, सेक्रेटरी अनीता रानी के द्वारा दीप प्रज्वलित करके किया गया। कार्यक्रम की अध्यक्षता डॉ0 सरिता जैन के द्वारा की गई। डॉ0 शताक्षी गर्ग ने समस्त छात्राओं एवं स्टाफ को सरवइकल कैंसर से होने वाली हानियों एवं उनकी रोकथाम के बारे में जागरूक किया। छात्राओं को सैनिटरी नैपकिन वितरित किए। कार्यक्रम को सफल बनाने में स्तुति गुप्ता, प्रतिभा गांधी, उर्मिला गुप्ता, शालू तिवारी, मंजू कन्नौजिया, खुशबू, गार्गी, गीता त्यागी, यास्मीन खान का विशेष सहयोग रहा।

छात्रों ने किया कॉलेज कैंपस के दौर

शाह टाइम्स संवाददाता

मोदीनगर। डॉक्टर के एन मोदी साइंस एंड कॉमर्स कॉलेज के छात्रों नेएच आर आइ टी दुहाई कंपस मे राइज इन इंडिया 2025 मेगा एग्जिबिशन का शैक्षिक दौरा किया। डॉक्टर के एन मोदी साइंस एंड कॉमर्स कॉलेज मोदीनगर गाजियाबाद के अध्यापक राजीव वर्मा राहुल त्यागी मनोज कसाना, तरुण कौशिक और कक्षा 11 के 160 छात्रों ने इंजीनियरिंग कॉलेज में लगी प्रदर्शनी का दौरा किया जिसमें उन्होंने बहुत सारी कंपनी की प्रोडक्ट्स के बारे में जानकारी ली उसमें इसरो की कंपनी थी जिसमें जीएसएलवी और चंद्रयान 4का प्रक्षेपण यान का डेमो बना हुआ था उसके बारे में जानकारी प्राप्त करी दूसरी कंपनी एनटीपीसी में भी बच्चों ने न्यूक्लियर पावर स्टेशन के बारे में जानकारी प्राप्त करें कि न्यूक्लियर फ्यूजन कैसे होता है और कैसे एनर्जी का सदुपयोग करते हैं उसके बाद उन्होंने आयुष मंत्रालय भारत सरकार द्वारा आयुर्वेद यूनानी होम्योपैथिक दवाइयां का कैसे प्रचार हो रहा है और किस तरह से सदुपयोग हो रहा है।

किस तरह के प्लांट इसमें हेल्प कर रहे हैं उनके बारे में विस्तार से जानकारी प्राप्त की और यह प्रधानमंत्री जी का मिशन भी है कि भारत हर्बल पौधों का खजाना है यह एक तरह से हमारा हरा सोना है छात्रों ने अपना चेकअप भी कराया और डॉक्टर से मेडिसिन भी ली इसके बाद बच्चों ने केंद्रीय रेशम बोर्ड में जाकर देखा कि कैटरपिलर से किस प्रकार से रेशम बनाया जाता है वह कीड़े जिसे कोकून कहते हैं से रेशम के धागे बनाए जाते हैं।

रेशम की किट की लार ग्रंथियां से एक लंबे धागे का बनता है जिसे वायु के संपर्क में आने पर वह धागे में बदल जाता है और वह चमकदार वह मजबूत होता है इस प्रकार अन्य बहुत सारी कंपनियों जैसे भारतीय मानक ब्यूरो में भी बच्चों ने बहुत सारी स्टैंडर्ड के बारे में जाना और फर्टिलाइजर कंपनियों में भी उन्होंने बहुत सारे फर्टिलाइजर नेचुरल तरीके से कैसे बनाए जाते हैं उनके बारे में जाना कि घर में हम कैसे सब्जियां भी उग सकते हैं फ्रूट्स भी उग सकते है। छात्रों को क्ष। किट भी दी गई जिसमें लार में डीएनए का पता कैसे लगाया जा सकता है उसमें सब आवश्यक सामग्री उपस्थित।

इस प्रकार और भी बहुत सारी कंपनी वहां पर आई थी जैसे KRIBHCO ,Gem, ministry of tourism, NIELIT आदि बहुत सारी कंपनियों के मॉडल प्रस्तुत हुए जिसका छात्रों ने बहुत गहनता से अध्ययन किया । विद्यालय के प्रधानाचार्य डॉक्टर सतीश चंद्र अग्रवाल ने बताया कि छात्रों को इस प्रकार के शैक्षिक टूर से विभिन्न जानकारियां प्राप्त होती है। हमारा विद्यालय वर्ष भर में इस प्रकार के अनेक टूर बच्चों में प्रत्येक फील्ड की ज्ञान और जानकारी प्राप्त करने के लिए समय-समय पर दोरे कराए जाते रहे हैंरसायन विज्ञान प्रवक्ता राजीव वर्मा ने बताया कि इस प्रदर्शनी में से बच्चों को आगे बढ़ाने के लिए बहुत अच्छे रास्ते खुलेंगे और बच्चे ट्वेल्थ के बाद उत्कर्ष कंपनियों में जाने के रास्ते की जानकारी प्राप्त की।

क्योंकि उन्होंने सभी मंत्रालय से सभी अधिकारियों के फोन नंबर भी नोट करें शिव ने भविष्य में जानकारी प्राप्त करने के पुनः मौके प्राप्त होंगे इस टूर को सफल बनाने में राजकुमार सिंह संजीव कुमार ,राजीव जांगिड़ प्रवीण जैनर आदि का सहयोग सराहनीय रहे।

प्रजापिता ब्रह्माकुमारीज ईश्वरीय विश्वविद्यालय में मनाया गया महाशिवरात्रि का पर्व

गाजियाबाद। लोहिया नगर से शिवरात्रि उत्सव की खबर सामने आई हैं। प्रजा. पिता ब्रह्माकुमारीज ईश्वरीय विश्वविद्यालय के लोहिया नगर एवं कैलाशपुरम सेवा केंद्र द्वारा महाशिवरात्रि पर्व बड़े ही उमंग और उत्साह के साथ मनाया गया। इस अवसर पर भव्य शिव ध्वजारोहण किया गया, जिसमें लोहिया नगर सेवा केंद्र की मुख्य प्रशासिकाएं ने भाग लिया।

ध्वजारोहण के दौरान सैकड़ों श्रद्धालुओं ने आध्यात्मिक संकल्प लिए, जिनमें परमात्मा के स्नेह में समाहित रहना,हर परिस्थिति में अडिग एवं शांत रहना,मधुर और सम्मानजनक व्यवहार करना आदि शामिल थे। बीके विमला ने शिवरात्रि के आध्यात्मिक अर्थ को समझाते हुए कहा कि शिव के साथ 'रात्रि' शब्द इसलिए जुड़ा है क्योंकि यह कोई एक रात की बात नहीं, बल्कि तब की बात है जब संसार में अज्ञानता का अंधकार गहरा जाता है, दुख और अशांति बढ़ जाती है, और मनुष्य मानसिक एवं शारीरिक रूप से कमजोर हो जाता है। ऐसे समय में परमात्मा शिव दिव्य अवतरण करके सत्य ज्ञान प्रदान करते हैं, जिससे मानवता को शांति और सुख की प्राप्ति होती है।

दिव्य ज्योति जाग्रति संस्थान ने मनाया गया महाशिवरात्रि पर्व

शाह टाइम्स संवाददाता

गाजियाबाद। दिव्य ज्योति जाग्रति संस्थान के संस्थापक एवं संचालक दिव्य गुरु आशुतोष महाराज की कृपा के द्वारा महाशिवरात्रि के पावन अवसर पर विशेष सत्संग कार्यक्रम एवं अखण्ड साधना शिविर का आयोजन किया गया।

इस अखण्ड साधना शिविर में अनेक श्रद्धालुओं ने बढ़-चढ़कर भाग लिया और भगवान शिव के सिद्धांतों को अपने जीवन में धारण करते हुए, ब्रह्मज्ञान आधारित ध्यान-साधना के माध्यम से शिवत्व की ओर अपने कदम आगे बढ़ाए।

भजन संकीर्तन एवं सत्संग कार्यक्रम का प्रारंभ इस महापर्व की महिमा को मनाते हुए भगवान शिव के भजनों के माध्यम से किया गया, जिसका आनंद सभी भक्तों ने लिया। साथ ही भगवान शिव के श्रृंगार का आध्यात्मिक महत्व सभी भक्तों को समझाया गया।

माँ पार्वती द्वारा ज्ञान की खोज और भगवान शिव द्वारा उन्हें ब्रह्मज्ञान प्रदान करने का प्रेरणादायक दृष्टान्त भी प्रस्तुत किया गया, जो हम सभी के लिए प्रेरणा है कि यदि हमें भगवान शिव को तत्व रूप में जानना है, तो हमें पूर्ण सद्गुरु की शरण में जाकर उस तत्वज्ञान को प्राप्त करने की आवश्यकता है।

भक्ति-रचनाओं, साधना और ज्ञानवर्धक विचारों के माध्यम से सभी ने आत्मिक शांति और दिव्यता का अनुभव किया। कार्यक्रम का समापन प्रसाद वितरण के साथ किया गया। इस विशेष अवसर पर आयोजित यह कार्यक्रम न केवल भक्तों के लिए आध्यात्मिक उन्नति का अवसर था, बल्कि यह समाज में शांति, प्रेम और सद्भाव का द्योतक भी है।

महाशिवरात्रि पर्व पर विशाल भंडारे का आयोजन

हजारों भक्तों ने ग्रहण किया प्रसाद

शाह टाइम्स संवाददाता

गाजियाबाद। गोविंदपुरम बाबा मार्केट विश्व ब्रह्मऋषि ब्राह्मण महासभा के तत्वाधान में विशाल भंडारे का आयोजन किया गया। विशाल भंडारे का शुभारंभ राज्यसभा सांसद डॉ अनिल अग्रवाल, शहर विधायक संजीव शर्मा, विश्व ब्रह्मऋषि ब्राह्मण महासभा के पीठाधीश्वर ब्रह्मऋषि विभूति बीके शर्मा हनुमान के कर कमल द्वारा विशाल भंडारे का शुभारंभ किया गया। जिसमें शहर की गणमान्य महान वरिष्ठ समाज सेवायो विभूतियों ने आकर बाबा का प्रसाद ग्रहण किया प्रसाद में कुट्टू की पकौड़ी, दही आलू, भंडारे में शुद्ध देसी घी और ड्राई फ्रूट से बनी खीर, ठंडाई की उत्तम व्यवस्था की गई थी।

इस अवसर पर बाबा की संगीतमय गीतों का रसपान सभी आए हुए भक्तों ने लिया जिसमें प्रमुख रूप से मेरा भोला है भंडारी ; कपूर गौरम करुणावतारं संसारसारं ओम नमः शिवाय भजनों का आनंद लिया। विशाल भंडारे में आए हुए सभी गणमान्य अतिथियों एवं समाजसेवियों का विश्व ब्रह्मऋषि ब्राह्मण महासभा के जिला अध्यक्ष अंकित शर्मा द्वारा पगड़ी, अंगवस्त्र पहना करके स्वागत किया गया विशाल भंडारे की प्रेरणा स्रोत ब्रह्मलीन किशन स्वरूप शर्मा द्वारा प्रेरित था विशाल भंडारे में आए हुए सभी सज्जनों का पंडित सुनील शर्मा पंडित राजेश शर्मा धर्म प्रचारकों ने आभार व्यक्त किया।

इस मौके पर विश्व ब्रह्मऋषि ब्राह्मण महासभा के संस्थापक उपाध्यक्ष पंडित आरसी शर्मा, कोषाध्यक्ष लोकेश कौशिक, राष्ट्रीय संयोजक अशोक भारतीय, व्यापारी नेता बालकिशन बालू, भाजपा नेता प्रदीप चौधरी,आरपी शर्मा, वरिष्ठ समाज सेवी छोटेलाल कनौजिया, समाजसेवी राजीव राज त्यागी,डॉक्टर मिलन मंडल, प्रशांत शर्मा, सुमित शर्मा, संचित शर्मा, अतुल गोयल, ललित भारद्वाज, गौरव शर्मा, सोनू मित्तल आदि उपस्थित रहे।

सुभाषवादी भारतीय समाजवादी पार्टी ने शहीद चंद्रशेखर यादव को दी श्रद्धांजलि

शाह टाइम्स संवाददाता

गाजियाबाद। सुभाषवादी भारतीय समाजवादी पार्टी (सुभास पार्टी) के राष्ट्रीय कार्यालय पर अमर शहीद चंद्रशेखर आजाद जी के 95वे शहीदी दिवस पर श्रद्धांजलि अर्पित की। ज्ञात रहे कि इलाहाबाद के अल्फ्रेड पार्क वर्तमान चंद्रशेखर आजाद पार्क में भारत माता की आजादी के लिए अंग्रेजों से लड़ते हुए महान क्रांतिकारी अमर शहीद चंद्रशेखर आजाद शहीद हो गये थे।

सुभाषवादी भारतीय समा. जवादी पार्टी के कार्यालय पर आयोजित चंद्रशेखर आजाद श्रद्धांजलि सभा में श्रद्धांजलि देते हुए सुभाषवादी भारतीय समाजवादी पार्टी के संस्थापक सतेंद्र यादव ने शहीद चन्द्रशेखर आजाद जी के चित्र पर पुष्प अर्पित करते हुए कहा चन्द्रशेखर आजाद जी के देश के प्रति जो विचार थे।

उन्हें युवाओं को अपनाना चाहिए और अपने देश को विकास के पथ पर आगे बढ़ाना चाहिए आजाद जी के विचार और उनके जीवन से प्रेरणा लेकर ही हम सच्चे राष्ट्रवादी देशभक्त बन सकते हैं वरना आज के समय देश में नकली राष्ट्रवादियों की भरमार है जिन्होंने अपने जीवन में आज तक देश को आजाद कराने के लिए एक भी कार्य नहीं किया था। श्रद्धांजलि सभा में श्रद्धांजलि देते हुए सुभाषवादी भारतीय समाजवादी पार्टी के वक्ता विनोद अकेला ने कहा चंद्रशेखर आजाद आजाद थे आजाद रहे और आजाद ही रहेंगे।

बाल काल में ही आजादी के प्रति उनके जुनून ने युवाओं में भारत माता को आजाद करने के लिए नया जोश भर दिया था चंद्रशेखर आजाद का केवल और केवल एक मात्र उद्देश्य था कि भारत माता को अंग्रेजों की दासता से मुक्त कराना और अंत तक वह अपने उद्देश्य को प्राप्त करने में लगे रहे उनका नाम सुनते ही बड़े बड़े अंग्रेज अफसर अपने घरों के अंदर बैठे-बैठे थर्रा जाते थे।

श्रद्धांजलि देते हुए अनिल सिन्हा ने कहा कुछ वे लोग जिनका आजादी की लड़ाई में कोई योगदान नहीं था और आज सत्ता में बैठे हैं वे लोग देश के अनेक स्वतंत्रता सेनानियों और क्रांतिकार में भेद करके अपनी स्वतंत्रता आंदोलन में शामिल नहीं होने की कायरता को छुपा रहे हैं।

इस अवसरों पर मुख्य रूप से अनुपम अग्रवाल रोहित रिंकू अक्षय दीपक हरीश प्रिंस विकास नवीन नसरुद्दीन जगदीश गोयल इरशाद बेग, राजेश कुमार कप्तान गोपाल सिंह, डॉ राजीव श्रीवास्तव, राम नरेश ठाकुर, धीरेन्द्र भदौरिया, कमल यादव, पन्ना लाल, संजय श्रीवास्तव, शैलेन्द्र श्रीवास्तव, राजेंद्र यादव, गोपाल सैंकड़ों मुख्य रूप से उपस्थित रहे।

सड़क हादसे में तीन कांवड़ियों की मौत दो की हालत गंभीर

गाजियाबाद। दिल्ली- मेरठ एक्सप्रेसवे पर उस वक्त हड़कंप मच गया जब यहां सड़क हादसे में हरिद्वार से कांवड़ लेकर लौट रहे पांच शिवभक्तों को तेज रफ्तार टाटा हैरियर ने टक्कर मार दी। टक्कर इतनी भीषण थी कि हादसे में तीन कांवड़ियों की मौत हो गई। जबकि दो अन्य घायलों की स्थिति नाजुक बनी हुई है। जिनका इलाज अस्पताल में चल रहा है। घटना मंगलवार रात लगभग एक बजे भोजपुर थाना क्षेत्र की है। मृतकों की पहचान फरीदाबाद निवासी देवेंद्र, हरेंद्र और अजय के रूप में हुई है।

घायल सुनील और सुंदर का अस्पताल में इलाज चल रहा है। मामले में जानकारी देते हुए फरीदाबाद के गांव महमूदपुर निवासी राहुल ने पुलिस को बताया कि वह अपने साथियों के साथ हरिद्वार से कांवड़ लेकर लौट रहे थे। एक बाइक पर देवेंद्र, हरेंद्र और अजय थे। जबकि दूसरी पर सुनील और सुंदर सवार थे। दोनों बाइक कांवड़ का इंतजार करने के लिए सड़क किनारे रुकी थी इस बीच एक तेज रफ्तार टाटा हैरियर ने कई वाहनों को ओवरटेक करते हुए दोनों बाइक को टक्कर मार दी। सभी घायलों को मणिपाल अस्पताल ले जाया गया। वहां तीन को मृत घोषित कर दिया गया।

एचएलएम कॉलेज में किया गया रक्तदान शिविर का आयोजन

शाह टाइम्स संवाददाता

मुरादनगर। दिल्ली मेरठ रोड स्थित एचएलएम कॉलेज में रोटरी क्लब ऑफ गाजियाबाद नार्थ के द्वारा रक्तदान शिविर का आयोजन किया गया। ये रक्तदान शिविर वरदान मल्टीस्पेशिल्टी के ब्लड बैंक द्वारा लगाया गया। रोटरी क्लब के तरफ से सचिन गुप्ता, सी ए प्रमोद गुप्ता, मोहित गुप्ता, शिसिर अग्रवाल एव पीयुष गुप्ता उपस्तिथ रहे। वरदान हॉस्पिटल की तरफ से विक्रांत सिंह व उनकी पूरी टीम मौजूद रही। इस कैंप में एचएलएम कॉलेज के छात्र व स्टाफ ने बढ़चढ़ का अपना योगदान दिया।

एचएलएम नर्सिंग कॉलेज की और से प्रिंसिपल डॉ रचना गुप्ता व डीन अकैडमिक मोहित जिंदल उपस्तिथ रहे। एचएलएम ग्रुप के निदेशक डॉ अनुज अग्रवाल एव सहायक निदेशक डॉ धीरज शर्मा ने अपने छात्रों को धन्यवाद ज्ञापन किया। सहायक निदेशक डॉ धीरज शर्मा ने बताया कि 'तुम्हारे रक्त की एक बूंद किसी और के लिए जीवन की एक बूंद हो सकती है' उन्होंने कहा एचएलएम संस्थान समय - समय पर ऐसे शिविर कैंप का आयोजन कराता रहता है। एचएलएम कॉलेज शिक्षा के साथ साथ सामाजिक कार्यों में योगदान देते रहेंगे आगे आँखों के शिविर का आयोजन भी कराया जाएगा।

पंडित संजय शर्मा बने सर्व समाज एकता संघ के राष्ट्रीय उपाध्यक्ष

गाजियाबाद। सर्व समाज एकता संघ के राष्ट्रीय अध्यक्ष आयुष कौशिक एडवोकेट के द्वारा पंडित संजय शर्मा को राष्ट्रीय उपाध्यक्ष मनोनीत किया गया। इस अवसर पर पंडित संजय शर्मा ने कहा कि संगठन के द्वारा जो भी जिम्मेदारी उन्हें दी गई है वे उसका पूर्ण निष्ठा व ईमानदारी से निर्वाहन करेंगे तथा संघठन को आगे ले जाने का कार्य करेंगे।

वैशाली इलाके में अवैध देह व्यापार का भंडाफोड़, महिला संचालिका गिरफ्तार

गाजियाबाद। जिले के वैशाली इलाके में पुलिस ने एक बड़े अवैध देह व्यापार रैकेट का भंडाफोड़ किया है। पुलिस ने एक छापेमारी के दौरान सेक्स रैकेट का पर्दाफाश किया और एक महिला संचालिका को गिरफ्तार किया। यह रैकेट काफी समय से इलाके में चल रहा था और वहां पर कई महिलाओं को जबरन या प्रलोभन देकर इस अवैध गतिविधि में शामिल किया जा रहा था। जिले के वैशाली इलाके में चल रहे अवैध देह व्यापार का पुलिस ने भंडाफोड़ किया है। थाना कौशाम्बी क्षेत्र के अटलांटिक प्लाजा सेक्टर 4 स्थित एक फ्लैट में यह अवैध धंधा चल रहा था। ममाले में जानकारी देते हुए डीसीपी ट्रांस हिंडन निमिष पाटिल ने बताया कि पुलिस को सूचना मिली थी कि कौशांबी इलाके में अवैध देह व्यापार चल रहा है। सूचना मिलने के बाद एसीपी इंदिरापुरम अभिषेक श्रीवास्तव के नेतृत्व में पुलिस टीम ने कार्रवाई की। छापेमारी के दौरान दिल्ली की एक महिला संचालिका को गिरफ्तार किया गया है। जिससे पूछताछ की जा रही है। पुलिस का कहना है कि मौके से तीन महिलाओं को मुक्त कराया गया है। जिन्होंने बताया कि संचालिका उन्हें नौकरी और पैसों का लालच देकर इस धंधे में लाती थी। वह ग्राहकों से ज्यादा पैसे लेती थी, लेकिन महिलाओं को बहुत कम हिस्सा देती थी। फिलहाल, पुलिस ने मामला दर्ज कर महिला आरोपी को जेल भेज दिया है।

आईटीएस फिजियोथेरेपी कॉलेज में किया गया

डॉ. अखिलेश यादव ने किया अतिथि व्याख्यान आयोजित

> उनकी गहन समझ और स्पष्ट व्याख्या से छात्रों को अत्याधिक लाभ प्राप्त हुआ

शाह टाइम्स संवाददाता

मुरादनगर। आईटीएस फिजियोथेरेपी कालेज में मैक्स सुपर स्पेशलिटी हॉस्पिटल, वैशाली के एसोसिएट डायरेक्टर, ऑर्थोपेडिक एवं जॉइंट रिप्लेसमेंट, डॉ अखिलेश यादव द्वारा एक विशेष अतिथि व्याख्यान का आयोजन किया गया। सत्र की शुरुआत आईटीएस - दी एजूकेशन ग्रुप के वाईस चेयरमैन अर्पित चड्ढा के द्वारा डॉ. अखिलेश यादव के स्वागत के साथ हुई। आईटीएस फिजियोथेरेपी कालेज के प्रधानाचार्य डॉ. एम. थंगराज ने सभी अतिथियों एवं छात्रों को ज्ञानवर्धक एवं प्रेरणादायक विचारों से संबोधित किया। डॉ. अखिलेश यादव ने ऑर्थोपेडिक और जॉइंट रिप्लेसमेंट से संबंधित महत्वपूर्ण विषयों पर एक विस्तृत और जानकारीपूर्ण व्याख्यान प्रस्तुत किया। उन्होंने आधुनिक चिकित्सा तकनीकी, नवीनतम शोध, और ऑर्थोपेडिक्स के क्षेत्र में हो रहे विकास के बारे में छात्रों को जागरूक किया।

व्याख्यान के दौरान डॉ यादव ने न केवल अपना बहुमूल्य ज्ञान साझा किया, बल्कि छात्रों की जिज्ञासाओं का उत्साहपूर्वक समाधान भी किया। उनकी गहन समझ और स्पष्ट व्याख्या से छात्रों को अत्याधिक लाभ प्राप्त हुआ। इस सफल आयोजन ने छात्रों को चिकित्सा क्षेत्र की आधुनिक अवधारणाओं को समझने का सुनहरा अवसर प्रदान किया और उन्हें अपने करियर में उत्कृष्टता प्राप्त करने के लिए प्रेरित किया।

आई.टी.एस फिजियोथेरेपी के छात्रों ने आई.टी.एस - दी एजूकेशन ग्रुप के चेयरमैन डॉ आर.पी चड्ढा एवं वाईस चेयरमैन, अर्पित चड्ढा का आभार व्यक्त किया, उन्होंने हमेशा ऐसे ज्ञानवर्धक सत्रों के आयोजन के लिए प्रेरित किया। छात्रों ने संस्थान के सतत प्रयासों की सराहना करते हुए, भविष्य में भी ऐसे शैक्षणिक कार्यक्रमों के आयोजन की आशा व्यक्त की।

खोया - पाया

मेरी यू.पी बोर्ड इंटरमीडिएट की मूल अंकतालिका जिसका अनुक्रमांक 0379095 वर्ष 2012 वास्तव में कही खो गई है। इसका प्रयोग अन्य के लिए अवैध होगा। मिलने पर सूचित करें। किशनदत्त पुत्र नानक चंद निवासी- सी- 500 राजीव कॉलोनी मोहन नगर गाजियाबाद उत्तर प्रदेश।

भाजपा विधायकों के क्षेत्रों में क्यों नहीं लगे सीसीटीवी कैमरे, होगी जांच

नई दिल्ली। दिल्ली के पीडब्ल्यूडी (लोक निर्माण मंत्री) प्रवेश साहिब सिंह ने घोषणा की कि पिछली आप सरकार के दौरान भाजपा विधायकों के आठ निर्वाचन क्षेत्रों में सीसीटीवी कैमरे क्यों नहीं लगाए गए, इसकी जांच की जाएगी। दिल्ली विधानसभा में इस मुद्दे पर संबोधित करते हुए वर्मा ने कहा कि इन निर्वाचन क्षेत्रों में सीसीटीवी कैमरे लगाना अब प्राथमिकता होगी। उन्होंने सदन को आश्वासन दिया कि राजनीतिक पूर्वाग्रह के कारण सुरक्षा उपायों से समझौता न हो, यह सुनिश्चित करने के लिए आवश्यक कार्रवाई की जाएगी।भाजपा के विश्वास नगर से विधायक ओपी शर्मा ने विधानसभा सदन में यह मामला उठाया और आरोप लगाया कि आप सरकार के तहत उनके निर्वाचन क्षेत्र में एक भी सीसीटीवी कैमरा नहीं लगाया गया। उन्होंने मामले की केंद्रीय सतर्कता आयोग (सीवीसी) से जांच की मांग की। इस दावे का समर्थन करते हुए लक्ष्मी नगर विधायक अभय वर्मा ने साफ किया कि भाजपा विधायकों ने दिल्ली उच्च न्यायालय का दरवाजा भी खटखटाया था और अदालत के आदेश और मुख्य सचिव की सिफारिश के बावजूद कोई कार्रवाई नहीं की गई। विधानसभा अध्यक्ष विजेंद्र गुप्ता ने सदन को बताया कि दिल्ली के ७० विधानसभा क्षेत्रों में से प्रत्येक में २,००० सीसीटीवी कैमरे लगाए जाने थे, लेकिन भाजपा विधायकों के आठ विधानसभा क्षेत्रों को पूरी तरह से नजरअंदाज कर दिया।

कनेक्शन काटने का मैसेज आए, तो रहें सावधान

शाह टाइम्स संवाददाता

नई दिल्ली। अगर आपके फोन पर अंजान नंबर से टैक्स या फिर व्ह्ट्सएप नंबर पर मैसेज आता है कि आपका कनेक्शन कटने वाला है या फिर बंद होने वाला है। मैसेज को देखकर परेशान न हो,क्योंकि आप हड़बड़ाहट में मैसेज को जवाब देने के लिये उसमें आए लिंक को ओपन कर सकते है। लिंक को ओपन करते ही आपके बैंक खाते से आपके रुपये निकल सकते हैं। सरिता विहार में रहने वाले एक व्यक्ति के साथ कुछ ऐसा ही हुआ। जिसके खाते से २५ हजार रुपये कुछ ही मिनट में निकल गए। हैरानी की बात यह कि जब रुपये निकल गए,उसके बाद उनके पास एक ओटीपी आया था। पीडिघ्त ने साइबर पोर्टल पर शिकायत दर्ज करा दी है।

जानकारी के मुताबिक सरिता विहार इलाके में एस राहुल परिवार के साथ रहते हैं। सोमवार को जब वह घर पर थे। उनके फोन पर एक टैक्सट मैसेज आया। मैसेज दिल्ली जल बोर्ड की तरफ से लग रहा था। उन्होंने मैसेज पड़ा जिसमें कनेक्शन काटने की बात लिखी थी। उसने मैसेज में दिये फोन पर फोन किया। जिसने एक लिंक भेजा,लिंक को ओपन किया,दिल्ली जल बोर्डर की साइट लग रही थी। जिसमें उसने १२ रुपये जमा करने के लिये बोला,उसने जैसे ही ऐसा किया, २५ हजार रुपये बैंक से कट गए। उसके पास कोई ओटीपी भी पैसे निकालने का नहीं आया था।

कुछ मिनट बाद ओटीपी भी आ गया। जब तक २५ हजार रुपये कट गए थे। उसने तुरंत बैंक अधिकारियों से संपर्क किया और खाते को ब्लॉक करवाया।

दिल्ली पुलिस ने बताए साइबर अपराध से बचने के 5 उपाय जिनमें हैं मजबूत पासवर्ड का इस्तेमाल। अपने सभी अकाउंट्स के लिए मजबूत और अनोखे पासवर्ड का इस्तेमाल करें। पासवर्ड में अक्षर, संख्याएं और स्पेशल सिंबल शामिल करें। समय-समय पर अपने पासवर्ड बदलें, सावधानी से ईमेल और लिंक खोलें। अज्ञात ईमेल और लिंक से सावधान रहें। किसी भी अनजान ईमेल या लिंक पर क्लिक न करें। अगर आपको कोई संदिग्ध ईमेल मिलता है, तो उसे तुरंत डिलीट कर दें। अपने डिवाइस को सुरक्षित रखें। अपने कंप्यूटर, फोन और अन्य डिवाइस को सुरक्षित रखें। एंटीवायरस सॉफ्टवेयर का इस्तेमाल करें। अपने ऑपरेटिंग सिस्टम और सॉफ्टवेयर को नियमित रूप से अपडेट करें। सार्वजनिक वाई-फाई का इस्तेमाल सावधानी से करें। सार्वजनिक वाई-फाई का इस्तेमाल करते समय सावधान रहें। सार्वजनिक वाई-फाई पर अहम जानकारी न भेजें।

अगर मुमकिन हो तो, सार्वजनिक वाई-फाई का इस्तेमाल करने से बचें। अपनी ऑनलाइन गतिविधियों की निगरानी करें। अपनी ऑनलाइन गतिविधियों की निगरानी करें। अपने बैंक और क्रेडिट कार्ड खातों की जांच करें। अगर आपको कोई संदिग्ध गति. विधि दिखाई देती है, तो तुरंत कार्रवाई करें।

नजफगढ़ का नाम नाहर सिंह गढ़ रखे जाने की मांग

नई दिल्ली। दिल्ली विधानसभा सत्र के तीसरे दिन यानी बृहस्पतिवार को सदन में नजफगढ़ के नाम बदलने का प्रस्ताव रखा गया। नजफगढ़ से विधायक नीलम पहलवान ने नजफगढ़ का नाम नाहरगढ़ रखे जाने की मांग की है। दिल्ली विधानसभा में नजफगढ़ और मोहम्मदपुर का नाम बदले जाने की जोरदार मांग उठ गई। नजफगढ़ विधानसभा क्षेत्र से पहली बार विधायक बनीं नीलम पहलवान ने सदन में मांग रखी की कि राजा नाहर का देश और समाज के लिए बड़ा योगदान रहा है। उन्होंने मांग की कि नजफगढ़ का नाम राजा नाहर सिंह के नाम पर नाहरगढ़ रखा जाए।

Truhome FINANCE

टूहोम फाइनेंस लिमिटेड

(पूर्व में श्रीराम हाउसिंग फाइनेंस लिमिटेड के नाम से जाना जाता था)

माँग सूचना पत्र

पंजीकृत कार्यालय: श्रीनिवास टॉवर, प्रथम तल, दरवाजा नं. 5, पुराना नं. 11, द्वितीय लेन, सेनाटोफा रोड, अलवरपेट, तैनाम्पेट, चेन्नई- 600018
शाखा कार्यालय: एल1 और एल2, एसबीआई बैंक के ऊपर, गुरुद्वारा रोड, ग्रीन पार्क एक्सटेंशन, नई दिल्ली-110016. Website: http://www.truhomefinance.in

जबकि यहां उल्लिखित उधारकर्ताओं/सह-उधारकर्ताओं/गारंटरों/ ने टूहोम फाइनेंस लिमिटेड (पूर्व में श्रीराम हाउसिंग फाइनेंस लिमिटेड के नाम से जाना जाता था) से वित्तीय सहायता प्राप्त की थी। हमारा कहना है कि वित्तीय सहायता ग्रहण करने के बावजूद, कर्जदारों/जमानतियों ने नियत तिथियों के अनुसार ब्याज तथा मूलधन के पुनर्भुगतान में विभिन्न चूक की है। भारतीय रिजर्व बैंक के निर्देशों/दिशा-निर्देशों के अनुसार खाते को नॉन फर्मिंग आस्ति के रूप में वर्गीकृत कर दिया गया है जिसके परिणामस्वरूप टूहोम फाइनेंस लिमिटेड (पूर्व में श्रीराम हाउसिंग फाइनेंस लिमिटेड के नाम से जाना जाता था) के अधिकृत प्राधिकारी ने वित्तीय आस्तियों का प्रतिभूतिकरण पुनर्गठन एवं प्रतिभूत हित (प्रवर्तन) अधिनियम, 2002 एवं प्रतिभूत हित (प्रवर्तन) नियम 2002 के नियम 3 के साथ पठित धारा 13(2) में प्रदत्त शक्तियों के उपयोग में निम्नलिखित कर्जदारों/जमानतियों/बंधककर्ताओं से सूचनाओं में उल्लेखित राशि पर अनुबंध के अनुसार दर से एवं भविष्य की ब्याज व अन्य आकस्मिक व्ययों, लागत, प्रभारों, राशि सहित सूचनाओं की प्राप्ति की तिथि से 60 दिनों के भीतर पुनर्भुगतान करने को कहते हुए सरफैसी अधिनियम की धारा 13(2) के तहत नीचे उल्लेखित संबद्ध तिथियों पर मांग सूचनाएं जारी की थी।
उनके अन्तिम ज्ञात पते पर सूचनाएं भेजी गयी थी, किन्तु वे बिना प्राप्ति के वापस कर दी गयी। अत: उन्हें इस सार्वजनिक सूचना के माध्यम से उसी प्रकार सूचित किया गया है।
सुरक्षित संपत्तियों को भुनाने के लिए उपलब्ध समय के संबंध में, अधिनियम की धारा 13 की उप-धारा (8) के प्रावधानों के लिए उधारकर्ता/बंधक का ध्यान आकर्षित किया जाता है।

उधारकर्ता (ओं)/ सह-उधारकर्ता (ओ) का नाम	बकाया राशि	सुरक्षित संपत्तियों की संपत्ति का पता
श्रीमती ज्योति बाला केयर/ऑफ श्री अश्वनी कुमार मकान नंबर सी-1/10-जे, ग्राउंड फ्लोर, रामा पार्क, उत्तम नगर, नई दिल्ली-110059. इसके अलावा: संपत्ति संख्या 113-बी और 114, पहली मंजिल, भारत विहार, ब्लॉक-ए, गली नंबर 4, काकरोला, नई दिल्ली-110078 श्री जतिंदर कुमार पुत्र श्री गुलशन कुमार मकान नंबर सी-1/10-जे, ग्राउंड फ्लोर, रामा पार्क, उत्तम नगर, नई दिल्ली-110059. इसके अलावा: मकान नंबर 524, पुराना हाउसिंग बोर्ड कॉलोनी, सेक्टर-3, करनाल, हरियाणा-132001. इसके अलावा: संपत्ति संख्या 113-बी और 114, पहली मंजिल, भारत विहार, ब्लॉक-ए, गली नंबर 4, काकरोला, नई दिल्ली-110078 एनपीए दिनांक- 03-02-2025 डिमांड नोटिस की तिथि: 18-02-2025	रु. 48,58,952/- (रु. अड़तालीस लाख अट्ठावन हज़ार नौ सौ बावन मात्र) ऋण खाता संख्या के संबंध में SHLHDLH10002226 07-फरवरी-2025 तक **ऋण धनराशि** **रु. 46,72,642/- (रु. छियालीस लाख बहत्तर हज़ार छह सौ बयालीस मात्र)**	वह सब भाग और पार्सल पर संपत्ति नंबर. बिल्ट-यूपी पहली मंजिल (सामने की ओर एलएचएस), संपत्ति नंबर 113-बी और 114, और क्षेत्रफल 90 वर्ग गज, एक छोटी कार पार्किंग के साथ, खसरा संख्या 29/4 के बाहर, आवासीय गांव-ककरोला, कॉलोनी जिसे भारत विहार से जानते है, ब्लॉक-ए, गली नंबर 4, ककरोला, नई दिल्ली -110078 उक्त सीमाऐं:- पूर्व:-बैक साइड फ़्लोर/गली, पश्चिम: -20 फीट चौडी सड़क, उत्तर:-अन्य संपत्ति, दक्षिण:-आरएचएस फ़्लोर/अन्य संपत्ति
श्री संजय राय पुत्र श्री तेजकांत राय मकान नंबर 4287/13, ग्राउंड फ्लोर, कटरा सुंदर लाल, गली बहुजी, पहाड़ी धीरज, सदर बाजार, दिल्ली-110006 इसके अलावा: मकान नंबर 2-बी/7737/XV, पहली मंजिल, राम नगर, पहाड़गंज, नई दिल्ली-110055. इसके अलावा: मकान नंबर एबी-60, अमर पुरी, राम नगर, पहाड़ गंज, दिल्ली-110058. श्रीमती सुनीता देवी पत्नी श्री संजय राय मकान नंबर 4287/13, ग्राउंड फ्लोर, कटरा सुंदर लाल, गली बहुजी, पहाड़ी धीरज, सदर बाजार, दिल्ली-110006. इसके अलावा: मकान नंबर 2-बी/7737/XV, पहली मंजिल, राम नगर, पहाड़गंज, नई दिल्ली-110055. इसके अलावा: मकान नंबर एबी-60, अमर पुरी, राम नगर, पहाड़ गंज, दिल्ली-110058. मैसर्स संजय बॉक्स मेकर मालिक/साझीदार/प्रबंधक निदेशक/प्राधिकृत हस्ताक्षरकर्ता के रूप में नंबर 4287/13, ग्राउंड फ्लोर, कटरा सुंदर लाल, गली बहुजी, पहाड़ी धीरज, सदर बाजार, दिल्ली-110006. एनपीए दिनांक- 03-02-2025 डिमांड नोटिस की तिथि: 24-02-2025	रु. 31,84,274/- (रु. इकतीस लाख चौरासी हज़ार दो सौ चौहत्तर मात्र) ऋण खाता संख्या के संबंध में SHLHGPRK0000329 07-फरवरी-2025 तक **ऋण धनराशि** **रु. 30,94,041/- (रु. तीस लाख चौरानवे हज़ार इकतालीस मात्र)**	वह सब भाग और पार्सल पर संपत्ति नंबर 2-बी/7737/XV, पहली मंजिल, बिना छत के, क्षेत्रफल 85 वर्ग गज, राम नगर, पहाड़गंज, नई दिल्ली-110055 उक्त सीमाऐं:- पूर्व:- अन्य संपत्ति पश्चिम:- अन्य संपत्ति उत्तर:- अन्य संपत्ति दक्षिण:- 12 फीट चौड़ी गली।
श्री राहुल पुत्र राकेश कुमार मकान नंबर- डब्ल्यूजेड- 413-ए, गली नंबर 4ए, नियर-शिव मंदिर रेलवे रोड, पाम कॉलोनी, पालम गांव, नई दिल्ली-110045. इसके अलावा: मकान नंबर आरजेड-166, पहली मंजिल, गली नंबर 6-ए, राम मंदिर के पास, साध नगर, पाम कॉलोनी, पालम, नई दिल्ली-110044. इसके अलावा: फ्लैट नंबर आरजेड-258-डी/1, तीसरी मंजिल, फ्रंट साइड, गली नंबर 5, ब्लॉक-एच, राज नगर पार्ट-2, पालम कॉलोनी, पालम, नई दिल्ली-110044. श्रीमती मंजू पत्नी श्री राकेश कुमार मकान नंबर डब्ल्यूजेड-413-ए, गली नंबर 4ए, शिव मंदिर के पास रेलवे रोड, पाम कॉलोनी, साध नगर, पालम, नई दिल्ली-110045. इसके अलावा: मकान नंबर आरजेड-166, पहली मंजिल, गली नंबर 6-ए, राम मंदिर के पास, साध नगर, पाम कश्वलोनी, पालम, नई दिल्ली-110044. इसके अलावा: आरजेड-258-डी/1, तीसरी मंजिल फ्रंट साइड, गली नंबर 5, ब्लॉक-एच, राज नगर पार्ट-2, पालम कॉलोनी, पालम, नई दिल्ली-110044. एनपीए दिनांक- 03-02-2025 डिमांड नोटिस की तिथि: 24-02-2025	रु. 21,56,177/- (रु. इक्कीस लाख छप्पन हज़ार एक सौ सतहत्तर मात्र) ऋण खाता संख्या के संबंध में SHLHGPRK0001198 07-फरवरी-2025 तक **ऋण धनराशि** **रु. 20,79,879/- (रु. बीस लाख उनासी हज़ार आठ सौ उनासी मात्र)**	वह सब भाग और पार्सल पर संपत्ति नंबर आरजेड-258-डी/1, तीसरी मंजिल सामने की तरफ, सभी छतों के अधिकार के साथ और स्टिल्ट फ्लोर में एक छोटी कार पार्किंग, क्षेत्रफल 50 वर्ग गज, खसरा नंबर 63/25/2, गली नंबर 5, ब्लॉक-एच, राज नगर पार्ट-II, पालम कॉलोनी, आरा ऑफ विलेज - पालम, नई दिल्ली। उक्त सीमाऐं:- पूर्व:-20 फीट चौड़ी सड़क, पश्चिम:-अन्य संपत्ति उत्तर:- उक्त संपत्ति का भाग दक्षिण:- 15 फीट चौड़ी सड़क।
श्री धर्मेन्द्र कुमार पुत्र श्री भवर सिंह मकान नंबर. 2355, ग्राउंड फ्लोर, गली ककवन, बस्ती पंजाबियान, सब्जी मंडी, मलका गंज, उत्तरी दिल्ली-110017. इसके अलावा: मकान नंबर बी-1331, पहली मंजिल, शास्त्री नगर उत्तर पश्चिम, दिल्ली-110052. इसके अलावा: नगरपालिका/मकान नंबर XII/2355 (नया) और 3498 (पुराना), तीसरी मंजिल, गली ककवन, बस्ती पंजाबियान, सब्जी मंडी, दिल्ली-110007 श्रीमती आशा देवी पत्नी श्री धर्मेंद्र कुमार मकान नंबर 16/966, गली नंबर 5, प्यारे लाल रोड, बापा नगर, करोल बाग दिल्ली-110005. इसके अलावा: मकान नंबर बी-1331, पहली मंजिल, शास्त्री नगर उत्तर पश्चिम, दिल्ली-110052. इसके अलावा: नगरपालिका/मकान नंबर XII/2355 (नया) और 3498 (पुराना), तीसरी मंजिल, गली ककवन, बस्ती पंजाबियान, सब्जी मंडी, दिल्ली-110007 श्री मनीष पुत्र श्री धर्मेंद्र कुमार मकान नंबर बी-1331, प्रथम तल, शास्त्री नगर उत्तर पश्चिम, दिल्ली-110052. इसके अलावा: नगरपालिका/मकान नंबर XII/2355 (नया) और 3498 (पुराना), तीसरी मंजिल, गली ककवन, बस्ती पंजाबियान, सब्जी मंडी, दिल्ली-110007 एनपीए दिनांक- 03-02-2025 डिमांड नोटिस की तिथि: 20-02-2025	रु. 40,98,436/- (रु. चालीस लाख अट्ठानवे हज़ार चार सौ छत्तीस मात्र) ऋण खाता संख्या के संबंध में SHLHGPRK0001050 07-फरवरी-2025 तक **ऋण धनराशि** **रु. 39,26,746/- (रु. उनतालीस लाख छब्बीस हज़ार सात सौ छियालीस मात्र)**	वह सब भाग और पार्सल पर संपत्ति नंबर XII/2355 (नया) और 3498 (पुराना), तीसरी मंजिल (दाहिनी ओर) छत के अधिकार के साथ, क्षेत्रफल 83.61 वर्ग मीटर, गली काकवन, बस्ती पंजाबियान, सब्ज़ी मंडी, दिल्ली-110007. उक्त सीमाऐं:- पूर्व:-गली पश्चिम:- अन्य संपत्ति उत्तर:- अन्य संपत्ति दक्षिण:- संपत्ति का भाग

उपर्युक्त परिस्थितियों में एतद्द्वारा उपर्युक्त कर्जदारों, सह-कर्जदारों तथा/अथवा जमानतियों (जो भी प्रयोज्य हो) को ऊपर उल्लेखित के अनुसार भावी ब्याज तथा प्रयोज्य प्रभारों सहित बकाया राशि का इस सूचना के प्रकाशन की तिथि से 60 दिनों के भीतर भुगतान करने के लिए कहा जाता है, जिसमें कथित 60 दिनों की समाप्ति के पश्चात असफल होने पर वित्तीय आस्तियों के प्रतिभूतिकरण एवं पुनर्निर्माण तथा प्रतिभूत हित प्रवर्तन अधिनियम, 2002 की धारा 13(4) एवं उसके तहत प्रयोज्य नियमों के अन्तर्गत कर्जदारों तथा बंधककर्ताओं की प्रतिभूत आस्तियों पर कब्जा लेने सहित प्रतिभूत आस्तियों के विरूद्ध कार्यवाही की जायेगी।
कृपया ध्यान दें कि कथित अधिनियम की धारा 13 (13) के तहत कोई भी कर्जदार प्रतिभूत लेनदार की पूर्व सहमति के बिना इस सूचना में सन्दर्भित किसी भी प्रतिभूत आस्ति को पट्टे, बिक्री या अन्यथा विधि से हस्तान्तरित नहीं कर सकेगा।

स्थान:- दिल्ली
दिनांक:- 28.02.2025

एसडी/- प्राधिकृत अधिकारी, टूहोम फाइनेंस लिमिटेड
(पूर्व में श्रीराम हाउसिंग फाइनेंस लिमिटेड के नीम से जाना जाता था)

विधानसभा में नहीं दी गई आप विधायकों को एंट्री

अमानतुल्लाह खान ने सदन से निकाले गए सदस्यों को वापस बुलाने की रखी मांग

शाह टाइम्स संवाददाता

नई दिल्ली। दिल्ली विधानसभा में बृहस्पतिवार को आप विधायकों को एंट्री नहीं दी गई है। उधर, पूर्व सीएम आतिशी ने बीजेपी पर हमला बोला और कहा कि भाजपा ने तानाशाही की सारी हदें पार कर दी हैं। आतिशी आप विधायकों के साथ धरना-प्रदर्शन कर रही हैं।

सदन में सतीश उपाध्याय ने कहा कि सदन में आज ऐसे मुद्दे पर चर्चा हो रही है, जो दिल्ली की जनता के स्वास्थ्य, सुरक्षा और दिल्ली की जनता के विश्वास के साथ जुड़ा हुआ है। कहा कि इस रिपोर्ट को पढ़ने के बाद ऐसा सच सामने आया है, जो दिल्ली की जनता की पूरी तरह से आंखें भी खोल देगा। उन्होंने कहा कि मैं इसके साथ ही ऐसा सत्य भी आप के सामने लेकर के आया हूं जो दिल्ली के पूर्व मुख्यमंत्री और आप के मुखिया अरविंद केजरीवाल के चेहरे को भी पूरी तरह से उजागर करने वाला होगा। इन्होंने खुद को ईमानदार और पारदर्शी पार्टी कहा था, मगर आज यह पार्टी भ्रष्टाचार के दलदल में फंसी है। कैग रिपोर्ट में दिल्ली की नई शराब नीति में हुए गंभीर अनियमितताओं और भ्रष्टाचार को उजागर किया है।

इस रिपोर्ट के अनुसार, दिल्ली के राजस्व को २००२ करोड़ रुपये से अधिक का नुकसान हुआ। जिससे सरकारी खजाने को भारी क्षति हुई है। जनता की गाढ़ी कमाई का दुरुपयोग करते हुए उस धन का पूरी तरह से दुरुपयोग किया गया।

दिल्ली विधानसभा में कैबिनेट मंत्री कपिल मिश्रा ने कहा कि मनीष सिसोदिया ने घोटाले के दौरान १७ मोबाइल तोड़े और सिसोदिया अरविंद केजरीवाल विजय नायर इन सभी ने मिलकर १७७ फोन तोड़े, आखिर क्यों? मतलब साफ है कि दाल में कुछ काला है, वही घोटाला सामने आया है।

दिल्ली विधानसभा सदन में आप विधायक अमानतुल्लाह खान ने मांग की कि उनके सदन से निकाले गए सदस्यों को वापस बुलाया जाए। उन लोगों को विधानसभा परिषद में भी नहीं आने दिया जा रहा है और वह लोग सड़क पर बैठे हैं। आप विधायक अमानुल्लाह खान ने इस बात पर आपत्ति जताई कि उनके नेताओं को सदन में अपशब्द कहे जा रहे हैं। इस पर भाजपा विधायक ओम प्रकाश शर्मा ने जवाब देते हुए कहा कि पिछले १० साल में सदन में एक बार नहीं उनके सम्मानित नेताओं को अनेक बार अपशब्द का प्रयोग किया गया है। ओम प्रकाश शर्मा ने कहा कि आप के नेताओं को सदन में वही कहा जा रहा है जो वह हैं।

वहीं, भाजपा विधायक अभय वर्मा ने सदन में मांग उठाई कि शराब घोटाले में सरकार को जो राजस्व की हानि हुई है। वह पैसा जिम्मेदारों से वसूला जाए। इससे यह संदेश भी जाएगा कि अगर कोई घोटाला करेगा तो उसे इस बात का अंदाजा रहेगा कि उससे वसूली भी की जा सकती है। एक और सच सामने आया विधायक मोहन सिंह ने मुस्तफाबाद में आ रहे गंदे पानी की समस्या का मुद्दा उठाया। कहा कि उनके इलाके में पानी की जो पाइप लाइनें डाली गई हैं वे क्षतिग्रस्त हो चुकी हैं। गंदे पाने से जनता परेशान है।

आईजीआई एयरपोर्ट पर टर्मिनल दो व एक रनवे 5 महीने के लिए होंगे बंद

शाह टाइम्स संवाददाता

नई दिल्ली। सुविधाओं को मजबूती और विस्तार देने के लिए आईजीआई एयरपोर्ट का टर्मिनल दो व एक रनवे करीब पांच महीने के लिए बंद किया जाएगा। एयरपोर्ट संचालन से जुड़ी एजेंसी डायल के अनुसार, दोनों को अप्रैल से बंद किया जाएगा। साथ ही एयरपोर्ट के टर्मिनल तीन के विस्तार की भी योजना तैयार की जा रही है।

डायल का कहना है कि टर्मिनल दो का ढांचा काफी पुराना है और इसे मजबूत किए जाने के साथ ही यहां के पूरे सिस्टम को अपग्रेड किए जाने की जरूरत है। इस पूरे कार्य में करीब पांच महीने का समय लगेगा। इसकी क्षमता करीब १५ मिलियन यात्रियों की है। जब यह बंद रहेगा, इस अवधि में यहां से संचालित होने वाली सभी उड़ानें टर्मिनल एक पर स्थानांतरित की जाएंगी।

आम आदमी पार्टी के विधायक को दिल्ली विधानसभा परिसर के बाहर रोके जाने पर प्रदर्शन करते हुए।

आतिशी ने लिखी राष्ट्रपति को चिट्ठी, मांगा मिलने का समय

शाह टाइम्स संवाददाता

नई दिल्ली। दिल्ली विधानसभा में नेता प्रतिपक्ष आतिशी ने राष्ट्रपति द्रौपदी मुर्मू को चिट्ठी लिखी है। चिट्ठी में आतिशी ने राष्ट्रपति से २८ फरवरी को मिलने का समय देने का अनुरोध किया है। उन्होंने कहा है कि लोकतंत्र में सरकार और विपक्ष दोनों जरूरी है। अगर विपक्ष को विधानसभा के अंदर जाने से रोका जाएगा, तो जनता के मुद्दे कौन उठाएगा?

आतिशी ने राष्ट्रपति द्रौपदी मुर्मू को लिखे पत्र में कहा है कि मैं आपके संज्ञान में एक अत्यंत गंभीर एवं संवेदनशील विषय लाना चाहती हैं, जो भारतीय लोकतांत्रिक मूल्यों पर सीधा हमला है। दिल्ली में भाजपा की सरकार ने दिल्ली सरकार के विभिन्न दफ्तरों से संविधान निर्माता बाबा साहब डॉ. अंबेडकर और शहीद-ए-आजम भगत सिंह की तस्वीर हटा दी है। यह न केवल देश के वीर सपूतों का अपमान है, बल्कि दलित, पिछड़े और वंचित समाज का भी अपमान है। आतिशी ने लिखा है कि जब आम आदमी पार्टी ने विपक्ष के रूप में इस कदम का विरोध किया और इस गंभीर मुद्दे को सदन में उठाने का प्रयास किया, तो विधानसभा अध्यक्ष विजेंद्र गुप्ता ने अलोकतांनिक रूप से आम आदमी पार्टी के २१ विधायकों को २५ फरवरी को तीन दिनों के लिए सदन की बैठकों से निष्कासित कर दिया। आतिशी ने कहा है कि २७ फरवरी को जब आम आदमी पार्टी के विधायक दिल्ली विधानसभा जा रहे थे, तो दिल्ली पुलिस द्वारा भारी बैरिकेडिंग कर हमें विधानसभा के परिसर के बाहर ही रोक दिया गया।

भ्रष्टाचार छुपाने को महान नेताओं के चित्रों पर विवाद कर रहे आप नेता: सचदेवा

शाह टाइम्स संवाददाता

नई दिल्ली। दिल्ली भाजपा के अध्यक्ष वीरेन्द्र सचदेवा ने कहा है की दिल्ली के लोग आम आदमी पार्टी विधायकों की विधानसभा के बाहर की गई धरना नौटंकी को देख रहे हैं सोच कर हंस रहे हैं वक्त का पहिया पूरी तरह घूम गया है। जिन ष्आपष नेताओं को कल तक भाजपा के विधायकों को प्रताड़ित करने में परपीड़क आनंद मिलता था आज वह अपने भ्रष्टाचार को छुपाने दबाने के लिए महान नेताओं के चित्रों के नाम पर विवाद कर रहे हैं।वीरेन्द्र सचदेवा ने कहा है की वक्त देख कर मुस्कुरा रहा है की जिन्होने २०१८ में विधायक ओमप्रकाश शर्मा को लगभग एक साल और फिर २०२१ में एक साथ २ सत्रों के लिए विधानसभा से बाहर किया था वो आज विधानसभा से तीन दिन के लिए निष्कासित होने पर नौटंकी फैला रहे हैं। दिल्ली भाजपा अध्यक्ष ने कहा है की दिल्ली विधानसभा हो या सचिवालय सब जगह मुख्यमंत्री एवं मंत्रियों के कमरों में रोजाना सैकड़ों विजीटर एवं मीडिया कर्मी आ रहे हैं और उनकी आंखों के सामने राष्ट्र पिता महात्मा गांधी के चित्र के साथ ही बाबा साहेब भीमराव अम्बेडकर एवं शहीद भगत सिंह के ही नही भारत के राष्ट्रपिता एवं प्रधानमंत्री के चित्र भी सुशोभित हैं। सच यह है की सी.ए.जी. की शराब घोटाले पर विधानसभा में रखी गई रिपोर्ट से 'आप' नेता खासकर आतिशी मार्लेना बौखला गये हैं और वह नही चाहते की उस पर बात पर चर्चा हो अत: अम्बेडकर जी के नाम पर ओछी राजनीति कर ध्यान भटका रहे हैं।सचदेवा ने कहा है की दिल्ली वाले भलीभांति जानते हैं की सुश्री आतिशी मार्लेना का नाम गोवा इंचार्ज के रूप में शराब घोटाले से लाभार्थीयों के रूप में जुड़ा है अत: सी.ए.जी. रिपोर्ट से उनका डर दिल्ली वालों को खूब समझ आ रहा है।

साउथ एशियन यूनिवर्सिटी में बवाल नॉनवेज परोसने पर बिगड़ा माहौल

नई दिल्ली। दिल्ली में साउथ एशियन यूनिवर्सिटी (एसएयू) में महाशिव. रात्रि पर बुधवार को एक ही मेस में शाकाहार और मांसाहार एक साथ परोसने को लेकर विवाद हो गया। स्टूडेंट्स फेडरेशन ऑफ इंडिया (एसएफआई) ने अखिल भारतीय विद्यालय परिषद (एबीवीपी) पर मारपीट का आरोप लगाया है, हालांकि एबीवीपी ने मरपीट से इनकार किया है। इसे धार्मिक सौहार्द बिगाड़ने की कोशिश बताया है।

एसएयू में मेस की सचिव यशदा ने उनके साथ मारपीट किए जाने का आरोप लगाया है। उन्होंने कहा कि एबीवीपी समर्थित कुछ छात्रों ने महाशिव. रात्रि पर मांसाहार परोसने का विरोध किया था। जब मेस में रोज की तरह ही भोजन परोसने की बात की गई तो उनके साथ मारपीट की गई। हाथ मरोड़ा और बाल पकड़कर घसीटा। मेस के कर्मचारियों ने हमला किया। उन्होंने फौरन पुलिस को बुलाया। शिकायत दर्ज कराई है। उधर, एबीवीपी ने सारे आरोपों को निराधार बताया है। एबीवीपी ने कहा कि प्रबंधक से चर्चा की गई, तो ११० छात्रों ने कहा था कि उन्हें उपवास का भोजन चाहिए। छात्रों की इस मांग को स्वीकार करते हुए विश्वविद्यालय प्रशासन ने दो में से एक मेस में सात्विक भोजन की व्यवस्था की। इनमें फलाहार की अलग से व्यवस्था करने की मांग की गई थी, लेकिन मेस में शाकाहार के साथ मांसाहार परोस दिया गया। विरोध किया तो हमें रोका गया और कुछ छात्रों के साथ मारपीट की गई। व्रत करने वाले कई छात्रों के ऊपर मांसाहार आकर गिरा। इससे उनकी धार्मिक भावनाएं आहत हुई हैं। एबीवीपी दिल्ली के प्रांत मंत्री सार्थक शर्मा ने कहा कि प्रत्येक छात्र को अपनी धार्मिक मान्यताओं और परंपराओं को मानने का अधिकार है और इसका सम्मान किया जाना चाहिए।

एनडीएमसी शनिवार को करेगी अगला सुविधा शिविर आयोजित

शाह टाइम्स संवाददाता

नई दिल्ली। नई दिल्ली नगरपालि. का परिषद (एनडीएमसी) अपने क्षेत्र के निवासियों और सेवा उपयोगकर्ताओं के हित में सूचना, सुविधा और शिकायत निवारण प्रदान करने के लिए अपना अगला सुविधा शिविर शनिवार, ०१ मार्च, २०२५ को सुबह १०:३० बजे से १२:३० बजे तक एनडीसीसी कन्वेंशन सेंटर, में आयोजित करेगी। इस शिकायत निवारण सुविधा कैम्प में विभिन्न विभागों के हेल्पडेस्क सेवा उपयोगकर्ताओं, कर्मचारियों, आरडब्ल्यूए, एमटीए और एनडीएमसी के निवासियों की शिकायतों का निवारण और सुविधा प्रदान करने के लिए उपलब्ध रहेंगे। नई दिल्ली नगरपा. लिका परिषद के विभिन्न विभाग भी इस सुविधा कैंप का हिस्सा होंगे।इस सुविधा कैम्प में नए बिजली कनेक्शन/ डिस्कनेक्शन, लोड वृद्धि/ कमी, नाम परिवर्तन/स्थानांतरण, संपत्ति कर, जन्म और मृत्यु प्रमाण पत्र, एनडीएमसी के सेवारत और सेवानिवृत्त कर्मचारियों के सेवा मामलों, जलभराव, स्वच्छता, अपशिष्ट निपटान, सड़क मरम्मत, विधवा पेंशन, वृद्धावस्था पेंशन, विकलांग पेंशन, बारात घर और पार्कों की बुकिंग और एनडीएमसी द्वारा दी जाने वाली कोई अन्य सेवाओं से संबंधित शिकायतों का समाधान / निवारण किया जाएगा । नई दिल्ली नगरपालिका परिषद हर महीने के पहले शनिवार को एनडीएमसी कन्वेंशन सेंटर, जय सिंह रोड पर सुविधा शिविर का आयोजन कर रही है। इन सुविधा शिविरों के आयोजन के अलावा, पालिका परिषद ने एनडीएमसी क्षेत्र के निवासियों और सेवा उपयोगकर्ताओं के लिए संपर्क रहित शिकायत निवारण तंत्र के रूप में एक ष्जन सुविधा पोर्टलष भी लॉन्च किया है।

एक ड्रग पेडलर गिरफ्तार

नई दिल्ली। दिल्ली के बाहरी जिला पुलिस के स्पेशल स्टाफ ने एक ड्रग पेडलर को गिरफ्तार किया है। पुलिस ने उसके पास से कुल ४७.५७ ग्राम स्मैक बरामद की है जिसकी अंत. रराष्ट्रीय बाजार में कीमत ९.६ लाख से अधिक है। दिल्ली के बाहरी जिला पुलिस उपायुक्त सचिन शर्मा ने बताया कि २४ फरवरी को स्पेशल स्टाफ को ज्वालापुरी क्षेत्र में सक्रिय ड्रग्स सप्लायर के बारे में एक गुप्त सूचना मिली थी। खुफिया जानकारी से टीम को पता चला कि वह अवैध स्मैक/हेरोइन के वितरण में शामिल है और स्मैक/हेरोइन की सप्लाई करने के लिए ज्वालापुरी क्षेत्र में आएगा। इस सूचना के आधार पर एसीपी ऑपरेशन नरेंद्र खत्री की देखरेख मे इंस्पेक्टर रोहित के नेतृत्व में एसआई विपिन कुमार, अंकित सिंह, हेड कांस्टेबल विकास, विजय खत्री, अनुज और विजय की टीम ने संदिग्ध को पकड़ लिया।

कार चालक के पेट व पैर में मारी गोली

शाह टाइम्स संवाददाता

नई दिल्ली। केशव पुरम इलाके में दिनदहाड़े चार से पांच बदमाशों ने कार चालक को गोली मार दी। जबकि एक किसी तरह से अपनी जान बचाने में कामयाब हो गया। वारदात के बाद आरोपी मोके पर से फरार हो गया। पुलिस मामला दर्जकर आरोपियों की तलाश कर रही है। वारदात वाली जगह के आसपास लगे सीसीटीवी कैमरों की फुटेज को खंगालकर आरो. पियों की पहचान की कोशिश की जा रही है। वारदात लूट, रंजिश या फिर प्रॉपर्टी विवाद में हुई, पुलिस पता लगाने के८ कोशिश कर रही है। जानकारी के मुताबिक घायल व्यक्ति की पहचान नितिन शर्मा के रूप में हुई है। वह केशवपुरम इलाके में परिवार के साथ रहता था। केशवपुरम पुलिस को लॉरेंस रोड सी ८ के पास कार चालक को गोली मारने की पीसीआर कॉल मिली थी। पल्लीस मोके पर पहुँची। कार का शीशा तोड़ रखा था। आसपास पत्थर पड़े हुए थे। करीब पांच कारतूस के खोल भी पड़े हुए थे। नितिन के पेट और पैर में गोली मारी गई थी। जिसको तुरंत नजदीक के अस्पताल में भर्ती करवाया गया। डॉक्टरों ने प्राथमिक उपचार के बाद हालात गंभीर बताई। वह बयान देने लायक नही था। शुरआती जांच में पुलिस को पता चला कि आरोपियों ने पहले पैदल ही पीछा किया था। जब कार नही रोकी तो आगे खड़े बदमाश कार पर आगे से चढ़े और कार चला के गेट का शीशा तोड़ दिया था।

शाह टाइम्स

स्वामी शाह पब्लिकेशन प्रा. लि. के लिए मुद्रक एवं प्रकाशक **एस.एन. राना** द्वारा शाह पब्लिकेशन प्रा. लि. सुजड़ू चुंगी, मेरठ रोड, मुजफ्फरनगर से मुद्रित एवं 109-110, प्रताप भवन, 5, बहादुर शाह जफर मार्ग, नई दिल्ली-110002 से प्रकाशित।

सम्पादक:
एस.एन. राना
*कार्यकारी सम्पादक
आनन्द बत्रा 'सुमन'
☎011-41509401-2
फैक्स: 011-41509403
मुख्यालय मोबाइल 9720007290
R.N.I. NoDEL.HIN./2002/8501
www.shahtimesnews.com
email:shahtimes2015@gmail.com

*इस अंक में प्रकाशित समस्त समाचारों के चयन एवं सम्पादन हेतु PRB एक्ट के अंतर्गत उत्तरदायी। समस्त विवाद मुजफ्फरनगर न्यायालय के अधीन ही होंगे।

सड़क हादसे में सहायक बैंक मैनेजर की मौत, साथी घायल

ड्यूटी जाते समय गांव जौनमाना के निकट हुई घटना, परिवार में मचा कोहराम

शाह टाइम्स संवाददाता

बागपत। कोतवाली बड़ौत क्षेत्र के गांव जौनमाना के निकट बड़ौत-कौताना मार्ग पर गन्ने से भरी एक ट्रैक्टर-ट्राली की सामने से आ रही बाइक से टक्कर हो गई। जिससे बाइक पर सवार सहायक बैंक मैनेजर की मौत हो गई जबकि उसका साथी घायल हो गया। सूचना मिलने पर पुलिस मौके पर पहुंची और घटना की जानकारी ली। पुलिस ने शव को अपने कब्जे में लेकर पंचनामा भरने के बाद पोस्टमार्टम के लिए भेज दिया। पुलिस ने ट्रैक्टर-ट्राली अपने कब्जे में लेते हुए घायल को उपचार के लिए अस्पताल में भर्ती कराया है। युवक की मौत की खबर सुनकर परिवार में कोहराम मच गया और परिजनों का रो-रोंकर बुराहाल हो गया।

मृतक विक्रांत का फाईल फोटो

गांव लुहारी निवासी विक्रांत दिल्ली में आईडीएफसी बैंक की शाखा में सहायक प्रबंधक के पद पर तैनात है। जबकि गांव का ही गौरव उसी बैंक में कर्मचारी है। बताया गया है कि गुरूवार को सुबह करीब सात बजे वह दोनों बाइक से ड्यूटी पर जा रहे थे। जब वह बड़ौत-कौताना मार्ग पर गांव जौनमाना के निकट पहुंचे तो सामने से आ रही गन्नो से भरी ट्रैक्टर-ट्राली ने उनकी बाइक में टक्कर मार दी। जिससे बाइक सवार सहायक बैंक प्रबंधक की मौके पर ही मौत हो गई जबकि उसका साथी गौरव गंभीर रूप से घायल हो गया। सूचना मिलने पर पुलिस मौके पर पहुंची और घटना की जानकारी ली। पुलिस ने शव को कब्जे में लेकर पंचनामा भरने के बाद पोस्टमार्टम के लिए भेज दिया। पुलिस ने ट्रेक्टर-ट्राली चालक को हिरासत में ले लिया है जबकि घायल को उपचार के लिए अस्पताल में भर्ती कराया। युवक की मौत की खबर सुनकर परिवार में कोहराम मच गया और परिजनों का रो-रोकर बुराहाल हो गया। बताया गया कि मृतक की करीब दो वर्ष पूर्व ही शादी हुई थी। पुलिस घटना की जांच कर रही है।

होटल में जीजा के साथ रंगरलियां मनाती पकड़ी साली

शाह टाइम्स संवाददाता

बागपत। गुरूवार को दोपहर दिल्ली-सहारनपुर नेशनल हाईवे स्थित एक होटल में जीजा शाली रंगरलिया मनाते हुए पकड़े गए। मौके पर पहुंचे पति ने दोनों की जमकर धुनाई कर पुलिस के हवाले कर दिया।

गुरूवार को दोपहर एक महिला अपने जीजा के साथ होटल में पहुंची और वहां पर कमरा बुक कराकर कमरे के अंदर चले गए। इस बीच महिला के पति को किसी ने उनके होटल में होनी की सूचना दे दी। सूचना मिलने के बाद पति अपने भाईयों के साथ मौके पर पहुंच गया और अपनी पत्नि को उसके जीजा के साथ रंगे हाथो रंगरलिया मनाते हुए पकड़ लिया। पत्नि को जीजा के साथ आपत्ति जनक स्थिती में देंखकर पति अपना आपा खो बेठा और बेल्ट निकालकर बेल्ट से पत्नि की धुनाई शुरू कर दी। इस संबंध में पुलिस को भी सूचना दे दी। सूचना मिलने पर पुलिस मौके पर पहुंची और घटना की जानकारी ली। पति ने अपनी पत्नि व उसके जीजा को पुलिस के हवाले कर दिया। इस संबंध में पुलिस मामले की जांच कर रही है।

पत्नी व साले पर झूठी शिकायत करने का आरोप

शाह टाइम्स संवाददाता

बागपत। पत्नी व साले पर दोघट तथा मंसूरपुर थाना में झूठी शिकायत करने का आरोप। पलड़ा गांव के पीड़ित ने एसपी से शिकायत कर कार्रवाई की मांग की है।

गुरुवार को करीब साढे 11 बजे दोघट थाना क्षेत्र के पलडा गांव निवासी दानिश के मुताबिक करीब दो साल पहले मंसूरपुर थाना क्षेत्र के एक गांव की युवती शादी हुई थी। शादी के कुछ समय बाद ही पत्नी अपने घर चली गई। पत्नी का घर लाने का कई बार प्रयास किया, लेकिन पत्नी घर नहीं आई। पत्नी को घर लाने के लिए अदलात में मुकदमा चल रहा है। आरोप है कि पत्नी व साला दोघट तथा मंसूरपुर थाना में झूठी शिकायत करते रहते है। पीड़ित ने एसपी दफ्तर पहुंचकर एसपी से शिकायत कर मामले की जांच कर कराकर आरोपितों के विरुद्ध कार्रवाई कराने की मांग की है।



आजादी के महानायक को उनकी पुण्यतिथि पर किया नमन

शाह टाइम्स संवाददाता

बागपत। आजादी के महानायक, क्रान्तिकारी चन्द्रशेखर आज़ाद की पुण्यतिथि पर वरिष्ठ नागरिक कल्याण ट्रस्ट के तत्वाधान में वात्सायन प्लेस में आयोजित एक गोष्ठी में उनका भावपूर्ण स्मरण करते हुए उनके चित्र पर पुष्पांजलि अर्पीत कर नमन किया गया।

कार्यक्रम की अध्यक्षता कर रहे वरिष्ठ नागरिक कल्याण ट्रस्ट के अध्यक्ष शिक्षाविद कुवर महासिंह चौहान ने कहा कि उनके बलिदान को भुलाया नहीं जा सकता है। वर्तमान समय में युवा पीढ़ी को उनके जीवन वृत्त से प्रेरणा लेनी चाहिए। संरक्षक राजपाल शर्मा ने कहा कि चन्द्रशेखर आजाद जैसे क्रांतिकारियों की बदौलत ही देश आजाद हुआ है। महामंत्री डा.महेन्द्र सिंह धामा मैनेजर ने कहा कि मां भारती के सच्चे सपूत चन्द्र शेखर आजाद की गौरव गाथा को युगों-युगों तक भुलाया नहीं जा सकता है। राष्ट्र वन्दना मिशन के जिला संयोजक देवेन्द्र आर्य एडवोकेट ने कहा कि आजादी के इस पुरोधा ने अंग्रेजों के साम्राज्य की चूल हिला दी थी। कोषाध्यक्ष राकेश मोहन गर्ग ने कहा कि देश की आजादी के लिए इनका बलिदान हमारी धरोहर है। इस मौके पर वरिष्ठ नागरिक कल्याण ट्रस्ट के अध्यक्ष कुंवर महासिंह, संरक्षक राजपाल शर्मा, पूर्व अध्यक्ष राधेश्याम, महामंत्री डा.महेन्दर सिंह मैनेजर, वरिष्ठ अधिवक्ता देवेन्द्र आर्य, कोषाध्यक्ष राकेश मोहन, राजेन्द्र प्रसाद मैनेजर, अजय शर्मा मैनेजर, पूर्व प्रधानाचार्य नरेश शर्मा, धर्मवीर सिंह सत्यनारायण, राजेश्वर सिंह, रवीदत्त शर्मा, जयप्रकाश आदि उपस्थित रहे।

पुरानी रंजिश के चलते साथियों के साथ मिलकर पड़ौसी ने की थी फैसल की हत्या

शव बरामद होने के बाद पुलिस ने दो महिलाओं समेत छह आरोपियों को किया गिरफ्तार

शाह टाइम्स संवाददाता

बागपत। कस्बा छपरौली में पुरानी रंजिश के चलते पडौसी ने ही अपने साथियों के साथ मिलकर फैसल की हत्या की थी और शव गांव हर्शिया के निकट हिंडन नदी में फेंक दिया था। पुलिस ने गत बुधवार को आरोपी की निशानदेही पर शव हिंडन नदी से बरामद कर लिया था। पुलिस ने इस मामले में दो महिलाओं समेत छह लोगों को गिफ्तार कर विधिक कार्रवाई करते हए न्यायिक हिरासत में जेल भेज दिया है।

गुरूवार को पत्रकारों से वार्ता करते हुए अपर पुलिस अधीक्षक एनपी सिंह ने बताया कि गत 21 फरवरी को कस्बा छपरौली निवासी असगर ने अपने 21 वर्षीय पुत्र फैसल की गुमशुगी के संबंधा में रिपोट दर्ज कराई थी। पुलिस जांच में कस्बे के रहने वाले परवेज का नाम प्रकाश मे आया था। पूछताछ के दौरान परवेज ने फैसल की हत्या कर शव हिंडन नदी में फंकना बताया था। उसने बताया था कि वर्ष 2021 मे उनका फैसल के परिवार से विवाद हो गया था। इस संबंध में उन्होंने थाना छपरौली में मुकदमा दर्ज कराया था। उन्होंने बताया कि इसी रंजिश के चलते परवेज ने लोनी निावसी एक महिला के प्रेमजाल में फैसल को फंसाया। गत 15 फरवरी को उस महिला ने फोनकर फैसल को अपने कमरे पर बुलाया और चाय में नीन्द की गोलियां डालकर उसे पिला दी। बेहोश हो जाने के बाद आरोपी उसे गाडी में डालकर गांव हर्शिया के निकट हिंडन नदी के किनारे ले गए और गोली मारपकर हत्या करने के बाद शव के तीन टुकडे कर नदी में फेंक दिया था। पुलिस ने गत बुधवार को आरोपी की निशानदेही पर नदी से शव बरामद कर लिया था। एएसपी ने बताया कि पुलिस इस हत्याकांड में शामिल दो महिलाओं समेत छह लोगों को गिरफ्तार कर विधिक कार्रवाई करते हुए जेल भेज दिया है। आरोपियों के नाम परवेज, सावेज निवासीगण छपरौली, इनाम व दानिश बताये गए हैं।

डाकघर की खस्ता हालत से ग्रामीण परेशान, किया प्रदर्शन

शाह टाइम्स संवाददाता

बागपत। दाहा गांव में डाकघर की खस्ता हालत से ग्रामीण परेशान हैं। कर्मचारियों की अनियमित उपस्थिति और बुनियादी सुविधाओं की कमी से सेवाएं प्रभावित हो रही हैं।

डाकघर में दो कर्मचारी-बीपीएम और पोस्टमास्टर नियुक्त हैं। लेकिन वे या तो डाकघर पहुंचते नहीं हैं या देर से आते हैं। इससे खाता खोलने और डाक वितरण जैसी मूलभूत सेवाएं प्रभावित हो रही हैं। डाकघर में कई बुनियादी सुविधाएं नदारद हैं। न तो बाहर पोस्ट ऑफिस का बोर्ड लगा है, न लेटर बॉक्स है और न ही डाक विभाग की कोई गाड़ी उपलब्ध है। कर्मचारियों की अनियमितता और सुविधाओं की कमी से नाराज ग्रामीणों ने प्रदर्शन किया। चेतावनी दी है कि अगर समस्याओं का समाधान नहीं हुआ तो डाकघर के बाहर धरना देंगे। प्रदर्शन में जनहित ट्रस्ट के सचिव राजकुमार राणा समेत रामबीर राणा, महक सिंह, सत्यवीर राणा और अन्य ग्रामीण शामिल थे। एएसपी डाक विभाग बागपत हरेंद्र कुमार ने कहा कि अब कर्मचारी समय पर पहुंच रहे हैं। उन्होंने लेटर बॉक्स और बोर्ड लगाने जैसी समस्याओं के जल्द समाधान का आश्वासन दिया है।

चौधरी चरण सिंह हमेशा भाजपा के आदर्श: भूपेंद्र चौधरी

शाह टाइम्स संवाददाता

बागपत। भाजपा के प्रदेश अध्यक्ष भूपेंद्र चौधरी गुरुवार को बागपत के पीडब्ल्यूडी गेस्ट हाउस पहुंचे। उन्होंने भाजपा पदाधिकारियों व कार्यकर्ताओं से भेंट कर आगामी कार्यक्रमों को लेकर वार्ता की। उन्होंने कहा कि 2027 में हम मोदी और योगी की रणनीति पर कार्य करते हुए फिर अपनी सरकार बनाएंगे। हमारी पार्टी कार्यकर्ताओं को लेकर चलती है। संगठन और कार्यकर्ताओं के बल पर हम आगे बढ़ने का कार्य करते हैं।

उन्होंने कहा कि चौधरी चरण सिंह की कर्मभूमि पर योगी सरकार ने बहुत से विकास कार्य किए हैं। उन्होंने कहा कि चौधरी चरण सिंह हमेशा भाजपा के आदर्श रहे हैं। कहा कि महाकुंभ हमारी संस्कृति और आस्था का प्रतीक है और इसका इतना भव्य आयोजन पूरे विश्व में भारत की पहचान को और मजबूत करता है। इस दौरान बैठक में भाजपा संगठन को और अधिक सशक्त बनाने की रणनीति पर चर्चा हुई। मीडिया से बातचीत के दौरान उन्होंने कहा कि समा. जवादी पार्टी हमेशा सनातन धर्म और हमारी संस्कृति को कलंकित करने का काम करती रही है। इस दौरान पश्चिमी क्षेत्रीय अध्यक्ष सतेन्द्र सिसोदिया, पूर्व केंद्रीय मंत्री डा. संजीव बालियान, राज्य मंत्री केपी मलिक, जिलाध्यक्ष वेदपाल उपाध्याय, विनोद पांचाल, दिनेश प्रधान, आत्माराम मौर्य, महेश आर्य, सुंदर धामा, अमित उपाध्याय, गौरव शर्मा भानु, अमित जैन, महिपाल कश्यप, जिला मीडिया प्रभारी पवन शर्मा आदि मौजूद रहे।

खेतों पर रखवाली कर रहे किसान को आवारा सांड़ ने मारी टक्कर, घायल

शाह टाइम्स संवाददाता

रटौल। सुभानपुर गांव मे खेतो पर रखवाली कर रहे किसान को आवारा सांड़ ने टक्कर मार घायल कर दिया। घायल किसान को गम्भीर अवस्था में दिल्ली के एक अस्पताल में भर्ती कराया गया है।

सुभानपुर निवासी नेपाल पुत्र जगराम खेतो मे आवारा पशुओं से फसल को बचानें के लिए रखवाली कर रहा था तभी एक आवारा पशुओं का झुण्ड वहा पहुंच गया जिससे भगाने के लिए किसान खेतो में पहुंचा तो एक सांड उसके पीछे दौड़ पड़ा जिससे भयभीत होकर किसान गांव की और दौड़ पड़ा। पांच सौ मीटर दौड़ने के बाद किसान को आवारा सांड ने जोरदार टक्कर मार दी जिससे देख अन्य किसान भी वहा पहुंच गये और सांड को भगाया और गम्भीर किसान को दिल्ली के तेग बहादुर अस्पताल में भर्ती कराया।

राष्ट्रीय सेवा योजना की चतुर्थ इकाई के सात दिवसीय शिविर को हुआ समापन

शाह टाइम्स संवाददाता

बड़ौत। जनता वैदिक कॉलेज की राष्ट्रीय सेवा योजना की चतुर्थ इकाई के सात दिवसीय शिविर का आज 27 फरवरी 2025 को समापन किया गया। कार्यक्रम का शुभारंभ मुख्य अतिथि जनता वैदिक कॉलेज के प्राचार्य डा. वीरेंद्र प्रताप सिंह, उपप्राचार्य मदनपाल सिंह, क्षेत्रीय विकास संस्थान के आचार्य अजीत कुमार ,वनस्पति विज्ञान विभाग अध्यक्ष डा. शीशपाल सिंह, डा. रेणु चौधरी और बड़ौत नगर पालिका वार्ड नंबर 9 की सभासद वर्षा तोमर ने मां सरस्वती के समक्ष दीप प्रज्वलन के साथ किया। इसके पश्चात कार्यक्रम शुरू किया गया जिसमें रंगारंग कार्यक्रम प्रस्तुत किए गए। इसमें स्वयं सेविकाओं ने लोक नृत्य प्रस्तुत किए एवं रोड सेफ्टी पर नाटिका प्रस्तुत की गई। कार्यक्रम अधिकारी डा.इंदु ने स्वयं सेविकाओं द्वारा 7 दिन तक किए गए कार्यों की जानकारी दी। जनता वैदिक कॉलेज के प्राचार्य वीरेंद्र प्रताप सिंह ने स्वयंसेविकाओं को राष्ट्रीय समाज सेवा के महत्व को बताया। उन्होंने कहा कि शिविर से देश भक्ति, समाज सेवा में जरूरतमंद लोगों को सेवा करने की जानकारी मिलती है। इस अवसर पर डा. चंद्रपाल सिंह, डा. प्रशांत मिश्रा, दयावती आदि उपस्थित रहे। शिविर को सफल बनाने में, साक्षी, अपराजिता ,इकरा ,रिशु ,खुशी मरियम, अक्षरा, काजल, मुनमुन का विशेष सहयोग रहा। लैब सहायक सुनील कुमार ने भी शिविर को सफल बनाने में विशेष योगदान दिया।

स्कूल में मनाई चंद्रशेखर आजाद की पुण्यतिथि

शाह टाइम्स संवाददाता

बड़ौत। क्षेत्र के संस्कृति पब्लिक स्कूल शबग में पं.चंद्रशेखर आजाद की पुण्यतिथि पर एक श्रद्धांजलि सभा का आयोजन किया गया। कार्यक्रम का शुभारंभ चेयरमैन धर्मेन्द्र शर्मा, डायरेक्टर दिनेश शर्मा, प्रधानाचार्य हरिदत्त शर्मा व मैनेजिंग डायरेक्टर विनीत कुमार शर्मा ने वीर शिरोमणि आजादी के दीवाने चंद्रशेखर आजाद के चित्र पर दीप प्रज्ज्वलित करके और पुष्पांजलि अर्पित करके किया। इस अवसर पर चेयरमैन धर्मेन्द्र शर्मा ने बताया कि ऐसे बहादुर ही पैदा होते हैं और उन्हें अंग्रेजों का जरा भी खौफ नहीं था। बल्कि अंग्रेज उनसे खौफ खाते थे। इसीलिए उनकी मृत्यु के बाद भी उनके पार्थिव शरीर के पास जाने की किसी की हिम्मत नहीं हुई थी। डायरेक्टर दिनेश शर्मा ने आजाद को श्रद्धांजलि अर्पित करते हुए कहा कि वे आजाद पैदा हुए, आजीवन आजाद रहे और आजाद ही मृत्यु को प्राप्त हुए। प्रधानाचार्य हरिदत्त ने कहा कि ऐसे दीवानों ने आजादी के लिए अपने प्राणों को न्योछावर कर दिया और बाद में उनकी माता को दर दर की ठोकरें खाने को मजबूर होना पड़ा क्योंकि भारत सरकार का रवैया दोहरे मापदंड वाला रहा। आज भी वीर शहीदों को राजनीतिक लाभ के लिए प्रयोग में लाया जाता है। कार्यक्रम का संचालन सोनम चौधरी ने किया। इस अवसर पर संगीता, निधि शर्मा, नीतू चौधरी, सचिन पंवार, हिमांशु पंवार, संजय शर्मा, अंशुल गुप्ता, प्रीति, वीशू, शालिनी एवं सीमा चौधरी उपस्थित रहे।

अदम्य साहस एवं वीरता के पर्याय वीर थे आजाद: शौकेंद्र

शाह टाइम्स संवाददाता

बड़ौत। क्षेत्र के बदरखा गांव में महान स्वतंत्रता सेनानी आजादी के महानायक शहीद चंद्रशेखर आजाद की पुण्यतिथि पर हिंदू युवा वाहिनी ने शत-शत नमन किया। इस मौके पर हिंदू युवा वाहिनी के पश्चिमी उत्तर प्रदेश अध्यक्ष तेजस्वी बिल्डर के डायरेक्टर शौकेंद्र खोखर बदरखा ने कहा कि अदम्य साहस एवं वीरता के पर्याय वीर क्रांतिकारी शहीद चंद्रशेखर आजाद के बलिदान दिवस को हम अपने जीवन में भुला नहीं सकते। भारतीय स्वतंत्रता संग्राम के सेनानियों में चंद्रशेखर आजाद का नाम सदा अग्रणी रहेगा। उनका जन्म 23 जुलाई 1906 को ग्राम मावरा झाबुआ मध्य प्रदेश में हुआ था। उनके पूर्वज गांव बदरखा जिला उन्नाव उत्तर प्रदेश के निवासी थे। चंद्रशेखर आजाद ने कहा था कि मैं आजाद था आजाद हूं आजाद रहूंगा। चंद्रशेखर आजाद ने संकल्प लिया था कि ब्रिटिश सरकार के सामने कभी घुटने नहीं टेकेंगे। हम आजाद हैं आजाद ही रहेंगे। चंद्रशेखर आजाद के देशप्रेम और साहस से आज के युवाओं को प्रेरणा लेनी चाहिए। देश को आजाद करने में उन्होंने अहम भूमिका निभाने का काम किया था। आज हमारे देश के युवा आजाद के बताए रास्ते पर चलने का काम करें। हंदू युवा वाहिनी पश्चिम उत्तर प्रदेश अध्यक्ष तेजस्वी बिल्डर के डायरेक्टर शौकेंद्र खोखर बदरखा आज अपने आवास पर आजादी के महानायक देश के वीर सपूत चंद्रशेखर आजाद के बारे में उनकी पुण्यतिथि मनाने के बाद प्रेस वार्ता कर रहे थे। इस मौके पर अंकुर मलिक धर्मेंद्र मलिक जयवीर सिंह रविंद्र सिंह योगेश चौधरी नितिन रजत प्रांजल चेतन तेजस्वी खोखर आदि मौजूद रहे।

कुर्डी टीले पर भिन्न-भिन्न वस्तुएं निकलने की जताई संभावनाएं

शाह टाइम्स संवाददाता

बड़ौत। क्षेत्र के कुर्डी टीले पर बृहस्पतिवार को उत्खनन किया गया। यहां पर खुदाई के दौरान अलग-अलग वस्तुएं निकल रही है। आगे और अधिक कई प्रकार की वस्तुएं निकालने की संभावनाएं भी की जा रही है। यहां पर बनाए गए कुछ ट्रेंचों में ही पुरातत्वविदों को पुरावशेष मिले हैं। उम्मीद है कि जल्द ही नए ट्रेंच बनाकर खोदाई की जाएगी। खुदाई के दौरान किस तरह की वस्तु यहां मिलेगी यह तो खुदाई के बाद ही पता चलेगा। कुर्डी के टीले पर भारतीय विरासत संस्थान द्वारा जनवरी माह से उत्खनन किया जा रहा है। टीम ने शुरूआती दौर में निरीक्षण के दौरान संभावना जताई थी कि टीला पुरावशेषों की दृष्टि से बेहद खास है। खोदाई शुरू होते ही ट्रेंच से पुरावशेष मिलने लगे, मगर अभी तक कुछ ही ट्रेंचों से पुरावशेष मिले हैं। बाकी से कुछ नहीं मिल पाया है। पुरावशेषों की तलाश में ही ट्रेंचों में करीब पांच फीट गहराई तक खोदाई की गई। इसके बाद भी पुरातत्वविदों के हाथ खाली रहे। ऐसा नहीं है कि टीले पर एक ही तरफ ट्रेंच बनाए गए है। टीले की चारों दिशाओं में तीन-तीन ट्रेंच बनाकर कुल 12 ट्रेंचों में खोदाई का काम किया जा रहा है। यहां पर बृहस्पतिवार को भी उत्खनन किया गया। दोनों टिल्लो पर तेजी से कार्य चल रहा है। मशीनों के जरिए भी खुदाई की जा रही है। बृहस्पतिवार को खुदाई के दौरान अनेक प्रकार की वस्तुएं यहां पर मिली है जिनको जांच के लिए सुरक्षित रखा जा रहा है।

हनी ट्रैप गैंग का खुलासा

एक महिला समेत तीन गिरफ्तार

शाह टाइम्स ब्यूरो

नोएडा। नोएडा पुलिस ने हनी ट्रैप गिरोह का भंडाफोड़ किया है। थाना बादलपुर पुलिस ने एक महिला समेत तीन लोगों को गिरफ्तार किया है। आरोपियों से 40 हजार रुपये बरामद हुए हैं।

गिरोह ने सादोपुर गांव में एक व्यक्ति को हनी ट्रैप में फंसाया था। उस पर बलात्कार का झूठा आरोप लगाकर 2.5 लाख रुपये की मांग की गई। पीड़ित ने डर कर 40 हजार रुपये दे दिए। बाद में उसने पुलिस में शिकायत दर्ज कराई।।पुलिस ने 26 फरवरी को तीनों आरोपियों को पकड़ा। इनमें बादल डेढ़ा उर्फ कालू सिंह (38), प्रिंस (22) और जेहरा (19) शामिल हैं। बादल से 13 हजार, प्रिंस से 12 हजार और जेहरा से 15 हजार रुपये बरामद किए गए।

गिरोह दिल्ली-एनसीआर में सक्रिय: डीसीपी शक्ति अवस्थी ने बताया कि गिरोह दिल्ली-एनसीआर में सक्रिय था।

जेहरा को मकान मालिकों के यहां किराएदार बनाया जाता था। फिर वह उन पर बलात्कार का झूठा आरोप लगाती थी। गिरोह के लोग खुद को बड़े अधिकारियों का करीबी बताते थे। वकील को साथ लेकर मकान मालिकों को धमकाते और पैसे वसूलते थे। जांच में पता चला कि बादल डेढ़ा शातिर अपराधी है। उसके खिलाफ पहले से 11 मामले दर्ज हैं। वह जेहरा का इस्तेमाल लोगों को ठगने के लिए करता था। पुलिस ने सभी आरोपियों के खिलाफ मामला दर्ज कर आगे की जांच शुरू कर दी है।

बोनी कपूर और भूटानी ग्रुप ने 230 एकड़ जमीन का लिया कब्जा, मार्च से शुरू होगा काम

शाह टाइम्स संवाददाता

ग्रेटर नोएडा। ग्रेटर नोएडा में इंटरनेशनल फिल्म सिटी के निर्माण का रास्ता साफ हो गया है। बोनी कपूर और भूटानी ग्रुप ने गुरुवार को प्रस्तावित स्थल पर पहुंचकर 230 एकड़ जमीन का भौतिक कब्जा ले लिया। यह फिल्म सिटी कुल 1,000 एकड़ क्षेत्र में विकसित की जाएगी।

बोनी कपूर ने बताया कि पहले चरण में 230 एकड़ में निर्माण कार्य शुरू होगा। इस पर 1510 करोड़ रुपए की लागत आएगी। फिल्म सिटी में 3डी स्टूडियो, रिटेल मॉल और वीएफएक्स साउंड स्टूडियो बनेंगे।एडिटिंग, एनीमेशन, फिल्म इंस्टीट्यूट और एम्यूजमेंट पार्क भी विकसित किए जाएंगे। दूसरे चरण में होटल, रिजॉर्ट और कमर्शियल स्पेस का निर्माण होगा। फिल्म सिटी में एक करोड़ स्क्वायर फीट क्षेत्र में दुनिया का सबसे बड़ा बनाया जाएगा। इसे अंतरिक्ष से भी देखा जा सकेगा। यमुना अथॉरिटी ने बोनी कपूर और भूटानी ग्रुप को भौतिक कब्जे की पुष्टि का पत्र सौंपा है। अथॉरिटी के अधिकारी सेक्टर 21 में प्रस्तावित स्थल का निरीक्षण करेंगे। यह प्रोजेक्ट भारतीय फिल्म उद्योग को नई ऊंचाइयां देगा। प्रदेश की प्रतिभाओं को अंतरराष्ट्रीय मंच मिलेगा। कई बड़ी कंपनियों की बिडिंग में बोनी कपूर और भूटानी ग्रुप की संयुक्त कंपनी को यह प्रोजेक्ट मिला है। मार्च से निर्माण कार्य शुरू होने की उम्मीद है।

संक्षिप्त समाचार

एक कंपनी के दो पक्षों में मारपीट

नोएडा। डोर टू डोर कूड़ा उठाने वाली कंपनी के दो मजदूर संगठनों के बीच विवाद हो गया। दोनों संगठनों के बीच बुधवार देररात जमकर मारपीट की गई। दोनों पक्षों की ओर से थाना फेज-1 पुलिस को शिकायत दी गई है। वहीं घायल लोगों का मेडिकल कराया गया है। पुलिस पूरे मामले की जांच कर रही है। बता दे कंपनी प्राधिकरण से अनु. बंधित है।

सेक्टर 8 नोएडा में स्थित । ळ म्दअपतव कंपनी है। ये कंपनी नोएडा में डोर टू डोर कूड़ा उठाने का कार्य करती है। इसमें दो मजदूर संगठन में विभिन्न मुद्दों पर कंपनी से आपसी विवाद चल रहा है। सैलरी और कार्य को लेकर दोनों संगठन के बीच आपस में मनमुटाव होता रहता है। इन दोनों संगठनों की कंपनी और प्राधिकरण से भी कई बार बातचीत हो चुकी है। बुधवार देर रात इसी कंपनी में रोहित ठाकुर पुत्र रामकेश निवासी ए-8 सेक्टर 5 में कार्य करता है। बुधवार देर रात रोहित एवं उसके अन्य साथी दूसरे पक्ष के ईश्वर वाल्मीकि नाम के व्यक्ति के यहां गए। वहां दोनों ने पहले बातचीत की। इसके बाद झगड़ा हो गया। जिसमें दोनों पक्षों के लोगों को चोटें लगी। दोनों पक्षों से घायल व्यक्तियों एवं महिलाओं का मेडिकल जांच कराई गई। दोनों पक्षों ने घटना के संबंध में तहरीर पुलिस को दी है। मामले की जांच जारी है।

बाइक की टक्कर से साइकिल सवार घायल

नोएडा। सेक्टर-62 में तेज रफ्तार बाइक ने साइकिल में टक्कर मारकर युवक को घायल कर दिया। घायल का एक निजी अस्पताल में उपचार चल रहा है। सेक्टर-58 थाने में दी शिकायत में गाजियाबाद के मकनपुर निवासी सूरज कुमार ने बताया कि उनका भाई विकास सेक्टर-59 स्थित एक कंपनी में नौकरी करता है। बीते दिनों कंपनी से काम समाप्त कर वह साइकिल से मकनपुर लौट रहा था। विकास जब हाईफन के सामने वाले कट पर पहुंचा तो पीछे से आई बाइक ने उसकी साइकिल में टक्कर मार दी। टक्कर इतनी जोरदार थी कि विकास दूर गिरा और सिर समेत शरीर के अन्य हिस्से में चोट लगने से घायल हो गया। राहगीरों ने घायल को उपचार के लिए नजदीक के अस्पताल में भर्ती कराया। घायल विकास का इलाज अब भी गाजियाबाद के एक निजी अस्पताल में चल रहा है। पुलिस ने अज्ञात बाइक चालक के खिलाफ केस दर्ज कर लिया है। हादसे में विकास की साइकिल भी पूरी तरह से क्षतिग्रस्त हो गई।

मंदिर में पुजारी से मारपीट

ग्रेटर नोएडा। ग्रेटर नोएडा के ईकोटेक-1 कोतवाली क्षेत्र में एक पुजारी से मारपीट का मामला सामने आया है। चूहड़पुर गांव स्थित मंदिर के पुजारी त्रिवेणी गिरी ने एक व्यक्ति के खिलाफ शिकायत दर्ज कराई है।

पुजारी त्रिवेणी गिरी ने बताया कि वह गांव में एक व्यक्ति के घर गए थे। वहां राजवीर कसाना नाम के व्यक्ति ने उनके साथ गाली-गलौज की। आरोपी ने पुजारी की दाढ़ी खींची और जान से मारने की धमकी दी। आसपास मौजूद लोगों ने बीच-बचाव कर पुजारी को बचाया। पीड़ित की शिकायत पर पुलिस ने राजवीर कसाना के खिलाफ मामला दर्ज कर लिया है। पुलिस का कहना है कि जल्द ही आरोपी को गिरफ्तार कर जेल भेजा जाएगा।

शादी से लौट रहे छात्र पर जानलेवा हमला

शाह टाइम्स संवाददाता

ग्रेटर नोएडा। ग्रेटर नोएडा के दनकौर में एक बीएससी छात्र पर जानलेवा हमला हुआ है। शादी समारोह से लौट रहे छात्र को कार सवार 6 लोगों ने रोककर डंडों से पीट दिया। पीड़ित की पहचान अलीगढ़ के टप्पल निवासी सागर के रूप में हुई है।

घटना बुधवार की देर रात की है। सागर भट्टा गांव में एक रिश्तेदार की शादी में शामिल होने गया था। वह अपने साथियों के साथ कार से वापस लौट रहा था। मुतैना गांव के पास पहुंचते ही दूसरी कार में सवार 6 हथियारबंद लोगों ने उनकी कार रोक ली। आरोपियों ने सागर को कार से खींचकर बाहर निकाला और डंडों से पीटना शुरू कर दिया।हमले में सागर के सिर और हाथों समेत शरीर के कई हिस्सों में गंभीर चोटें आईं। आरोपी उसे घायल अवस्था में सड़क पर छोड़कर फरार हो गए। पीड़ित का इलाज दनकौर के अस्पताल में चल रहा है।सागर ने गुरुवार को दनकौर कोतवाली में शिकायत दर्ज कराई है। उसने बताया कि आरोपी उसी के गांव के रहने वाले हैं। कुछ दिन पहले उनसे विवाद हुआ था। पुलिस ने मामले की जांच शुरू कर दी है। पुलिस के मुताबिक शिकायत के आधार पर कानूनी कार्रवाई की जाएगी।

भतीजी के सामने चाचा को पीटा

नोएडा। सेक्टर-22 में मामूली बात पर चार लोगों ने भतीजी के सामने उसके चाचा को पीटकर लहूलुहान कर दिया। पुलिस ने चारों नामजद आरोपियों के खिलाफ केस दर्ज कर मामले की जांच शुरू कर दी है। सेक्टर-24 पुलिस को दी शिकायत में शाहजहांपुर निवासी राधा ने बताया कि वह बुधवार को अपने चाचा के साथ सेक्टर-22 स्थित घर के बाहर खड़ी थी। वे दोनों बात कर रहे थे। इसी दौरान पड़ोस में रहने वाले आलोक, विलोक, छोटे लाला और शिवाजी आ गए। चारों ने बिना किसी वजह के उनके चाचा के साथ गाली-गलौज करनी शुरू कर दी। विरोध करने पर चारों ने चाचा को लाठी और डंडे से पीटा। शोर मचाने पर जब लोग जमा होने लगे तो आरोपी जान से मारने की धमकी देकर भाग गए।

सीवर की सफाई के दौरान दो भाइयों की मौत

शाह टाइम्स संवाददाता

नोएडा। नॉलेज पार्क कोतवाली क्षेत्र सेक्टर 50 स्थित एटीएस ली ग्रांडियोस सोसायटी में 18 फरवरी को सीवर की सफाई को अपने भाई के साथ उतरे राजू की भी उपचार के दौरान मौत हो गई। उसका उपचार यथार्थ अस्पताल में चल रहा था।वे आईसीयू में वेंटिलेटर पर थे। चिकित्सकों की टीम लगातार उन्हें होश में लाने का प्रयास कर रही थी। पीड़ित परिजन शव लेकर अपने अपने पैतृक गांव हाथरस के सिकंद. राराऊ रवाना हो गए। जहां उनका अंतिम संस्कार कर दिया गया है।

बता दें कि राजू अपने भाई 35 वर्षीय बबलू के साथ सीवर की सफाई करने के लिए उतरा था। सीवर में दोनों जहरीली गैस की चपेट में आने से बेहोश हो गए थे। उन्हें उपचार के लिए मेंटेनेंस प्रबंधन ने यथार्थ अस्पताल भर्ती कराया था। जहां डॉक्टरों ने बबलू को मृत घोषित कर दिया था। घटना के पांच दिन बाद जिंदगी व मौत से जूझ रहे राजू ने भी आखिरकार हार मान ली।मृतक के भाई डब्बू ने इसकी पुष्टि करते हुए बताया कि उनके दूसरे भाई राजू की भी उपचार के दौरान मौत हो गई है। हालांकि मामले में अभी तक पीड़ित परिजन ने सोसायटी प्रबंधन के खिलाफ कोई तहरीर नहीं दी है। सोसायटी प्रबंधन ने पीड़ित स्वजन को बबलू व राजू के परिवार के भरण पोषण व आर्थिक मदद करने का आश्वासन दिया है। डब्बू ने बताया कि अभी परिवार में मातम पसरा हुआ है। वह एक दो दिन बाद ग्रेटर नोएडा आएंगे। ज्ञात हो कि मंगलवार को सोसायटी परिसर के भीतर सफाई करने उतरे बबलू व राजू जहरीली गैस की चपेट में आ गए थे। जिसमें बबलू की उपचार के दौरान मौत हो गई थी।

पूर्व में भी हो चुके हैं हादसे

केस एक: सीवर में सफाई को उतरे सफाईकर्मी पूर्व में भी जहरीली गैस की चपेट में आने से काल के मुंह का ग्रास बन चुके हैं। उसके बाद भी सफाईकर्मियों को बना सुरक्षा उपकरणों के सफाई करने के लिए उतार दिया जाता है।

केस दो: 17 मई 2024 को फेस-2 कोतवाली क्षेत्र के होजरी कांप्लेक्स क्षेत्र स्थित रेडीमेड गारमेंट बनाने वाली कंपनी की चोक सीवर को साफ करने उतरे दो सफाईकर्मियों की दम घुटने से मौत हो गई थी।

केस तीन: चार मई 2024 को थाना सेक्टर 20 में एक मकान के सीवर में सफाई करने उतरे दो मजदूरों की जहरीली गैस की चपेट में आने से मौत हो गई थी।

केस चार: 25 जून 2024 को ईकोटेक एक कोतवाली क्षेत्र स्थित कोफोर्ज कंपनी का सीवेज ट्रीटमेंट प्लांट में सफाई को उतरे तीन कर्मचारियों की मौत हो गई थी।

ग्रामीण एनपीसीएल का करेंगे बहिष्कार यूपीपीसीएल से बिजली आपूर्ति की होगी मांग

शाह टाइम्स संवाददाता

ग्रेटर नोएडा। ग्रेटर नोएडा क्षेत्र के किसानों ने बिजली समस्याओं को लेकर किसान सभा एवं किसान एकता संघ के नेतृत्व में तुगलपुर स्थित एनपीसीएल दफ्तर का घेराव कर धरना-प्रदर्शन किया।

प्रदर्शन के दौरान, बिजली कंपनी के अधिकारियों ने एडीसीपी मिश्रा के माध्यम से वार्ता का प्रस्ताव रखा, जिसमें 15 सदस्यीय प्रतिनिधिमंडल ने विस्तार से चर्चा की। हालांकि, वार्ता में सिर्फ एक मुद्दे जिसमें खेड़ी गांव में बिजली कर्मचारियों द्वारा की गई बदतमीजी की घटना में शामिल बिजली कर्मियों के सस्पेंशन पर सहमति को छोड़कर अन्य किसी भी मुद्दे पर सहमति नहीं बन पाई, जिससे किसानों में भारी रोष व्याप्त हो गया। किसान सभा के जिलाध्यक्ष डा. रूपेश वर्मा ने बताया कि गामीण क्षेत्र में व्याप्त बिजली की समस्याओं को लेकर एनपीसीएल अधिकारियों से हुई वार्ता विफल होने के बाद ग्रामीणों ने सर्वसम्मति से निर्णय लिया कि वे अब एनपीसीएल की बिजली नहीं लेंगे और कंपनी के किसी भी बिलिंग संबंधित कर्मचारी को गांव में घुसने नहीं देंगे। ग्रामीणों ने प्रशासन को ज्ञापन सौंपकर एनपीसीएल की जगह यूपीपीसीएल से बिजली आपूर्ति की मांग करने का निर्णय लिया है। वहीं जब तक मांगें पूरी नहीं होतीं, ग्रामीणों ने बिजली बिल न भरने का संकल्प लिया है। इसके अलावा प्रशासन को चेतावनी दी गई है कि गांवों में बड़े पैमाने पर बैठकें आयोजित कर एनपीसीएल बहिष्कार प्रस्ताव पारित किया जाएगा, और प्रशासन को एक निश्चित समय सीमा दी जाएगी, जिससे ग्रामीणों को एनपीसीएल की जगह यूपीपीसीएल से सहज रूप से बिजली मिल सकें।

ग्रामीणों पर झूठे चोरी के मुकदमे किए दर्ज: डॉ. रुपेश वर्मा ने कहा कि बिजली कंपनी के अधिकारी अपनी बात पर टिकते नहीं हैं। ग्रामीणों पर झूठे चोरी के मुकदमे दर्जकर उनका शोषण किया जा रहा है। हाल ही में खेड़ी गांव के संतराज के साथ हुई मारपीट इसका ताजा उदाहरण है। मुकेश खेडी ने कहा कि एनपीसीएल के शोषण से किसान तंग आ चुके हैं। अब हमें एनपीसीएल की आपूर्ति नहीं चाहिए, बल्कि यूपीपीसीएल की सप्लाई की जाए।

दो साल की बच्ची की दुर्लभ सर्जरी

नोएडा। नोएडा के चाइल्ड पीजीआई में एक दुर्लभ सर्जरी कर जन्मजात बच्चे को नई जिंदगी दी गई। बच्चे के जन्म के समय ही उसकी आंत पेट के बाहर निकली हुई थी।इसे गैस्ट्रोकिसिस बीमारी कहा जाता है। डॉक्टरों ने इसका सफलता से इलाज किया। बच्ची अब पूरी तरह से स्वस्थ्य है और अपने परिवार के बीच है। पहली बार अस्पताल में इस तरह की कोई सर्जरी की गई। अस्पताल के डायरेक्टर प्रोफेसर अरुण कुमार सिंह ने बताया कि चाइल्ड पीजीआई में करीब एक महीना पहले इस मरीज को भर्ती कराया गया था। मरीज के इलाज के बाद बुधवार को उसे छुट्टी दे दी गई है। बच्ची अब स्वस्थ है। डॉक्टरों ने बताया कि गैस्ट्रोकिसिस एक दुर्लभ जन्म दोष है। जिसमें जन्म के समय बच्ची की आंतें पेट के बाहर होती है।

जुआ खेल रहे 15 लोग गिरफ्तार

शाह टाइम्स संवाददाता

नोएडा। सेक्टर-63 पुलिस ने सार्वजनिक स्थान पर जुआ खेल रहे 15 जुआरियों को गुरुवार को गिरफ्तार कर लिया। उनके पास से ताश के पत्ते और 9650 रुपये बरामद हुए। आरोपियों की आयु 21 साल से 42 साल के बीच है। स्थानीय लोगों ने जुआ न खेलने के लिए पहले भी मना किया था पर आरोपियों ने उनकी बातों पर ध्यान नहीं दिया। आरोपियों के खिलाफ जुआ अधिनियम के तहत केस दर्ज हुआ है।

357 ओवरलोड व अवैध वाहनों का काटा चालान

271 **हुए बंद,** 168. 28 **लाख की वसूली**

शाह टाइम्स संवाददाता

नोएडा। जनपद गौतमबुद्ध नगर में परिवहन और खनन विभाग ने दो माह के दौरान विशेष अभियान चलाकर ओवरलोड व अवैध परिवहन के विरुद्ध कार्यवाही करते हुए 357 ओवरलोड वाहनों के चालान कर 271 वाहनों को बन्द कर दिया। इन ओवरलोड वाहनों से लगभग प्रशमन शुल्क 168 लाख 28 हजार रुपए वसूला किया गया है।

एआरटीओ प्रवर्तन डा. उदित नारायण ने बताया कि उत्तर प्रदेश शासन एवं जिलाधिकारी गौतमबुद्ध नगर मनीष कुमार वर्मा के निर्देशों क्रम में जनपद में ओवर लोड संचा. लित वाहनों और खनन सामाग्री के अवैध परिवहन के विरुद्ध अपर जिलाधिकारी वित्त एवं राजस्व के नेतृत्व में निरंतर कार्यवाही की जा रही है। उन्होंने बताया कि वर्ष 2025 के जनवरी एवं फरवरी माह में चलाये गये राजस्थान व हरियाणा से रोडी, गिट्टी, रेता आदि लादकर जनपद गौतमबुद्ध नगर आने वाले एवं अन्य 357 ओवरलोड वाहनों के चालान कर 271 वाहनों को बन्द करने की कार्यवाही की गई।

उन्होंने बताया कि इस अवधि में यह कार्यवाही इको टेक-1, डीएनडी कालिंदी कुंज, चार मूर्ति, सिरसा कट, बिसरख, बादलपुर, नालेज पार्क सहित जनपद के विभिन्न स्थानों पर अलग-अलग समय पर की गई। इस दौरान वाहनों में ओवर लोड माल परिवहन के अतिरिक्त कई वाहनों में पंजीयन चिन्ह अस्पष्ट न होने और निर्माण सामाग्री, त्रिपाल से ढका न होने, रेफ्लेक्ट न लगा होने, फिटनेस/परमिट प्रमाण-पत्र न होने व कर न जमा होने के कारण प्रवर्तन की कार्यवाही की गई। इस अभियान के दौरान एआरटीओ प्रवर्तन डॉ उदित नारायण, अभिषेक कनौजिया, विपिन चौधरी, जिला खनन अधिकारी उत्कर्ष त्रिपाठी, यात्री कर अधिकारी राजेश मोहन, के जी संजय सहित पुलिस और प्रवर्तन कर्मी शामिल रहे।

उन्होंने बताया कि ओवरलोड वाहनों पर लगभग प्रशमन शुल्क 168 लाख 28 हजार वसूलने के साथ ही सभी चालकों के ड्राइविंग लाइसेन्स निलंबन और परमिट निल. बन की संस्तुति की गई।

एआरटीओ प्रवर्तन ने वाहन स्वामियों से अपील करते हुए कहा है कि ओवर लोडिंग से वाहन का सन्तुलन बिगड़ता है, इससे सड़क हादसों की संभावना बढ़ती है, सड़कों के मरम्मत पर व्यय बढ़ता है। गाड़ी के टायर व इंजन की आयु कम हो जाती है, प्रदूषण बढ़ता है, यह नुकसानदायक है, अत: ओवर लोडिंग न करें।

प्राधिकरण के पास नहीं जमीन, हवा में बिल्डर बना रहे थे स्पोर्ट्स सिटी

नोएडा। नोएडा में स्पोर्ट्स सिटी के नाम पर जहां किसानों से सस्ते दाम पर जमीन अधिगृहीत की गई। वहीं, निवेशकों को भी गुमराह करके खूब ठगा गया है।स्थिति यह है कि जिस जमीन पर फ्लैट बनाए जाने थे। उसमें से 15 खसरा नंबरों की 16.2512 हेक्टेयर भूमि जिला प्रशासन को 24 दिसंबर 2014 वापस कर दी गई थी। यानी प्राधिकरण के अफसरों और बिल्डरों के गठजोड़ से निवेशकों को उन फ्लैटों में निवेश करा दिया गया, जो कागजों सिर्फ कागजों में ही हैं।

प्राधिकरण सीईओ डा. लोकेश एम ने बताया कि हाई कोर्ट के आदेश के बाद इस प्रकरण का विधि विभाग के साथ अध्ययन किया जा रहा है। सूत्रों के मुताबिक स्पोर्ट्स सिटी आवंटन में बड़ा घोटला हुआ है। मात्र 10 प्रतिशत धनराशि पर सस्ती दर पर जमीन दी गई। आवंटन के बाद बिल्डरों ने नियम व शर्तों को पूरा नहीं किया। आवासीय व कामर्शियल स्पेश को मोटी दर पर बेच दिया गया। कामनवेल्थ गेम के दौरान 2008 में प्राधिकरण ने स्पोर्ट्स सिटी बनाने की कार्ययोजना तैयार की थी।इसमें सेक्टर-78, 79 व 101 आदि तीन सेक्टर स्पोर्ट्स सिटी के लिए आरक्षित किए गए। जनाडु इस्टेट प्राइवेट लिमिटेड (कंसोटियम) को 7,27,500 वर्ग मीटर जमीन दी गई। 7,03,001.80 वर्ग मीटर जमीन पर कब्जा दे दिया गया। बाकी जमीन के लिए बिल्डर से कहा गया कि ब्रोशर शर्त के अनुसार जैसे बाकी जमीन उपलब्ध होगी, कब्जा दिया जाएगा। जमीन का क्षेत्रफल बढ़ व घट सकता है। कारण यह था कि प्राधिकरण के पास जमीन ही उपलब्ध नहीं थी।

बिल्डरों को सस्ती दरों में जमीन क्यों दी गई: किसान नरेश चंद्र यादव ने बताया कि सवाल सुप्रीम कोर्ट ने सेक्टर-101 की पूरी जमीन वापस कर दी।

उद्योग व व्यापार बंधुओं की समस्याओं को लेकर डीएम गंभीर

शाह टाइम्स संवाददाता

ग्रेटर नोएडा। जनपद के औद्योगिक विकास को और गति प्रदान करने एवं उद्योग बंधुओं व व्यापार बंधुओं के सम्मुख आने वाली समस्याओं का तत्काल प्राथमिकता के आधार पर निस्तारण सुनिश्चित कराने के उद्देश्य से आज डीएम मनीष कुमार वर्मा ने कलेक्ट्रेट सभागार में जिला उद्योग बंधु एवं जिला व्यापार बंधु समिति की बैठक की अध्यक्षता करते हुए संबंधित विभाग के अधिकारियों को आवश्यक दिशा-निर्देश प्रदान कर रहे थे। उन्होंने जिला उद्योग एवं जिला व्यापार से जुड़े हुए समस्त प्रतिनिधियों की विद्युत कटौती, पानी ट्रैफिक जाम, ई0एस0आई0 अस्पताल निर्माण, टूटी सड़के, अतिक्रमण जैसी आदि समस्याओं को बहुत ही गहनता के साथ अनुश्रवण किया।

डीएम ने बैठक करते हुए विभागीय अधिकारियों को निर्देश देते हुए कहा कि जनपद गौतम बुद्ध नगर उत्तर प्रदेश का शो विंडो कहा जाने वाला जनपद है और जनपद के औद्योगिक विकास में उद्यमियों का बहुत ही महत्वपूर्ण योगदान है, इसलिए अधिकारियों को दायित्व और अधिक बढ़ जाता है कि उद्यमी प्रतिनिधियों के द्वारा उद्योग से जुड़ी हुई जो समस्या आज उद्योग बंधु की बैठक में रखी गई हैं संबंधित विभाग के अधिकारी गण अभियान चलाकर सर्वोच्च प्राथमिकता के आधार पर उनका निराकरण करने की कार्रवाई सुनिश्चित करेंगे एवं प्रदेश सरकार के द्वारा जनपद के औद्योगिक विकास को गति प्रदान करने के उद्देश्य से उद्यमियों के लिए संचालित सभी योजनाओं का लाभ माननीय मुख्यमंत्री जी की मंशा के अनुरूप उद्यम बंधु तक प्रमुखता के साथ पहुंचाए जाने की कार्रवाई भी संबंधित विभाग के अधिकारियों के द्वारा सुनिश्चित की जाए।

जिलाधिकारी ने कहा कि जनपद में नई औद्योगिक इकाइयों की स्थापना के संबंध में जो आवेदन निवेश मित्र पोर्टल पर उद्यमियों के द्वारा प्रस्तुत किए जा रहे हैं सभी संबंधित विभाग के अधिकारियों के द्वारा उन पर सर्वोच्च प्राथमिकता के आधार पर कार्रवाई सुनिश्चित की जाए।

इस महत्वपूर्ण बैठक में अपर जिला अधिकारी वि0/रा0 अतुल कुमार, उपायुक्त उद्योग अनिल कुमार, अपर श्रम आयुक्त, सहायक निदेशक कारखाना, पुलिस व प्राधिकरण के वरिष्ठ अधिकारी गण, श्रम विभाग के प्रवर्तन अधिकारीगण, अन्य संबंधित विभागीय अधिकारियों के अलावा उद्यमी एवं श्रम संगठन के प्रति. निधियों एवं व्यापार मंडल के पदाधिकारियों के द्वारा भाग लिया गया।

शाह टाइम्स

आपके लोकप्रिय अखबार दैनिक शाह टाइम्स में विज्ञापन एवं समाचारों के लिए संपर्क करें।

प्रवेश सिंह दतानियां

जिला प्रभारी गौतमबुध नगर/खोड़ा

सी-311, सेक्टर-10, नोएडा, जनपद गौतमबुध नगर

9810967541, 8920145356

Email : parveshnoida@gmail.com

खबरें छुपाता नहीं, छापता है

सरूरपुर सीएचसी बन रही भ्रष्टाचार का अड्डा

एक के बाद एक हो रही रिश्वतखोरी की शिकायत

शाह टाइम्स संवाददाता

सरूरपुर। सरूरपुर सीएचसी अवैध वसूली को लेकर लगातार सुर्खियों में है। कभी डॉक्टर द्वारा पैसे लेने कभी संविदाकर्मियों द्वारा प्रसव के नाम पर पैसे, कभी अवैध गाड़ियों के नाम पर शिकायतें मिलती हैं। डिप्टी सीएम भी सरूरपुर सीएचसी पर तैनात डॉक्टर को निलंबित कर चुके हैं। वहीं अब मेडिकल के नाम पर 5 हजार की रिश्वतखोरी के आरा. `प सीएचसी के डॉक्टर पर लगे हैं।

कस्बा हर्रा निवासी मौहम्मद पुत्र अबरार ने डीएम को इसकी शिकायत की है। उसने बताया कि गत 21 फरवरी की रात को सीएचसी पर मेडिकल कराने के लिए गया था। जहां मौजूद चिकित्सकों ने प्रभारी के इशारे पर उससे 5 हजार रूपये की अवैध वूसली के रूप में रिश्वत की मांग रख दी। जिस पर उसने पैसे नहीं होने की दुहाई दी तो चिकित्सक ने मेडिकल करने से इंकार कर दिया। इसके बाद उसने परिचितों से उधार लेकर सीएचसी पर वार्ड बॉय को 5 हजार रूपये दिये। उसके बाद उसका मेडिकल किया गया। अब इस मामले की शिकायत डीएम तक पहुंची है। एक के बाद एक शिकायत ने सरूरपुर सीएचसी पर भ्रष्टाचार की पोल खोल कर रख दी है।

युवती ने पंखे से लटककर की आत्महत्या

मेरठ। थाना भावनपुर के गांव अब्दुल्लापुर जागीर मोहल्ले में 23 वर्षीय युवती सीमा पुत्री इंद्रपाल ने की पंखे पर लटक आत्महत्या कर ली। लड़की आईएस की तैयारी कर रही थी। बताया गया है कि लड़की के माता-पिता सुबह गंगा स्नान करने गए थे जैसे ही एक बजे वह अपने घर वापस पहुंचे और दरवाजा खटखटाया तो अंदर से किसी की आवाज नहीं आई। काफी देर तक माता-पिता दरवाजा खटखटाते रहे बाद में माता-पिता ने जोर-जोर से शोर मचाया तो आसपास के लोग इकट्ठा हो गए और खिड़की से झाकर देखा तो लड़की पंखे के ऊपर मृत अवस्था में लटकी हुई थी। लोगों ने मिलकर दरवाजे को तोड़ा और लड़की को पंखे से उतारा और लाइफलाइन हॉस्पिटल गंगानगर में लेकर गए जहां डॉक्टरों ने उसे मृत घोषित कर दिया। परिजन शव को लेकर घर आ गए और पुलिस को सूचना दी। पुलिस ने शव का पंचनामा कराकर पोस्टमार्टम के लिए भेज दिया।

शाहजहांपुर में अत्याधुनिक सुविधायुक्त किडजी प्ले स्कूल का उद्घाटन

किडजी प्ले स्कूल जैसे शैक्षणिक संस्थान के शाहजहांपुर में खुलने से शिक्षा के स्तर को मिलेगा बढ़ावा: महरे आलम खान

शाह टाइम्स संवाददाता

मेरठ। कस्बा शाहजहांपुर स्थित राजधानी नर्सरी के पास खेल खेल में पढ़ाई के विकल्प के रूप में किडजी प्ले स्कूल का शुभारंभ किया गया। स्कूल का उदघाटन चेयरमैन वसी उर रहमान व तबारक उल्ला खान तथा थाना किठौर पुलिस स्टाफ ने संयुक्त रूप से फीता काटकर किया। प्रोग्राम के विशिष्ट अतिथि किडजी क्लस्टर हेड प्रताप चौहान तथा एकेडमिक मैनेजर सपना तेवतिया रही।

सम्मानित अतिथि चेयरमैन वसी उर रहमान, डॉक्टर युसूफ खान, डॉक्टर अनिल मोरल, मास्टर महेंद्र उर्फ गुड्डू व तबारक उल्ला खान, अतहर खान, तथा ताहिर खान रहें। प्रोग्राम का संचालन महरे आलम खान ने किया सभा को संबोधित करते हुए महरे आलम खान ने बच्चों के मानसिक और शारीरिक विकास को ध्यान में रखते हुए मेंटल हेल्थ टिप्स और फिटनेस फार्मूला साझा किए। श्री खान ने कहा कि छोटे बच्चों के सर्वांगीण विकास के लिए मानसिक और शारीरिक स्वास्थ्य का मजबूत होना जरूरी है। किडजी क्लस्टर हेड प्रताप चौहान ने सभा को संबोधित कर कहा कि किडजी प्ले स्कूल एक कांसेप्ट है, बच्चों का बेस अच्छा होगा तभी वह अच्छा करेंगे। छोटे-छोटे बच्चों को खेल-खेल में किताबी शिक्षा देना किडजी स्कूल का उद्देश्य होता है।

पूर्व चेयरपर्सन पति तबारक उल्लाह खान ने संबोधित करते हुए कहा कि किडजी प्ले स्कूल कस्बे के बच्चों के उज्जवल भविष्य की दिशा में एक महत्वपूर्ण कदम है। उन्होंने अभिभावकों से अपने बच्चों को स्कूल में प्रवेश दिलाकर उनके अच्छे भविष्य की नींव मजबूत करने की अपील की। पूर्व प्रत्याशी नगर पंचायत शाहजहांपुर सिकंदर बख्त खान ने अभिभावकों को अपने संबोधन में बताया कि जब हमारे क्षेत्र में प्ले स्कूल की सुविधा नहीं थी तब मैं आपने बेटे को शाहजहांपुर से 30 किलोमीटर दूर मेरठ शिक्षा ग्रहण कराने खुद लेकर जाता था। आज हमारा सौभाग्य है कि किडजी प्ले स्कूल की सौगात हमें मिली है।

प्री प्राइमरी शिक्षा के क्षेत्र में शैक्षणिक गुणवत्ता के साथ-साथ बच्चों का सर्वांगीण विकास करना हमारा लक्ष्य: किडजी डायरेक्टर

किडजी शाखा शाहजहांपुर के डायरेक्टर शोएब खान व डॉक्टर अजमल हुसैन ने बताया कि नौनिहालों को मनोरंजन माहौल के बीच बेहतरीन और गुणवत्तापूर्ण शिक्षा उपलब्ध करा उनको बुनियादी तौर पर मजबूत करने के उद्देश्य से स्कूल का शुभारंभ किया गया है। भारत में किडजी प्ले स्कूल संस्थान की लोकप्रियता दिन-प्रतिदिन बढ़ती जा रही है इसी कारण अत्याधुनिक सुविधाओं युक्त माहौल में बच्चों के सर्वांगीण विकास के साथ उनकी संपूर्ण देखरेख की बदौलत अभिभावकों के दिल में किडजी संस्थान के प्रति एक अनूठा रिश्ता बन रहा है जिसका प्रमाण आज हिंदुस्तान में किडजी की 2500 से अधिक शाखाएं फैली हुई हैं। डायरेक्टर शोएब खान की बेटी रमिशा खान ने भी सभा को सम्बोधित कर प्रफुल्लित किया। प्रोग्राम में मुख्य रूप से गुड्डू खान, मुहीब अहसन, जुबिन खान, मुन्ने खां, आशु मूलचंद, वसी खान, मंसूर खान, नजम खान, रफीक खान, शाहिद इस्लाम खान, तालिब इस्लाम खान, सेतु कंसल आदि लोग उपस्थित रहे। प्रोग्राम को सफल बनाने में किडजी स्कूल की प्रधान अध्यापक आयुषी गोयल व समस्त स्टाफ की अहम भूमिका रही।

मेरठ बार एसोसिएशन का चुनाव हुआ त्रिकोणीय!

शाह टाइम्स संवाददाता

मेरठ। गुरुवार को मेरठ का ऐतिहासिक माना जाने वाला बार एसोसिएशन चुनाव सम्पन्न हो गया जिसमें बड़ी संख्या में मतदाताओं ने अपने मताधिकार का प्रयोग किया। सुबह नौ बजे से मतदान आरंभ हुआ और करीब शाम साढ़े पांच बजे तक मतदान चला। पांच बजे तक जो लोग मतदान केन्द्र में पहुंच चुके थे उनकी वोटिंग कराई गई। दोपहर में एक से डेढ़ तक का लंच भी रखा गया। इस चुनाव में पांच पैनल थे जिनमें धीरे-धीरे नरेन्द्र शर्मा पैनल की दावेदारी कमजोर दिखी। इसके बाद रोहिताश्व अग्रवाल पैनल और प्रदीप सरोहा पैनल, संजय शर्मा व अजय शर्मा पैनल आखिर तक पूरे जोश खरोश से लगे रहे। मुख्य मुकाबला अब त्रिकोणीय माना जा रहा है। रोहिताश्व अग्रवाल, प्रदीप सरोहा व दो प्रमुख ब्राह्मण चेहरों में से किसी एक के पक्ष में ब्राह्मण मतदाता जाते दिखे। इस प्रकार चुनाव में मतदान प्रक्रिया पूर्ण हो चुकी है। आज मतगणना होनी है। वहीं जिला बार के चुनाव में राजीव त्यागी पैनल विजयी रहा।

मताधिकार का प्रयोग करने जाते अधिवक्तागण।

कूड़े के ढेर पर टूटकर गिरे विद्युत तार, उठी आग की लपटें

शाह टाइम्स संवाददाता

हस्तिनापुर। बंगाली बाजार के पास विद्युत तार टूटने के बाद कूड़े के ढेर में आग लग गई। हालांकि आग से कोई हताहत नहीं हुआ और थोड़ी देर में आग बुझ गई। बीते बुधवार की देर रात लगभग बंगाली बाजार से माखननगर जाने वाले मार्ग पर अचानक विद्युत तार टूट गए और कूड़े के ढेर पर जा गिरे। तारों में करंट दौड़ने के चलते तुरंत ही कूड़े के ढेर में आग लग गई और ऊंची लपटे उठ गईं। हालांकि इस दौरान कोई भी वाहन या व्यक्ति चपेट में नहीं आया और बड़ी दुर्घटना होने से बच गई। अवर अभियंता बिजेंद्र सिंह ने बताया कि विद्युत उपकेंद्र से तजपुरा की ओर जाने वाली विद्युत लाइन अचानक टूट गई। समय रहते लाइन को बंद कराकर तारों को दुरुस्त करा दिया गया।

प्रगति लिटिल जीनियस प्ले स्कूल का वार्षिकोत्सव हर्षोल्लास के साथ सम्पन्न

- नन्हे-मुन्ने बच्चों ने सांस्कृतिक व रंगारंग कार्यक्रमों की दी प्रस्तुति

शाह टाइम्स संवाददाता

मेरठ। नेहरू नगर, गली नंबर 1 स्थित प्रगति लिटिल जीनियस प्ले स्कूल का वार्षिकोत्सव गुरुवार को बड़े धूमधाम एवं उत्साह के साथ मनाया गया। इस अवसर पर नन्हें-मुन्ने बच्चों ने विभिन्न सांस्कृतिक एवं रंगारंग कार्यक्रम प्रस्तुत कर सभी का मन मोह लिया। कार्यक्रम की मुख्य अतिथि विद्यालय की संस्थापिका अनुराधा वर्मा थीं, जिन्होंने दीप प्रज्ज्वलित कर समारोह का शुभारंभ किया। उन्होंने अपने उद्बोधन में बच्चों की प्रतिभा की सराहना करते हुए कहा कि संस्कार एवं शिक्षा का समुचित समन्वय ही उज्ज्वल भविष्य की नींव रखता है। विद्यालय के डायरेक्टर नीरज वर्मा एवं मैनेजिंग डायरेक्टर अनुश्री वर्मा ने सभी आगंतुकों का स्वागत एवं आभार व्यक्त किया। उन्होंने विद्यालय की उपलब्धियों पर प्रकाश डालते हुए कहा कि संस्थान बच्चों के सर्वांगीण विकास के लिए निरंतर प्रयासरत है। कार्यक्रम के दौरान छोटे बच्चों ने नृत्य, गायन, कविता पाठ एवं नाट्य प्रस्तुतियों के माध्यम से अपनी अद्भुत प्रतिभा का प्रदर्शन किया। विशेष रूप से प्रस्तुत किए गए लोकनृत्य एवं देशभक्ति गीतों पर आधारित कार्यक्रमों ने दर्शकों को मंत्रमुग्ध कर दिया। इस अवसर पर विद्यालय की शिक्षिकाएँ बबीता, दीपिका, दिव्य, मांडवी, नेहा आदि ने बच्चों को तैयार करने में महत्वपूर्ण योगदान दिया। उनकी मेहनत एवं समर्पण के लिए विद्यालय प्रबंधन ने उनका आभार व्यक्त किया। अंत में, विद्यालय प्रबंधन ने इस स्फल आयोजन के लिए बच्चों, शिक्षकों, अभिभावकों एवं समस्त विद्यालय परिवार को धन्यवाद दिया और आशा व्यक्त की कि आगे भी इसी तरह शिक्षा और संस्कार की इस यात्रा में सभी का सहयोग बना रहेगा।

प्रदेश सरकार ने किसानों के साथ किया छल

शाह टाइम्स संवाददाता

हस्तिनापुर। क्षेत्र के गांव बड़ी चामरोद में समाजवादी पार्टी की ओर से पिछड़े, दलित, अल्पसंख्यक (पीडीए) पंचायत का आयोजन किया। गया जिसमें सपा कार्यकर्ताओं ने सपा के राष्ट्रीय अध्यक्ष अखिलेश यादव का संदेश लोगों तक पहुंचा और भाजपा पर जमकर प्रहार किया बड़ी चामरोद गांव में मोतीराम जाटव के आवास आयोजित हुई बैठक में मुख्य अतिथि किशोर वाल्मीकि ने रहे। कार्यक्रम की अध्यक्षता सपा प्रदेश सचिव नरवेर सिंह खालसा व संचालन जिलाध्यक्ष अनुसूचित जाति प्रकोष्ठ इंद्रजीत जयंत ने किया। किशोर वाल्मीकि ने कहा बीजेपी ने आपसी भाईचारा समाप्त कर दिया। सरकार प्रदेश में विकास करने में पूरी तरह किल रही। सरकार ने प्रदेश के बजट में गन्ने का एक रुपया नहीं बढ़ाया। प्रदेश सचिव ने कहा भाजपा संविधान से भी छेड़छाड़ कर रही है जिसे लेकर सपा के राष्ट्रीय अध्यक्ष अखिलेश यादव द्वारा एक मुहिम चलाई जा रही है और सपा में लोगों को जोड़ा जा रहा है। कहा कि लोगों का हित सपा में सुरक्षित हैं। इस मौके पर रणजीत सिंह, दारा सिंह, अवतार सिंह, गुरमीत, संदीप जाटव, राजपाल, बृजलाल, रामचरण, सतीश कुमार आदि मौजूद रहे।

एकमुश्त समाधान योजना

बिजली के बिलों में लगे सरचार्ज पर छूट का लाभ प्राप्त करने का आज अंतिम अवसर

- उपभोक्ताओं की सुविधा के लिए देर रात्रि तक खुले रहेंगे कैश काउंटर

शाह टाइम्स संवाददाता

मेरठ। प्रबंध निदेशक ईशा दुहन, आईएएस ने घरेलू, वाणिज्यिक, निजी संस्थान, औद्योगिक श्रेणी के बकायेदार उपभोक्ताओं से एकमुश्त समाधान योजना समाप्त होने से पहले, सरचार्ज मे छूट के स्वर्णिम अवसर का लाभ उठाने की अपील की है। योजना 28 फरवरी (आज) को समाप्त हो रही है। योजना मे उपरोक्त श्रेणी के सभी बकायेदार उपभोक्ताओं के लिए, बिजली बिल में लगे सरचार्ज पर छूट पाने का, यह अंतिम अवसर है। बकायेदार उपभोक्ता 28 फरवरी (आज) तक पंजीकरण कराकर, छूट का लाभ उठा सकतें हैं। डिस्कॉम के 14 जनपदों मे 26 फरवरी तक ग्यारह लाख बत्तीस हजार बानवे उपभोक्ताओं द्वारा योजना मे पंजीकरण कराकर, सरचार्ज में छूट का लाभ ले चुके हैं। उपभोक्ताओं की सुविधा के लिए 28 फरवरी को पश्चिमांचल विद्युत वितरण निगम लि. के सभी जनपदों में भुगतान कैश काउंटर, देर रात तक खुले रहेगें ताकि अधिक से अधिक उपभोक्ता ओटीएस से लाभान्वित हो सकें। यह अभूतपूर्व स्वर्णिम योजना 28 फरवरी को समाप्त हो रही है ऐसे उपभोक्ता जो योजना का लाभ लेने से वंचित रह गये हैं वह योजना में, जल्द से जल्द पंजीकरण कराकर, सरचार्ज में छूट का लाभ उठायें। उपभोक्ता जनसेवा केन्द्र, खण्ड/उपखण्ड कार्यालय या www.uppcl.org पर ऑनलाइन पंजीकरण कर, योजना का लाभ उठा सकतें हैं। योजना के बारे में किसी भी शंका के समाधान हेतु, पश्चिमांचल विद्युत वितरण निगम लि. के हेल्प लाइन नंबर 1912 एवं टोल फी नम्बर 18001803002 पर संपर्क कर, योजना के बारे में अधिक जानकारी प्राप्त कर सकते हैं।

पश्चिमांचल डिस्काम पेंशनर्स की समस्याओं के त्वरित निस्तारण के लिए आठ मार्च को आयोजित की जाएगी पेंशन अदालत

शाह टाइम्स संवाददाता

मेरठ। पश्चिमांचल डिस्कॉम पेंशनर्स की पेंशन/पारिवारिक पेंशन से सम्बन्धित समस्याओं का हर संभव समाधान प्रदान करने के लिये, प्रतिबद्ध है। पश्चिमांचल विद्युत वितरण निगम लि., मेरठ के सेवानिवृत्त अधिकारियों/कर्मचारियों की पेंशन/पारिवारिक पेंशन से सम्बन्धित समस्याओं के त्वरित निस्तारण के लिए, पेंशन अदालत का आयोजन माह मार्च में द्वितीय शनिवार (8 मार्च) को डिस्कॉम मुख्यालय ऊर्जा भवन मेरठ पर, प्रातः 11 बजे किया जाएगा, जिससे कि विद्यमान नियमों के अन्तर्गत पेंशन/पारिवारिक पेंशन से सम्बन्धित समस्याओं का 'पेंशन अदालत' के माध्यम से निस्तारण कराया जा सके। इस सम्बन्ध में कारपा. रेशन (मुख्यालय), शक्ति भवन, लखनऊ द्वारा त्रैमासिक पेंशन अदालत का आयोजन (मार्च, जून, सितम्बर एवं दिसम्बर) माह के द्वितीय शनिवार को किये जाने के निर्देश दिये गये हैं। पेंशन अदालत में दर्ज कराये जाने वाली शिकायतों का मौके पर ही, नियमानुसार हर संभव समाधान सुनिश्चित किया जायेगा। इस सम्बन्ध में पश्चिमांचल विद्युत वितरण निगम लि. के सेवानिवृत्त अधिकारी/कर्मचारी, सम्बन्धित पत्रों/अभिलेखों सहित पेंशन अदालत में ससमय प्रतिभाग कर, लाभान्वित हो सकते हैं।

कोई भी धर्म मांसाहार का समर्थन नहीं करता: आचार्य भारत भूषण

शाह टाइम्स संवाददाता

हस्तिनापुर। कैलाश पर्वत रचना के मुख्य जिनालय में चल रहे 48 दिवसीय भक्तामर विधान एवं पाठ के 19वें दिन सर्वप्रथम मंगलाष्टक सकलीकरण के पश्चात मंत्रोच्चारण पूर्वक भगवान आदिनाथ के अभिषेक के साथ शांतिधारा की मांगलिक क्रियाएं की गई। गुरुवार को 91 परिवारों की ओर से भक्तामर पाठ का आयोजन किया गया। विधान के मध्य आचार्य भारत भूषण महाराज ने प्रवचन करते हुए कहा कि कोई भी धर्म या दर्शन मांसाहार का समर्थन नही करता है और यदि कहीं इस प्रकार की कोई बात लिखी गई है तो वह असत्य व भ्रामक हैं और वह स्वार्थवश लिखी हुई है। अहिंसा के अतिरिक्त कोई धर्म नही है। अहिंसा में सभी धर्म और दर्शन की सद्वत्तियों का समावेश है। स्वर्ण कलश से भगवान का अभिषेक तरूण जैन, वरूण जैन व शांतिधारा हरीकिशन जैन ने की। भगवान की आरती का दीप प्रज्वलन उमरानी जैन ने किया। रात्रि में गुरुकुल के छात्रों ने भगवान आदिनाथ के समक्ष सांस्कृतिक कार्यक्रम प्रस्तुत किए।

बिजनेस फेस्टिवल में गैलेक्स टच के नए पैनल को किया गया लॉन्च

शाह टाइम्स संवाददाता

मेरठ। मेरठ के आईआईएमटी यूनिवर्सिटी में गुरुवार को आयोजित हुए बिजनेस फेस्टिवल में गैलेक्स टच के नए पैनल को लॉन्च किया गया। यह नया पैनल एक और जहां गूगल सर्टिफाइड है वहीं यह पैनल भारत का अब तक का सबसे बेस्ट स्मार्ट बोर्ड है। गैलेक्स टच के नए पैनल की लॉन्चिंग में आईआईएमटी के मैनेजिंग डायरेक्टर मयंक अग्रवाल, गैलेक्सी ग्रुप के चेयरमैन संजय गोयल मौजूद रहे।

रोजगार प्राप्त करने में शिक्षा के साथ कौशल का होना आवश्यक: डीएम

स्वामी विवेकानन्द सुभारती विश्वविद्यालय में हुआ दो दिवसीय महारोजगार मेले का भव्य आयोजन

शाह टाइम्स संवाददाता

मेरठ। स्वामी विवेकानन्द सुभारती विश्वविद्यालय में दो दिवसीय महारोजगार मेले का भव्य आयोजन हुआ। महारोजगार मेले का शुभारंभ मुख्य अतिथि जिलाधिकारी डॉ.विजय कुमार सिंह एवं सुभारती विश्वविद्यालय के कुलपति मेजर जनरल डॉ. जी.के.थपलियाल, निदेशक प्लेसमेंट अमित कुमार वर्मा, सहायक निदेशक रोजगार शशिभूषण उपाध्याय, इंजीनियरिंग कॉलेज के प्राचार्य डॉ.मनोज कपिल ने संयुक्त रूप से दीप प्रज्ज्वलित कर किया। विद्यार्थियों द्वारा सरस्वती वंदना प्रस्तुत की गई।

महारोजगार मेले में सुभारती विश्वविद्यालय के अलावा मेरठ सहित आस पास के क्षेत्र के दूसरे कॉलेज, विश्वविद्यालय के विद्यार्थियों ने भी इंटरव्यू देकर अपनी किस्मत आजमाई। सभी विद्यार्थी देश विदेश की बड़ी बड़ी कम्पनियों में इंटरव्यू देकर खुश नजर आए। प्रथम दिन 1572 छात्र छात्राओं ने इंटरव्यू दिए है। दूसरे दिन भी बड़ी संख्या में पंजीकृत छात्र छात्राएं इंटरव्यू देंगे। इंटरव्यू में सफल छात्र छात्राओं के नाम की घोषणा 28 फरवरी को की जाएगी। इसके बाद सफल छात्र छात्राओं को ऑफर लेटर प्रदान किये जाएंगे। मुख्य अतिथि जिलाधिकारी डॉ. विजय कुमार सिंह ने कहा कि जीविका चलाने के लिए रोजगार का होना अति आवश्यक है। प्रदेश सरकार लोगो को रोजी रोजगार उपलब्ध कराने हेतु प्रमुखता से कार्य कर रही है। रोजगार प्राप्त करने में शिक्षा के साथ कौशल का होना भी महत्वपूर्ण है। महारोजगार मेले से विद्यार्थियों को लाभ मिलेगा एवं प्रतिभावान विद्यार्थियों को अपनी दक्षता से देशहित में कार्य करने का अवसर प्राप्त होगा। उन्होंने सभी कंपनी के एचआर से आग्रह करते हुए कहा कि महंगाई को देखते हुए विद्यार्थियों को अच्छा पैकेज प्रदान करें। जिलाधिकारी ने सुभारती विश्व. विद्यालय के बारे में जिलाधिकारी को बताया कि विश्वविद्यालय विद्यार्थियों में कौशल विकास के गुण स्थापित कर रहा है। बड़े स्तर पर इस प्रकार के कोर्स संचालित किये जा रहे है, जिनमें तुरन्त रोजगार मिल सकें। विश्वविद्यालय के कुलपति मेजर जनरल डॉ. जी.के थपलियाल ने विद्यार्थियों को उज्जवल भविष्य की शुभकामनाएं दी। उन्होंने सभी कम्पनी के एचआर का सुभारती विश्वविद्यालय में स्वागत किया। उन्होंने कहा कि महारोजगार मेले के माध्यम से विद्यार्थियों की योग्यता को सम्मान मिलेगा और सभी विद्यार्थी रोजगार से लाभान्वित होंगे। उन्होंने कहा कि प्रशासन के साथ मिलकर काम करने से रोजगार के अवसर पैदा होंगे। सरकारी एवं प्राइवेट क्षेत्र दोनों मिलकर काम कर रहे है, यह रोजगार हेतु बहुत अच्छी शुरुआत हैं। मेरठ सहित आस पास के क्षेत्र के विद्यार्थियों के लिए रोजगार उपलब्ध कराने हेतु इस प्रकार के प्रयास निरंतर जारी रहेंगे। उन्होंने सुभारती विश्व. विद्यालय के बारे में जिलाधिकारी को बताया कि विश्वविद्यालय विद्यार्थियों में कौशल विकास के गुण स्थापित कर रहा है। बड़े स्तर पर इस प्रकार के कोर्स संचालित किये जा रहे है, जिनमें तुरन्त रोजगार मिल सकें।

पीड़ितों को चक्कर न कटवाएं अधिकारी: मनीषा

शाह टाइम्स संवाददाता

शामली। गुरूवार को महिला उत्पीड़न की रोकथाम व पीडित महिलाओं को त्वरित न्याय दिलाए जाने के लिए कलेक्ट्रेट सभागार में राज्य महिला आयोग की सदस्य मनीषा अहलावत ने महिलाओं की समस्याओं को सुनते हुए उनका निस्तारण करने के निर्देश दिए है। उन्होने कस्तूरबा गांधी बालिका आवासीय विद्यालय बनत का भी निरीक्षण कर आवश्यक दिशा निर्देश दिए।

गुरूवार को जनसुनवाई के दौरान राज्य महिला आयोग की सदस्य मनीषा अहलावत द्वारा जनपद में महिलाओं से संबंधित प्रकरणों में समस्याओं को गंभीरता से सुना। संबंधित अधिकारियों को प्रकरणों में निस्तारण कराने के

निर्देश दिए ताकि उन्हें चक्कर न काटने पड़े। महिला जनसुनवाई के दौरान उनके समक्ष मुख्य रूप से महिलाओं से संबंधित घरेलू हिंसा, प्रॉपर्टी विवाद, शादी, दहेज आदि कुल 21 प्रकरण आए जिनके नियमानुसार निस्तारण हेतु संबंधित अधिकारियों को निर्देशित किया गया। जनसुनवाई के उपरांत उन्होने ने कहा कि महिला आयोग का उद्देश्य न्याय के साथ-साथ महिलाओं को उनके अधिकारों के प्रति भी उन्हें जागरूक करना है। उन्होंने अधिकारियों को महिलाओं से संबंधित सभी जन कल्याणकारी योजनाओं का भी लाभ दिलाया जाने के भी निर्देश दिए। इस अवसर पर उप जिलाधिकारी न्यायिक व जिला प्रोबेशन अधिकारी हामिद हुसैन, तहसीलदार शामली प्रियंका जायसवाल, महिला थाना प्रभारी निधि चौधरी, वन स्टॉप सैंटर प्रभारी गजाला त्यागी सहित आदि अधिक. री मौजूद रहे। इसके अलावा उन्होने कस्तूरबा गांधी बालिका आवासीय विद्यालय बनत का निरीक्षण किया गया। निरीक्षण के समय विद्यालय में व्यवस्थाओं को देखते हुए आवश्यक जानकारी प्राप्त की गई और मौके पर बच्चों से बात कर उनको शिक्षा के प्रति जागरूक रहने और अपनी पढ़ाई को मेहनत और लगन के साथ करते रहने के लिए प्रेरित किया।

भाकियू का पटनी प्रतापपुर टोल पर हंगामा

भारतीय किसान यूनियन के तहसील अध्यक्ष साहब सिंह के साथ टोल कर्मियों ने की थी अभद्रता

शाह टाइम्स संवाददाता

झिंझाना। भारतीय किसान यूनियन के तहसील अध्यक्ष के साथ टोल प्लाजा के लोगों ने अभद्रता की, जिस पर भारतीय किसान यूनियन के जिला अध्यक्ष कालेंदर मालिक अपनी टीम के साथ टोल प्लाजा पर पहुंचे पदाधिकारी के साथ अभद्रता करने वालों के खिलाफ हंगामा कर दिया। बाद में टोल कर्मियों द्वारा गलती मानने के बाद मामला शांत हुआ। बृहस्पतिवार को भारतीय किसान यूनियन के जिला अध्यक्ष कालेंदर मलिक अपनी टीम के साथियों के साथ पटनी प्रतापपुर स्थित टोल प्लाजा पर पहुंचे। उन्होंने बताया कि गत दिवस हमारे तहसील अध्यक्ष सरदार साहब सिंह के साथ टोल कर्मियों द्वारा बदतमीजी की गई थी, इसी को लेकर किसान यूनियन के लोगों ने टोल पर हंगामा कर दिया। कालेंदर मलिक ने कहा कि टोल की 5 किलोमीटर की परिधि में किसी भी किसान से टोल नहीं लिया जाएगा, वहीं जो कमर्शियल वाहन हैं वह उनसे टोल टैक्स वसूल करे हमे कोई दिक्कत नहीं है, लेकिन अगर किसी किसान से जबरदस्ती टोल वसूल किया या अभद्रता की तो हम चुप नहीं बैठेंगे। हंगामा कर रहे हैं किसानों के बीच पहुंचे टोल मैनेजर अमित बालियान ने टोल कर्मियों द्वारा की गई अभद्रता के लिए गलती मानी तब जाकर किसान शांत हुए। इस मौके पर गठवाला खाप के बाबा श्याम सिंह, अरविंद खोड्सम, साहब सिंह, आकाश तोमर, बिल्लू राणा, जयवीर मुखिया, मांगेराम पटनी, उपेंद्र मलिक सहित कई दर्जन कार्यकर्ता मौजूद रहे।

संयुक्त किसान संघर्ष समिति के सदस्यों ने किया जनसंपर्क

शाह टाइम्स संवाददाता

थानाभवन। विकासखंड क्षेत्र के गांव भनेड़ा उद्दा,मानकपुर और जाफरपुर में संयुक्त किसान संघर्ष समिति के सदस्यों ने किया किसानों से जनसंपर्क।विदित हो कि पिछले करीब 10 दिन से किसानों की वार्ता बजाज शुगर मिल थानाभवन के अधिकारियों के साथ विफल हो गई थी जिससे आक्रोशित किसानों ने गन्ना मिल एवं गन्ना समिति थानाभवन को बन्द करने की चेता. वनी दे दी गई थी चूंकि इसी बीच में किसानों का एक प्रतिनिधि मंडल जिलाधिकारी शामली अरविंद चौहान से किसान दिवस पर गन्ना बकाया भुगतान को लेकर किसानों को हो रही समस्याओं से अवगत कराया था जिसमें किसानों ने बताया था कि

थानाभवन। जनसंपर्क अभियान के दौरान ग्रुप फोटो लेते हुए। **छाया शाह टाइम्स**

जिलाधिकारी शामली के आश्वासन पर फिलहाल धरना नहीं दिया गया उन्होंने 28 फरवरी तक का आश्वा. सन दिया था।अब 28 फरवरी आ गई है लेकिन बजाज शुगर मिल के अधिकारियों के कानों पर अभी तक जूं नहीं रेंगी।किसान लाला ठाकुर का कहना है कि किसान हताश बेहाल है और मिल मालामाल है नीचे से लेकर ऊपर के अधिकारी किसानों के बकाया गन्ना भुगतान के प्रति उदासीन हैं किसी को किसान की दयनीय दशा और किसानों के बच्चो की परवाह नहीं है। अभी कल ही पुरमाफी के किसान की मृत्यु की खबर एक प्रतिष्ठित अखबार में पढ़ी थी जिसमें उसके भाई द्वारा कहा गया कि अगर गन्ने का भुगतान समय से मिल गया होता तो शायद उसके भाई की जन बच सकती थी।अब चूंकि शासन प्रशासन द्वारा किसानों के हित में कोई कोई ठोस कदम नहीं उठाया जा रहा इसलिए अब आने वाले दिनों में क्षेत्र का किसान एकजुट होकर अपने अधिकारों की मांग करेगा और जो भी आंदोलन होगा या गतिविधि होगी उसका जिम्मेदार शासन प्रशासन होगा।

किसान मजबूर हो गया है एक निर्णायक कदम उठाने को।प्राप्त जानकारी के अनुसार पिछले एक सप्ताह से संघर्ष समिति के सदस्य निरंतर किसानों से जनसंपर्क करने में लगे हुए हैं और किसी बड़े आन्दोलन को अमलीजामा पहनाने की फिराक में हैं।किसान नरेंद्र प्रधान, संदीप कुमार और राजेंद्र राणा का कहना है कि हम संयुक्त किसान संघर्ष समिति के निर्णय के साथ रहेंगे बहुत अच्छी पहल की है और साथ ही दु:ख भी है कि किसानों को गांव दर भटकना पड़ रहा है।ठाकुर रामचरण ने बताया कि जहां सरकार किसानों के भुगतान के लिए बड़े बड़े आंकड़े पेश करती है वहीं थानाभवन विधानसभा क्षेत्र का किसान कर्ज में डूबता जा रहा है बाजार से लेकर बिजली स्कूल और बैंक से लिया गया रूपया भी समय से नहीं चुका पाता जिसके लिए गन्ना किसानों के लिए बनाई गई नीति धरातल पर कहीं नजर नहीं आती।इस जनसंपर्क अभियान में कपिल राणा,लाला ठाकुर,धीरज सिंह,देवेंद्र कुमार, संदीप राणा ,प्रेम राणा,हरेंद्र राणा,ठाकुर रामचरण सिंह,बृजपाल ठाकुर दर्जनों लोग शामिल रहे।

महाशिवरात्रि के अवसर पर संकीर्तन का आयोजन

शाह टाइम्स संवाददाता

शामली। महाकाल मित्र मंडल द्वारा महाशिवरात्रि के अवसर पर तृतीय बाबा महाकालेश्वर संकीर्तन का आयोजन किया गया। संकीर्तन में बाहर से आए कलाकारों ने बाबा के सुंदर भजन प्रस्तुत कर श्रद्धालुओं को झूमने पर मजबूर कर दिया। कार्यक्रम में बाबा महाकाल का भव्य श्रृंगार एवं शिव-पावती विवाह श्रद्धालुओं के आकर्षण का केन्द्र रहा।

जानकारी के अनुसार शहर के मंदिर हनुमान टीला हनुमान धाम पर महाकाल मित्र मंडल द्वारा महाशिव. रात्रि के मौके पर तृतीय बाबा महाक. ालेश्वर संकीर्तन का आयोजन किया गया। संकीर्तन का शुभारंभ नगर पालिका चेयरमैन अरविन्द संगल, मंदिर के प्रधान सलिल द्विवेदी एवं नितिन संगल ने दीप प्रज्जवलित कर किया। मेरठ से आए विजय कुमार ने घर में पधारो गजानन जी मेरे घर में पधारो प्रस्तुत की। इसके बाद मेरठ के

दीपेश कोहली ने हमारे हे गुरुदेव भोलेनाथ हमें किस बात की चिंता, आया शिवरात्रि का त्यौहार, आया भोलेनाथ का त्यौहार, भोले की बारात चली सज धज के, खुशियां मनाओ नच-नच के।

तेरे चलाने से चले नैया गरीब की, तूने बदल ली किस्मत गरीब की, है जग में धन्य तेरी माया शिवशंकर, भोले भाले शिव शंकर डमरू वाले, हमें चिंता नहीं किसी बात की जय हो भोलेनाथ की, जय हो शंभूनाथ की, भजन सुनाकर सबको मंत्रमुग्ध कर दिया। बरेली से आई भजन गायिका अर्पणा मिश्रा ने सांसों की माला पे सिमरू मैं तेरा नाम, महाकाल की गुलामी मेरे काम आ गई, भोलेनाथ की गुलामी मेरे काम आ गई, दूल्हा बने हैं शंकर उज्जैन की नगरी में, मची है धूम उज्जैन की नगरी में सुनाकर सबको झूमने पर मजबूर कर दिया। संकीर्तन में बाबा महाकाल का भव्य श्रृंगार, भव्य शिव-पावती विवाह, बाबा महाकाल का रौद्र रूप व ढोल नगाडों द्वारा बाबा की भव्य एवं दिव्य आरती श्रद्धालुओं के आकर्षण का केन्द्र बनी रही। माता पार्वती का कन्यादान उषा वर्मा व दुर्गेश वर्मा ने किया। कार्यक्रम में मंगलनाथ मंदिर उज्जैन के मुख्य पुजारी प्रवण भारती भी मौजूद रहे। मंच संचालन अनिल अनुरागी चंडीगढ ने किया। इस मौके पर अरविन्द दृष्टा, विवेक प्रेमी, यशपाल पंवार, राजकुमार वर्मा, गौरव वर्मा, देवानंद गौड, आकाश वर्मा, विशाल वर्मा, अमन वर्मा, शंकर शर्मा एडवोकेट, गौरव खाटियान, सचिन वर्मा, संजय वर्मा, विनीत वर्मा, वैभव शर्मा, सचिन, आकाश, देव, हर्ष, कुणाल, सचिन पांचाल, हिमांशु पांच. ाल, सन्नी सैनी, प्रथम सोनी राजपूत, सागर वर्मा आदि भी मौजूद रहे।

फाल्गुनी अमावस्या पर विशाल भंडारे का आयोजन

शाह टाइम्स संवाददाता

शामली। फाल्गुनी अमावस्या के पावन अवसर पर व्यापारी सुरक्षा फोरम एवं राधा माधव सेवा परिवार शामली के द्वारा शहर के धीमानपुरा में विशाल भंडारे का आयोजन किया गया। गुरूवार को फाल्गुनी अमावस्या के अवसर पर भंडारा प्रसाद वितरण का शुभारम्भ समाजसेवी एवं व्यापारी नेता सुभाष धीमान ने किया। आचार्य देवेंद्र देव आर्य द्वारा पूजन किया गया। कहा कि आज फाल्गुनी अमावस्या के अवसर पर दान का बहुत बड़ा महत्व है। संस्था के द्वारा जो पितरो की स्मृति में ऐसे भंडारों का आयोजन करने से नर सेवा नारायण सेवा का भाव पुष्ट होता है इस महान सेवा कार्य मे व्यापारी सुरक्षा फोरम, राधा माधव सेवा परिवार ही नही बल्कि समाज के प्रत्यक्ष व्यक्ति का विशेष सहयोग रहता हैं। भंडारे में हजारों श्रद्धालुओं ने भोजन प्रसाद ग्रहण किया। कार्यक्रम के संयोजक सुभाष शर्मा, शिवकुमार मित्तल, बालेश नामदेव, संजय धीमान, विपिन मित्तल, मुकेश वर्मा, जसकरण सिंह, सुभाष चंद्र शर्मा, विवेक धीमान, कुलदीप विश्वकर्मा, राजेन्द्र स्वामी, रविन्द्र आर्य, बादल गौतम, रमेश बजाज, अजय शर्मा, शिवम् विश्वकर्मा, प्रवीण पांचाल, अनुपम लाठियान आदि उपस्थित रहे।

एक नजर

मादक पदार्थ तस्कर गिरफ्तार

शामली। पुलिस अधीक्षक शामली राम सेवक गौतम के आदेशानुसार चलाए जा रहे मादक पदार्थों की तस्करी में लिप्त अपराधियों की गिरफ्तारीध्बरामदगी अभियान के क्रम में अपर पुलिस अधीक्षक शामली के निर्देशन एवं क्षेत्राधिकारी कैराना के कुशल नेतृत्व में थाना कांधला पुलिस द्वारा 1 मादक पदार्थ तस्कर को अवैध 100 ग्राम चरस सहित गिरफ्तार करने में महत्वपूर्ण सफलता प्राप्त की है । गिरफ्तारी एवं बरामदगी के सम्बन्ध में थाना कांधला पर आवश्यक वैधानिक कार्यवाही की जा रही है। अभियुक्त गुलाब पुत्र इलियास निवासी ग्राम असरफाबादथल थाना रमाला जनपद बागपत है।

दस वर्ष का कारावास सजा

शामली। वर्ष 2016 में अभियुक्त दीपक उर्फ काला पुत्र सुधीर निवासी मौहल्ला गुगाल रोड़ धीर वाली गली निकट भैंरो मन्दिर ज्वालापुर हरिद्वार उत्तराखण्ड द्वारा थाना आदर्शमण्डी क्षेत्रान्तर्गत नाबालिग से दुष्कर्म की घटना कारित की गई थी। घटना के संबंध में पीडिता के परिजन द्वारा थाना आदर्शमण्डी पर तहरीर दाखिल की गई। दाखिला तहरीर के आधार पर सुसंगत धाराओं में अभियोग पंजीकृत किया गया था । इस मामले में शामली पुलिस द्वारा तत्परता से साक्ष्य संकलन करते हुए अभियुक्त को गिरफ्तार कर जेल भेजा गया तथा सुसंगत ठोस साक्ष्य के आधार पर अभियुक्त के विरुद्ध माननीय न्यायालय में आरोप पत्र प्रेषित किया गया । पुलिस अधीक्षक शामली द्वारा उक्त मामले में शामली पुलिस को नियमित रूप से प्रभावी पैरवी हेतु निर्देश दिए गए । जिसके क्रम में आज दिनांक 27.2.2025 को माननीय न्यायालय स्पेशल पोक्सो-II कोर्ट मुजफ्फरनगर द्वारा अभियुक्त दीपक उर्फ काला उपरोक्त को दोषी पाते हुए धारा 376 भादवि व 3/4 पोक्सो अधिनियम में 10 वर्ष के कारावास की सजा व 10,000/-रुपए अर्थदंड से दण्डित किया गया है। अर्थदंड अदा न करने पर 2 माह के अतिरिक्त कारावास की सजा का प्रावधान किया गया है। अभियुक्त दीपक उर्फ काला पुत्र सुधीर निवासी मौहल्ला गुगाल रोड़ धीर वाली गली निकट भैंरो मन्दिर ज्वालापुर हरिद्वार उत्तराखण्ड है।

पांच-पांच वर्ष के कारावास की सजा

शामली। वर्ष 2020 में अभियुक्तगण 1. गुरुजेन्ट उर्फ जिन्टा पुत्र कुलवन्त सिंह निवासी ग्राम धलावली थाना गंगोह जनपद सहारनपुर 2. अमरीत सिंह उर्फ अमृत पुत्र पाला सिंह निवासी विकास नगर थाना सदर करनाल जनपद हरियाणा 3. कर्मवीर उर्फ कर्मा पुत्र अजीत सिंह निवासी ग्राम अजीजपुर थाना झिंझाना जनपद शामली के विरुद्ध थाना झिंझाना पर मुकदमा अभियोग पंजीकृत किया गया था। इस मामले में शामली पुलिस द्वारा तत्परता से साक्ष्य संकलन करते हुए अभियुक्त को गिरफ्तार कर जेल भेजा गया तथा सुसंगत ठोस साक्ष्य के आधार पर अभियुक्त के विरुद्ध माननीय न्यायालय में आरोप पत्र प्रेषित किया गया। पुलिस अधीक्षक शामली द्वारा उक्त मामले में शामली पुलिस को नियमित रूप से प्रभावी पैरवी हेतु निर्देश दिए गए थे । जिसके क्रम में आज दिनांक 27.2.2025 को माननीय न्यायालय ADJ/FTC कैराना, शामली द्वारा गैंगस्टर के मामले में अभियुक्तगण उपरोक्त को दोषी पाते हुए धारा 2/3 गैंगस्टर एक्ट में 5-5 वर्ष का कारावास व 5,000-5,000/ रूपए के अर्थदण्ड से दण्डित किया गया है। अर्थदण्ड अदा न करने पर 1-1 माह अतिरिक्त कारावास का प्रावधान किया गया है। अभियुक्त गुरुजेन्ट उर्फ जिन्टा पुत्र कुलवन्त सिंह निवासी ग्राम धलावली थाना गंगोह जनपद सहारनपुर, अमरीत सिंह उर्फ अमृत पुत्र पाला सिंह निवासी विकास नगर थाना सदर करनाल जनपद हरियाणा , कर्मवीर उर्फ कर्मा पुत्र अजीत सिंह निवासी ग्राम अजीजपुर थाना झिंझाना जनपद शामली है।

डीएम को शिकायती पत्र भेजा

शामली। गुरूवार को राजीव गांधी पंचायती राज संगठन के जिलाध्यक्ष जाहिद यामीन ने डीएम को शिकायती पत्र देकर विभिन्न समस्याओं का समाधान कराने की मांग की। कहा कि विद्युत विभाग कांधला द्वारा गरीब उपभोक्ताओ को तंग व परेशान किया जा रहा है। उपभोक्ताओं से अवैध वसूली की नियत से उनको प्रताडित किया जा रहा है। कर्मचारियों की शिकायत करने पर विद्युत विभाग के कर्मचारी जाहिद यामीन से रंजिश रखते है। जिस कारण भाई का बकाया बिल जाहिद यामीन को जमा करने का दबाव बनाकर जाहिद यामीन के नाम कनेक्शन स्वीकृत नहीं किया गया और शिकायत करने पर झूठे केस में फंसाने व शिकायत का मजा चखाने की धमकी दी गई। उन्होने मामले में जांच कराकर कार्यवाही की मांग की।

कचरा प्रबंधन पर कार्यशाला का आयोजन

शामली। गुरूवार को नगर पालिका परिषद सभागार में सामुदायिक नेतृत्व में विकेंद्रीकृत ठोस कचरा प्रबंधन एवं स्वच्छ सर्वेक्षण की एक दिवसीय कार्यशाला का आयोजन किया गया। आईटीसी मिशन सुनहरा कल के सहयोग से स्वच्छ भारत मिशन नगरीय के अंतर्गत मास्टर ट्रेनर्स क्षमता वर्धन हेतु एक दिवसीय कार्यशाला का आयोजन किया गया। जिसमें आईटीसी के कुशल ट्रेनर्स द्वारा समस्त सफाई नायकों को कचरा क्या है। कचरे के प्रकार, कचरा प्रबंधन मोहल्ला समिति की भूमिका, कंपोस्टिंग, कम्युनिटी कंपोस्टिंग, एमआरएफ सेंटर के विषय में जानकारी दी गई। इस कार्यशाला के दौरान सफाई एवं खाद्य निरीक्षक आदेश कुमार सैनी, स्वच्छता ब्रांड एम्बेसडर वीणा अग्रवाल एवं शिवगंज मंडी मोहल्ला समिति की अध्यक्ष एवं रेखा जैन, पूनम संगल, रीना जैन, शिप्रा आदि मौजूद रहे।

पांच लाख मांगने पर जान से मारने की धमकी

शाह टाइम्स संवाददाता

झिंझाना। बृहस्पतिवार को कस्बे के मोहल्ला होसंगपुर निवासी प्रमोद देवी ने मुख्यमंत्री पोर्टल पर शिकायत दर्ज कराई, जिसमें उन्होंने अपने पुत्र अंकित कुमार द्वारा निवासी शामली के साथ पांच लाख रूपये देकर जैविक खाद तथा पेस्टिसाइड दवाइयां में पार्टनरशिप की थी, जिसमें उन्होंने मेरे पुत्र को कारोबार में हुए लाभ में से कुछ वापस नहीं किया तथा उल्टे एक लाख रूपए मेरे पुत्र के ऊपर निकाल दिए। जब मेरे पुत्र ने पैसे मांगे तो उल्टे शामली निवासी ने मेरे घर पर आकर गाली गलौज करते हुए जान से मारने की धमकी दी। महिला ने आरोप लगाया कि पुलिस से साथ सांठगांठ कर उल्टे केस में तेरे पुत्र को फसवा देंगे। पीड़ित महिला ने मुख्यमंत्री से न्याय की गुहार लगाई है।

किसानों की उन्नति का मार्ग प्रशस्त करेगा किसान केंद्र: कर्मण्य

शाह टाइम्स संवाददाता

कैराना। गांव मलकपुर में हार्वेस्टिंग फार्मर नेटवर्क (एचएफएन) के किसान केंद्र की स्थापना की गई है। किसान केंद्र खुलने से क्षेत्र में सब्जी व फलों की खेती करने वाले कृषकों की आमदनी में वृद्धि होने के प्रबल आसार है। केंद्र के स्थापित किए जाने में कर्मण्य सर्वहित संस्थान एवं उसकी सहयोगी संस्थाओं ने महत्वपूर्ण भूमिका अदा की है। हार्वेस्टिंग फार्मर नेटवर्क (एचएफएन) द्वारा पश्चिमी उत्तर-प्रदेश में किसान केंद्रों की स्थापना की जा रही है, जिसका उद्देश्य किसानों की राह आसान करना है। इसी क्रम में गुरुवार को क्षेत्र के गांव मलकपुर में भी एचएफएन के किसान केंद्र की शुरुआत की गई। किसान केंद्र की स्थापना क्षेत्र के किसानों के सशक्तिकरण की दिशा में एक महत्वपूर्ण कदम माना जा रहा है। किसान केंद्र को शुरू किए जाने में कर्मण्य सर्वहित संस्थान एवं उसके सहयोगी संगठनों ने महत्वपूर्ण योगदान दिया है।

कर्मण्य सर्वहित संस्थान के महासचिव कृष्ण मित्तल ने बताया कि यह किसान केंद्र क्षेत्र के किसानों के लिए एक महत्वपूर्ण पहल है। इससे किसानों को न केवल उनकी फसलों का उचित मूल्य मिलेगा, बल्कि वे आधुनिक कृषि तकनीकों और बाजार की नई संभावनाओं से भी अवगत हो सकेंगे। कर्मण्य संस्थान किसानों के सशक्तिकरण

किसानों को एचएफएन की जानकारी देते संस्थान महासचिव कृष्ण मित्तल।

और कृषि विकास के लिए हमेशा तत्पर रहेगा और भविष्य में भी एचएफएन के किसान केंद्रों की स्थापना में सहयोग करता रहेगा। उन्होंने बताया कि किसान केंद्र की स्थापना का उद्देश्य किसानों को उनकी फसलों का बेहतर लाभ दिलाना और कृषि क्षेत्र में नवाचार को बढ़ावा देना है। किसान केंद्र की योजनाओं के प्रचार-प्रसार हेतु कर्मण्य सर्वहित संस्थान एवं अन्य सहयोगी संस्थाए मिलकर कार्य करेंगी। संस्था इसे लेकर व्यापक स्तर पर जागरूकता अभियान भी चलाएगी। इस प्रयास का मुख्य उद्देश्य किसानों की भागीदारी को सार्थक बनाना और उन्हें कृषि से संबंधित नवीनतम जानकारी एवं संसाधनों से जोड़ना है। कार्यक्रम का संचालन एडवोकेट मंजर अब्बास ने किया। उन्होंने किसानों को किसान केंद्र के उद्देश्य और लाभों के बारे में विस्तार से जानकारी दी। केंद्र का औपचारिक उद्घाटन आगामी 3 मार्च को किया जाएगा।

मंडावर फायरिंग प्रकरण का वांछित आरोपी मुठभेड़ के बाद गिरफ्तार

शाह टाइम्स संवाददाता

कैराना। एसओजी व कोतवाली पुलिस की टीम ने मण्डावर फायरिंग प्रकरण में वांछित चल रहे 25 हजार रूपए के ईनामी बदमाश को मुठभेड़ के बाद गिरफ्तार किया है। आरोपी मुठभेड़ के दौरान पैर में पुलिस की गोली लगने से घायल हो गया। पकड़े गए आरोपी के कब्जे से पुलिस ने अवैध हथियार, कारतूस व एक मोटरसाइकिल बरामद की है।

विगत 11 जनवरी को क्षेत्र के गांव मण्डावर में दो पक्षों के बीच खूनी संघर्ष हो गया था, जिसमें दोनों पक्षों के चार-पांच लोग घायल हुए थे। घटना में अवैध हथियारों से जमकर फायरिंग की गई थी। मामले के सम्बंध में गांव मण्डावर निवासी इमरान व तासमीन ने एक दूसरे के

गांव मलकपुर के जंगल में एसओजी व कोतवाली पुलिस की संयुक्त कार्यवाही में दबोचा गया 25 हजार रूपए का ईनामी बिल्लू उर्फ बिलाल, आरोपी के कब्जे से अवैध हथियार, कारतूस व बाइक बरामद

43 नामजद व 18-20 अज्ञात लोगों के खिलाफ गाली-गलौच, मारपीट व जान से मारने की नीयत से फायरिंग करने के आरोप में कोतवाली कैराना पर मुकदमा दर्ज कराया था। एसपी शामली रामसेवक गौतम ने कोतवाली प्रभारी निरीक्षक को घटना में शामिल लोगों को गिरफ्तार करके जेल भेजने के निर्देश दिए थे। पुलिस घटना में शामिल वर्तमान ग्राम प्रधान व भाजपा नेता समेत 29 आरोपियों को गिरफ्तार करके जेल भेज दिया था। गुरुवार को एसओजी व कोतवाली पुलिस टीम की मण्डावर फायरिंग प्रकरण में वांछित चल रहे आरोपी बिल्लू उर्फ बिलाल निवासी ग्राम मंसूरा थाना झिंझाना के साथ में मलकपुर के जंगल में मुठभेड़ हो गई। मुठभेड़ के दौरान आरोपी बिल्लू उर्फ बिलाल पैर में पुलिस की गोली लगने से घायल हो गया। आरोपी के कब्जे से पुलिस ने तमंचा, कारतूस व एक बाइक बरामद हुई। घायल बदमाश को उपचार के लिए कस्बे के साम. दायिक स्वास्थ्य केंद्र पर भर्ती कराया गया। मुठभेड़ की सूचना मिलने पर एएसपी संतोष कुमार सिंह व सीओ कैराना श्याम सिंह भी मौके पर पहुंचे तथा घटनाक्रम की जानकारी हासिल की। वहीं, फॉरेंसिक टीम प्रभारी प्रमोद बैंसला भी अपनी टीम के साथ में घटनास्थल पर पहुंचे। जहां पर उन्होंने मुठभेड़ से सम्बंधित साक्ष्य एकत्र किए। आरोपी को गिरफ्तार करने वाली टीम में कोतवाली प्रभारी निरीक्षक बिजेन्द्र सिंह रावत, एसआ. जी प्रभारी कुलदीप सिंह, एसआई राहुल सिसोदिया, एसएसआई यशपाल सोम, एसआई सुभाष चंद, हेड कांस्टेबल नितिन, हरवेंद्र, ललित शर्मा व प्रदीप तथा कांस्टेबल राममूर्ति तेजा, रोहित व निखिल भाटी शामिल रहे। उधर, एएसपी ने बताया कि मुठभेड़ के दौरान पकड़ा गया आरोपी बिल्लू उर्फ बिलाल जनपद सहारनपुर के गंगोह थाने से भी फायरिंग के मामले में वांछित चल रहा था। आरोपी पर पुलिस की ओर से 25 हजार रूपए का इनाम घोषित किया गया था।

हशमतुल्लाह शाहिदी की अगुवाई वाली अफगानिस्तान ने इंग्लैंड के खिलाफ शानदान प्रदर्शन किया

सेमीफाइनल में पहुंचने के इरादे से उतरेगा अफगानिस्तान

चैंपियंस ट्रॉफी के ग्रुप मुकाबला आज, ऑस्ट्रेलिया की साख होगी दांव पर

लाहौर, वार्ता। इंग्लैंड पर शानदार जीत से उत्साहित अफगानिस्तान चैंपियंस ट्रॉफी के ग्रुप मुकाबले में शुक्रवार को जीत के इरादे से उतरेगा, वहीं ऑस्ट्रेलिया के लिए इस मैच पर उसकी साख दाव पर होगी। गद्दाफी स्टेडियम में कल होने वाले चैंपियंस ट्रॉफी के 10वें मैच में ऑस्ट्रेलिया से भिड़ने पर अपनी लय को जारी रखना चाहेगा। यह मुकाबला रोमांच होने वाला है अगर अफगानिस्तान इस मुकाबले को जीत लेता है वह सेमीफाइनल में पहुंच जाएगा और ऑस्ट्रेलिया टूर्नामेंट से बाहर हो जायेगी। ग्रुप बी की मौजूदा स्थिति को देखा जाये तो दक्षिण अफ्रीका, ऑस्ट्रेलिया और अफगानिस्तान ने एक-एक मैच में जीत दर्ज की हैं।

वहीं अफगानिस्तान को दो मैचों में एक में हार का सामना भी करना पड़ा है। हशमतुल्लाह शाहिदी की अगुवाई वाली अफगानिस्तान ने इंग्लैंड के खिलाफ शानदार प्रदर्शन किया। इस मैच में उमरजई की ऑलराउंड प्रतिभा और जादरान की 146 गेंदों पर 177 रनों की पारी ने अफगानिस्तान की जीत में अहम भूमिका निभाई, जिससे टीम को इस अहम मुकाबले से पहले नया आत्मविश्वास मिला। वहीं ऑस्ट्रेलिया की टीम जोश इंग्लिस की इंग्लैंड के खिलाफ पिछले मैच में सिर्फ 86 गेंदों पर नाबाद 120 रनों की पारी से प्रेरणा लेगी। विकेटकीपर-बल्लेबाज की जवाबी पारी ने अकेले दम पर खेल का रुख बदलने की उनकी क्षमता को दर्शाया। जिसने उन्हें प्रतिभाशाली खिलाड़ी के रूप में उबरे हैं। संतुलित अफगानिस्तान एक बार फिर लाहौर की परिस्थितियों का फायदा उठाने के लिए राशिद खान, मोहम्मद नबी और नूर अहमद की स्पिन तिकड़ी पर निर्भर करेगा। विश्व स्तरीय लेग स्पिनर राशिद विपक्षी लाइनअप को ध्वस्त करने की अपनी

क्षमता के साथ गेम-चेंजर बने हुए हैं। इस बीच, ऑस्ट्रेलियाई खेमे के एक गतिशील ऑलराउंडर ग्लेन मैक्सवेल अपनी विस्फोटक बल्लेबाजी और ऑफ-स्पिन के साथ मैच का रुख बदलने की क्षमता रखते हैं, जिससे वह इस करो या मरो वाले मुकाबले में एक महत्वपूर्ण खिलाड़ी बन सकते हैं। ट्रैविस हेड की आक्रामक बल्लेबाजी अफगानिस्तान के लिए एक बड़ा खतरा है। अफगानिस्तान का शीर्ष क्रम जदरान की निरंतरता पर निर्भर करेगा, जिन्होंने इंग्लैंड के खिलाफ पारी की शुरुआत की, जबकि उमरजई की दोनों विभागों में योगदान देने की क्षमता से टीम को बल मिलता है। स्टीवन स्मिथ की अगुवाई वाली ऑस्ट्रेलिया की टीम पर इस मुकाबले को लेकर दबाव है।

उसे पता है कि हार से चैंपियंस ट्रॉफी में उसका अभियान समाप्त हो जाएगा। हेड और मैथ्यू शॉर्ट की मौजूदगी में शीर्ष पर, उसके बाद स्मिथ और मार्नस लैबुशेन की मौजूदगी में मध्यक्रम में स्थिरता बनी हुई है, जिससे उनकी बल्लेबाजी एक महत्वपूर्ण ताकत बनी हुई है। गेंदबाजी विभाग में, एडम जम्पा की स्पिन और नाथन एलिस की गति अफगानिस्तान की आक्रामक बल्लेबाजी इकाई का मुकाबला करने के लिए महत्वपूर्ण होगी। गद्दाफी स्टेडियम की पिच से शुरुआत में बल्लेबाजों को मदद मिलने की उम्मीद है, और मैच आगे बढ़ने के साथ ही स्पिनरों की भूमिका भी बढ़ जाएगी।

बारिश के चलते पाकिस्तान बनाम बांग्लादेश का मैच रद्द

रावलपिंडी, वार्ता। चैंपियंस ट्रॉफी में पाकिस्तान और बांग्लादेश के बीच गुरुवार को होने वाले मैच को रूक रूक कर हो रही बारिश के कारण रद्द कर दिया गया हैं। मैच रेफरी ने मैदान का निरीक्षण किया और बारिश को देखते हुए इस मैच को रद्द करने का फैसला लिया। दोनों टीमों को एक-एक अंक दिए गए। दोनों टीमें पहले ही चैंपियंस ट्रॉफी से बाहर हो चुकी और यह दोनों का आखिरी ग्रुप मुकाबला था। बारिश के कारण मैच का टॉस भी नहीं हुआ और बिना एक भी गेंद फेंके मैच को रद्द कर दिया गया। बांग्लादेश तीन मैचों में दो हार और एक रद्द मैच के साथ एक अंक और माइनस 0-44 नेट रन रेट लेकर तीसरे स्थान पर रही। वहीं मेजबान पाकिस्तान माइनस 1-09 नेट रन रेट के साथ ग्रुप अंक तालिका में चौथे स्थान पर रही।



चैंपियंस ट्रॉफी से बाहर होने पर पाक में हंगामा

पीएम शहबाज शरीफ संसद में उठाएंगे मुद्दा

रावलपिंडी, वार्ता। मेजबान पाकिस्तान चैंपियंस ट्रॉफी से एक भी मैच जीते बिना बाहर हो गया है। टीम के खराब प्रदर्शन से पाकिस्तान में बवाल मचा है। पाकिस्तान के प्रधानमंत्री शहबाज शरीफ इस मामले की कैबिनेट और संसद में चर्चा करेंगे। पीएम के राजनीतिक और सार्वजनिक मामलों के सलाहकार राना सनाउल्लाह ने जियो टीवी के कार्यक्रम जियो पाकिस्तान में यह जानकारी दी। चैनल ने दावा किया है कि यह मामला संसद में उठाया जाएगा।

पाकिस्तान को 29 साल बाद आईसीसी टूर्नामेंट की मेजबानी मिली। इससे पहले 1996 में भारत के साथ मिलकर पाकिस्तान ने वनडे वर्ल्ड कप की मेजबानी की थी। पीएम एडवाइजर राणा सनाउल्लाह ने कहा कि इस टूर्नामेंट के लिए हमने 12 से 14 अरब रुपए खर्च किए, लेकिन टीम हार गई। मुझे इस बात का बहुत अफसोस हुआ। दुनिया क्रिकेट खेलेगी और हम तमाशाई बन गए हैं। जितनी तवज्जो स्टेडियम को दी गई। उतनी ही टीम को देनी चाहिए थी। इससे पूरा पाकिस्तान मायूस है। पाक क्रिकेट बोर्ड एक स्वतंत्र ऑर्गेनाइजेशन है। इसमें बेपनाह पैसा है, यहां पर अधिकारी पैसे के लिए टिके हुए हैं। लोग डेपुटेशन पर अपनी डयूटी लगवाते हैं, जिससे एक सिस्टम बन गया है। मेरा मानना है कि च्ब्ठ को सरकार नियंत्रित करे। सिर्फ एक अंक मिला पाक की टीम इस टूर्नामेंट में एक भी जीत हासिल नहीं कर सकी है। ग्रुप ए की पॉइंट्स टेबल में टीम के पास महज एक अंक है। बांग्लादेश को भी एक अंक मिला है। भारत और न्यूजीलैंड की टीमें 4-4 अंक लेकर टूर्नामेंट के सेमीफाइनल में पहुंच चुकी हैं। टीम लगातार तीसरे आईसीसी टूर्नामेंट के लीग राउंड से बाहर पाक की टीम लगातार तीसरे आईसीसी टूर्नामेंट के लीग राउंड से बाहर हो गई है। इससे पहले टी-20 वर्ल्ड कप और 2023 वनडे वर्ल्ड कप में भी पाक टीम टॉप-4 में नहीं पहुंच सकी थी। टी-20 वर्ल्ड कप से बाहर होने के बाद भी पाक क्रिकेट बोर्ड के चीफ मोहसिन नकबी को फटकारा गया था। वहीं, वनडे वर्ल्ड कप से बाहर होने के बाद कप्तान, कोच और पीसीबी चीफ को हटाया गया था। टी-20 वर्ल्ड कप रू 4 में से 2 मैच जीत सकी टीम पाक की टीम वेस्टइंडीज और अमेरिका में आयोजित टी-20 टूर्नामेंट के लीग राउंड से बाहर हो गई थी। टीम ने 4 में से 2 मैच ही जीत सकी। टीम सुपर-8 राउंड में भी जगह नहीं बना सकी थी। तब बाबर ने कप्तानी छोड़ दी थी। कोच गैरी कर्स्टन और जेसन को हटाया गया था। वनडे वर्ल्ड कप में पहले राउंड से बाहर भारत की मेजबानी में आयोजित 2023 वनडे वर्ल्ड कप में पाक पहले राउंड से बाहर हो गई थी।

खेल विशेष

गुजरात जायंट्स ने टॉस जीतकर पहले गेंदबाजी का किया फैसला

बेंगलुरु, वार्ता। गुजराज जायंट्स ने गुरुवार को वूमेंस प्रीमियर लीग के 12वें मैच में टॉस जीतकर रॉयल चैलेंजर्स बेंगलुरु के खिलाफ पहले गेंदबाजी करने का फैसला किया। यहां गुजरात जायंट्स की कप्तान ऐश्ली गार्डनर ने टॉस जीतकर कहा कि हम पहले गेंदबाजी करेंगे। लक्ष्य का पीछा करना आसान रहा है। उम्मीद है कि हम शुरुआती विकेट लेने में सफल रहेंगे। उन्होंने कहा कि टीम में एक बदलाव है हेमा को एकादश में शामिल किया गया हैं। वहीं रॉयल चैलेंजर्स की कप्तान स्मृति मांधना कि हम भी लक्ष्य का पीछा करना चाहते थे। उन्होंने कहा कि टीम में एक बदलाव है प्रेमा को एकादश में जगह दी गया है।

आदित्य सरवटे ने केरल की लड़खड़ी पारी को संभाला

नागपुर, वार्ता। आदित्य सरवटे (नाबाद 66) की जूझारू पारी ने गुरुवार को रणजी ट्रॉफी के फाइनल में मुकाबले के दूसरे दिन केरल की लड़खड़ी पारी को संभाला। इससे पहले एम डी निधीष और ईडन ऐपल टॉम (3-3 विकेट) और एनपी बासिल (दो विकेट) के शानदार प्रदर्शन की बदौलत केरल ने मैच में वापसी करते हुए विदर्भ को पहली पारी में 379 के स्कोर पर रोक दिया था। बल्लेबाजी करने उतरी केरल की शुरुआत बेहद खराब रही और उसने मात्र 14 के स्कोर पर अपने दो विकेट गवां दिए।

दीपक-रणविजय ने किया विश्वस्तरीय निशानेबाजी सुविधा का उद्घाटन

निशानेबाजी सुविधा छात्रों को सर्वोत्तम प्रशिक्षण करने के साथ-साथ अगली पीढ़ी के चैंपियंस को प्ररित भी करेगी

नई दिल्ली, वार्ता। भारतीय शूटर दीपक कुमार और टीवी कलाकार रणविजय सिंघा ने गुरुवार को वसंत कुंज के जीडी गोयनका स्कूल में एक अत्याधुनिक निशानेबाजी सुविधा का उद्घाटन किया। यह शूटिंग रेंज एक प्रभावशाली, ओलंपिक आकार की 10-मीटर सुविधा है, जिसमें आधुनिक एयर राइफल और एयर पिस्टल के साथ-साथ एक उन्नत इलेक्ट्रॉनिक टारगेट स्कोरिंग प्रणाली है।

इस अवसर पर रणविजय सिंघा ने कहा कि मैं इस निशानेबाजी सुविधा को देखकर और यहां हुए कुछ खेलों को फिर से देखकर बहुत उत्साहित हूं। अगर युवा बच्चों को स्कूल में ऐसी सुविधा और समर्थन मिलेगा तो खिलाड़ी और एथलीट देश के लिए अनगिनत पदक जीतने से नहीं रुकेंगे। अधिकारी, एशियाई खेलों में 10 मीटर एयर राइफल स्पर्धा में रजत पदक जीतने वाले भारतीय निशानेबाज दीपक कुमार ने कहा कि निशानेबाजी सुविधा का उद्घाटन एक शुभ कदम है। एक एथलीट में हमारे राष्ट्रीय ध्वज को पूरी दुनिया के सामने ऊंचा करने की क्षमता होती है।

उत्तर प्रदेश अपर ने जीता कामाख्या क्रिकेट लीग का खिताब

नोएडा, वार्ता। उत्तर प्रदेश अपर ने चंडीगढ़ चैंपियन को 25 रन से हरा कर कामाख्या क्रिकेट लीग का खिताब अपने नाम कर लिया है।

क्रिकेट एसोसिएशन ऑफ अंडमान निकोबार के तत्वाधान में चैंपियंस स्पोर्ट्स और एंटरटेनमेंट द्वारा नोएडा इंटरनेशनल क्रिकेट ग्राउंड पर खेले गये मैच में यूपी अपर ने पहले बल्लेबाजी करते हुए निर्धारित 20 ओवरों में पांच विकेट खोकर 159 रन बनाए जिसमें हाफिज मोहम्मद फैज ने सर्वाधिक 72 रन का योगदान दिया।

पैट कमिंस डब्ल्यूटीसी के लिए तैयार



टखना पूरी तरह से मजबूत हो रहा है, इसे उच्छा आराम दे पा रहा हूं और फिर से मजबूत हो रहा हूं

सिडनी, वार्ता। ऑस्ट्रेलिया के टेस्ट और वनडे कप्तान पैट कमिस को उम्मीद है कि आगामी आईपीएल सीज़न और जून में दक्षिण अफ्रीका के खिलाफ विश्व टेस्ट चैम्पियनशिप (डब्ल्यूटीसी) फाइनल के लिए वह तैयार हो सकेंगे। भारत के खिलाफ टेस्ट श्रृंखला के दौरान टखने की चोट के कारण कमिस चैंपियंस ट्रॉफी 2025 से चूक गए थे। हालांकि अगले कुछ महीनों के दौरान व्यस्त सीज़न में वह अपनी फिटनेस को लेकर आशावादी हैं। कमिस ने ईएसपीएनक्रिकइन्फो को बताया कि टखना पूरी तरह से मजबूत हो रहा है, इसे अच्छा आराम दे पा रहा हूं और फिर धीरे-धीरे मजबूत हो रहा हूं, जो आपको बहुत अधिक क्रिकेट खेलने पर नहीं मिलता है। यह कुछ समय के लिए उतना ही मजबूत महसूस हो रहा है। आईपीएल के लिए ठीक होना चाहिए, यही योजना है। दाएं हाथ के तेज गेंदबाज ने बताया कि उनके टखने को समय के साथ सावधानीपूर्वक प्रबंधन की आवश्यकता थी और मेलबर्न में बॉक्सिंग डे टेस्ट के दौरान यह एक बड़ा मुद्दा बन गया। कमिस ने कहा कि यह कुछ ऐसा है जिस पर हमने कभी भी सर्जरी नहीं करने का विकल्प चुना है, बस पुनर्वास के लिए बहुत कुछ करना होगा। इस ब्रेक का मतलब है कि मैं कुछ कॉर्टिसोन प्राप्त कर सकता हूं और वास्तव में पिछले कुछ हफ्तों में इसका अच्छी तरह से पुनर्वास कर सकता हूं। भविष्य को देखते हुए, कमिस को उम्मीद है कि डब्ल्यूटीसी फाइनल के बाद वेस्टइंडीज के खिलाफ तीन टेस्ट मैचों की श्रृंखला में पूर्ण भूमिका निभाने से पहले आईपीएल के दौरान उनका कार्यभार लगातार बढ़ेगा। उन्होंने व्यस्त कार्यक्रम में रणनीतिक आराम के महत्व को स्वीकार किया। उन्होंने कहा कि कभी-कभी अजीब दौरे को मिस करने से आप वास्तव में पूरे साल अधिक क्रिकेट खेलते हैं।

आईपीएल-2025

पीटरसन को डीसी ने बनाया मेंटॉर

2009 से 2014 तक बतौर खिलाड़ी आईपीएल का हिस्सा रहे फ्रेंचाइजी की कप्तानी भी कर चुके

नई दिल्ली, वार्ता। दिल्ली कैपिटल्स ने पूर्व इंग्लिश कप्तान केविन पीटरसन को आईपीएल 2025 के लिए अपना मेंटॉर बनाया है। वे पहली बार कोचिंग रोल में होंगे। 44 साल के पीटरसन का यह कोचिंग रोल में पहला कार्यकाल है। वे 2009 से 2014 तक बतौर खिलाड़ी भारतीय लीग का हिस्सा रहे हैं। उन्होंने 17 आईपीएल मैचों में कप्तानी भी की है। दिल्ली कैपिटल्स ने गुरुवार को इस पोस्ट के जरिए पीटरसन को मेंटॉर बनाने का ऐलान किया। फ्रेंचाइजी ने 3 महीने पहले कोच. चंग स्टाफ में बदलाव किया फ्रेंचाइजी ने 3 महीने पहले अपने कोचिंग स्टाफ में बदलाव किया था। तब हेड कोच रिकी पोंटिंग पंजाब किंग्स के साथ जुड़ गए थे। पूर्व तेज गेंदबाज मुनाफ पटेल को गेंदबाजी कोच बनाया गया, जबकि हेमंग बदानी टीम के हेड कोच और वेणुगा. `पाल राव क्रिकेट के डायरेक्टर बने। 2021 के बाद से प्लेऑफ में नहीं पहुंची दिल्ली दिल्ली कैपिटल्स की टीम 2021 के बाद से आईपीएल के प्लेऑफ में नहीं पहुंच सकी है। तब टीम ऋषभ पंत की कप्तानी में कोल. काता से क्वालिफायर-2 हारकर बाहर हो गई थी।

रामकुमार-मायनेनी ने शानदार जीत के साथ की शुरुआत

रामकुमार और मायनेनी ने मजबूत शुरुआत की और चौथे गेम में विरोधियों की सर्विस तोड़कर 4-1 की बढ़त बना ली

बेंगलुरु, वार्ता। गत चैंपियन रामकुमार रामनाथन और साकेत माइनेनी ने केएसएलटीए कोर्ट में इटली के जैकोपो बेरेटिनी और एनरिको डल्ला वैले पर सीधे सेटों में जीत के साथ अपने 2025 दाफान्यूज बेंगलुरु ओपन अभियान की शुरुआत की। टूर्नामेंट के इतिहास में तीन खिताबों के साथ सबसे सफल भारतीय जोड़ी ने क्वार्टर फाइनल में आगे बढ़ने के लिए एक घंटे और 14 मिनट में 6-3, 7-6(4) से जीत हासिल की। कर्नाटक राज्य लॉन टेनिस एसोसिएशन (केएसएलटीए) द्वारा आयोजित दो लाख अमेरिकी डॉलर इनामी राशि वाला बेंगलुरु ओपन वर्तमान में भारत का सबसे बड़ा एटीपी टूर इवेंट है, जिसमें चैंपियन 125 एटीपी रैंकिंग अंक अर्जित करने के लिए तैयार है। रामकुमार और माइनेनी ने मजबूत शुरुआत की और चौथे गेम में अपने विरोधियों की सर्विस तोड़कर 4-1 की बढ़त बना ली। उन्होंने शुरुआती सेट 30 मिनट से कम समय में खत्म कर दिया, लेकिन दूसरे सेट में कड़े प्रतिरोध का सामना करना पड़ा, छठे गेम में बेरेटिनी और डल्ला वैले ने वापसी की। हालाँकि, घरेलू प्रबल दावेदारों ने तुरंत वापसी की और टाईब्रेकर में 6-3, 7-6(4) से जीत हासिल कर ली। भारतीय जोड़ी का अगला मुकाबला हाइनेक बार्टन और एरिक वैनशेलबोइम से होगा, जिन्होंने अपने प्री-क्वार्टर फाइनल मुकाबले में जोहान्स इंगिल्डसन और इवान लिउटारेविच को 6-3, 1-6, 13-11 से हराया। अन्य युगल मुकाबले में शीर्ष वरीयता प्राप्त अनिरुद्ध चन्द्रशेखर और रे हो ने साई कार्तिक रेड्डी गंता और खुमोयुन सुल्तानोव पर 6-4, 6-4 से जीत दर्ज कर क्वार्टरफाइनल में जगह पक्की की। भारतीय-ताइवानी जोड़ी ने बेहतरीन तालमेल का प्रदर्शन करते हुए प्रत्येक सेट के नौवें गेम में सर्विस तोड़कर एक घंटे 13 मिनट में जीत हासिल कर ली। इस बीच, वाइल्ड कार्ड से प्रवेश करने वाले आदिल कल्याणपुर और करण सिंह ने शानदार वापसी करते हुए साथी भारतीयों नितिन कुमार सिन्हा और मनीष सुरेशकुमार को रोमांचक तीन-सेटर में हरा दिया। पहला सेट 1-6 से हारने के बाद, आदिल और करण ने दूसरे सेट में 6-2 से जीत हासिल की और मैच टाईब्रेकर में 10-4 से हावी हो गए।

एमडी निधीष और ईडन ऐपल टॉम ने विदर्भ को रोका

नागपुर, वार्ता। एम डी निधीष और ईडन ऐपल टॉम (तीन-तीन विकेट) और एनपी बासिल (दो विकेट) के शानदार प्रदर्शन की बदौलत केरल ने रणजी ट्रॉफी के फाइनल मुकाबले के दूसरे दिन गुरुवार को एक बार फिर से मैच में वापसी करते हुए विदर्भ को पहली पारी में 379 के स्कोर पर रोक दिया। विदर्भ ने कल के चार विकेट पर 254 रन से आगे खेलना शुरु किया। आज सुबह के सत्र में 290 के स्कोर पर एनपी बासिल ने कल के शतकवीर दानिश मालेवार को बोल्ड कर केरल को बड़ी सफलता दिलाई। दानिश मालेवार ने 285 गेंदों में 15 चौके और तीन छक्के लगाते हुए (158) रनों की पारी खेली। विदर्भ के स्कोर में पांच और रन जुड़ने के बाद ही बासिल ने यश ठाकुर (25) को पगबाधा आउट कर पवेलियन भेज दिया। बल्लेबाजी करने आये कप्तान अक्षय वड़कर भी पिच पर अधिक देर तक नहीं टिक सके। ईडन ऐपल टॉम ने पहले यश राठौड़ (तीन) को आउट किया। अक्षय कारनेवार (12) और नचिकेत भूटे (32) रन बनाकर आउट हुए। अक्षय वड़कर (23) ईडन ऐपल टॉम ने आउट किया। केरल के गेंदबाजी आक्रमण के आगे विदर्भ की टीम ने आज 125 रन और जोड़कर अपने छह विकेट गवां दिए। विदर्भ ने 123-1 ओवर में 379 का स्कोर बनाया। केरल की ओर से एम डी निधीष और ईडन ऐपल टॉम ने तीन-तीन और एनपी बासिल ने दो विकेट विकेट लिए।

फिर नाम बदलो राजनीति

दिल्ली में भाजपा की सरकार बनते ही शहरों के नाम बदलने की राजनीति शुरू हो गई है। यानि एक बार फिर से इतिहास को बदलने की राजनीति हो रही है। बीजेपी के शासन वाले राज्यों में पहले भी कई स्थानों के नाम बदल दिए गए, अब दिल्ली के नजफगढ़ का नाम बदलने का प्रस्ताव पारित कर दिया गया है। मुगलों के दौर में दिल्ली देहात के इस इलाके को नाहरगढ़ के नाम से जाना जाता था। कई बार इसका नाम बदलने की कोशिश की गई, लेकिन ऐसा नहीं हो पाया, क्योंकि दिल्ली में 10 साल से आप की सरकार थी। अब बीजेपी को मौका मिल गया और उसने एक बार फिर इतिहास को बदलने की नीति चली है। जबकि कुछ लोगों का कहना है कि नजफगढ़ का नाम बदलने से इलाके की पहचान में दिक्कत होगी,इसलिए नजफगढ़ का नाम नहीं बदला जाना चाहिए।जगहों के नाम बदलने से लोगों की समस्याएं खत्म नहीं होती। अगर सरकार कुछ करना ही चाहती है, तो वह पहले देश की जनता की समस्याओं को हल करे। क्योंकि नाम बदलने से लोगों के दिमाग में जो कुछ बीजेपी के खिलाफ है, वह नहीं बदल सकता। नजफगढ़ को यह नाम मिला मिर्जा नजफ खान से। नजफ खान मुगल बादशाह शाह आलम द्वितीय का कमांडर-इन-चीफ रहा है। नजफ खान ने 18वीं शताब्दी में सैन्य चौकी की स्थापना की, बाद यहां से ब्रिटिश, मराठा और सिखों के खिलाफ अभियान चलाए गए। दिल्ली के बॉर्डर पर मौजूद नजफगढ़ को मुगलों के केंद्र दिल्ली को सुरक्षित रखने की रणनीति को ध्यान में केंद्र बनाया गया, ताकि बाहरी दुश्मनों को यहीं पर रोका जा सके। बीजेपी की नाम बदलो राजनीति का अंदाजा इसी बात से लगाया जा सकता है कि केंद्र की मोदी सरकार ने देशभर में एक साल में 25 शहरों-गांवों के नाम बदलने को मंजूरी दी है। ऐसे कई प्रस्ताव भी सरकार के पास लंबित हैं। इनमें पश्चिम बंगाल का नाम बदलने का प्रस्ताव भी है। पश्चिम बंगाल का नाम 'बांग्ला' करने का प्रस्ताव केंद्र के पास है। गृह मंत्रालय के एक अधिकारी ने यह जानकारी दी है। आंध्र प्रदेश के पूर्वी गोदावरी जिले में राजमुंदरी का नाम राजा महेंद्र वर्मन, आउटर व्हीलर आईलैंड का नाम एपीजे अब्दुल कलाम द्वीप, केरल के मलाप्पुरा जिले में अरिकोड को अरीकोड, हरियाणा में जींद जिले के पिंडारी को पांडु पिंडारा, रोहतक जिले में सांपला का नाम चौधरी सर छोटूराम नगर, नगालैंड के खिफिरे जिले में सनफुर का नाम सामफुरे करने के प्रस्ताव को मंजूरी दी गई। इसके अलावा महाराष्ट्र में सांगली जिले में लंगडेवाडी का नाम नरसिंहगांव करने के प्रस्ताव शामिल हैं। ये अलग बात है कि सरकारी कागजों में लिखे नाम से उस शहर के बाशिंदों को खास फर्क नहीं पड़ता है, लेकिन इस नाम परिवर्तन का खर्च जरूर उनकी जेब से जाता है। यह खर्च भी कम नहीं है। औसतन एक शहर का नाम बदलने में 300 करोड़ रुपये तक खर्च होते हैं, यदि शहर बड़ा हो तो ये राशि 1000 करोड़ तक भी पहुंच सकती है। आजादी के बाद से ज्यादातर नाम परिवर्तन अंग्रेजों की गलतियों की वजह से किए गए। त्रिवेंद्रम को तिरुअनंतपुरम या कोचीन को कोच्चि सिर्फ अंग्रेजों की स्पेलिंग में सुधार के लिए किए गए। आजादी के बाद से अब तक 21 राज्यों ने कुल 244 जगहों के नाम बदले हैं।

सौ करोड़ भारतीयों की कोई अतिरिक्त आय नहीं

प्रधानमंत्री मोदी का विकसित भारत दृष्टिकोण आम लोगों की जेबें खाली कर रहा है और चुनिंदा अरबपतियों की तिजो. रियां भर रहा है, भारत एक वैश्विक कर युद्ध और व्यापार बाधाओं का सामना कर रहा है, सौ करोड़ भारतीयों के पास कोई अतिरिक्त आय नहीं है, केंद्रीय बजट में की गई घोषणाएं निराशाजनक साबित हुई हैं, हमारे सकल घरेलू उत्पाद (जीडीपी) का 60 फीसदी उपभोग पर निर्भर है। लेकिन भारत के केवल 10 फीसदी लोग आर्थिक विकास और उपभोग को बढ़ावा देते हैं और 90 फीसदी लोग बुनियादी दैनिक जरूरतों को पूरा करने में असमर्थ हैं, भारत की 50 फीसदी मध्य वर्गीय करदाताओं ने पिछले दशक में वेतन में वृद्धि नहीं देखी है। ग्रामीण मजदूरी नकारात्मक वृद्धि का सामना कर रहा है।

मल्लिकार्जुन खड़गे
कांग्रेस अध्यक्ष

केजरीवाल अब राज्यसभा में दहाड़ेंगे

प्रो. श्याम सुंदर भाटिया

सियासी उड़ान में भी अनगिनत ख्वाहिशें होती हैं। एक सपना टूटा तो दूसरे ड्रीम का ताना-बाना तैयार हो जाता है। आप के राष्ट्रीय कन्वीनर अरविंद केजरीवाल दिल्ली चुनाव में परास्त होने के बाद अब पंजाब से राज्यसभा पहुंचेंगे। इसके लिए शतरंज की गोटियां बिछने लगी हैं। आप के राज्यसभा मेंबर एंव पंजाब के उद्योगपति संजीव अरोड़ा को पार्टी ने पंजाब विधानसभा की रिक्त लुधियाना वेस्ट सीट से लड़ाने का अहम फैसला लिया है। इस आशय का ऐलान भी आप की ओर से 26 फरवरी को कर दिया गया है।

हालांकि अरोड़ा का राज्यसभा में कार्यकाल 2028 तक है। स्वाभाविक है, अरोड़ा के इस्तीफे से यह सीट खाली हो जाएगी। आप की रणनीति है, वह अपने सीनियर लीडर केजरीवाल की बड़ी आसानी से राज्यसभा में ताजपोशी करा देगी। इससे साफ है, अरविंद केजरीवाल अब केंद्र की पॉलिटिक्स करेंगे। उल्लेखनीय है, विधायक गुरप्रीत सिंह गोगी के निधन के बाद लुधियाना वेस्ट सीट पर उपचुनाव होना है। गोगी का 11 जनवरी, 2025 को अपने घर पर रिवॉल्वर साफ करते हुए गोली लगने से देहावसान हो गया था। हालांकि अभी चुनाव आयोग की तरफ से उपचुनाव की तारीख का ऐलान नहीं किया गया है। कयास लगाए जा रहे हैं, बिहार विधानसभा चुनाव के साथ यहां भी वोटिंग हो सकती है। बिहार में नवम्बर में इलेक्शन ड्यू है। यूं तो केजरीवाल ने 2014 में भी लोकसभा में दस्तक देने का ख्वाब संजोया था। उन्होंने भारतीय जनता पार्टी के सबसे कद्दावर नेता एवं पीएम पद के घोषित प्रत्याशी नरेंद्र मोदी के खिलाफ वाराणसी में ताल ठोकी थी। हालांकि लोकसभा के इस आम चुनाव का नतीजा अरविंद केजरीवाल समेत अमूमन सभी सियासीदां पहले से ही जानते थे।

राजनीतिक पंडितों ने जैसा सोचा था, वाराणसी का परिणाम वैसा ही आया...

राजनीतिक पडितों ने जो सोचा था वही हुआ। केजरीवाल 3.71 लाख मतों के अंतर से हार गए, बाकी कांग्रेस और बसपा उम्मीदवारों की तो जमानत जब्त हो गई थी। केंद्र शासित दिल्ली में केजरीवाल की 10 बरस की सरकार को सत्ता का नशा, मंत्रिमंडल का कदाचार, बड़बोलापन, अपरिपक्व सियासत, सरकारी आवास को शीशमहल बनाने के संग-संग अंततः नई शराब नीति ले डूबी।

आप के तीन बड़े चेहरे...

अरविंद केजरीवाल के अलावा मनीष सिसोदिया और सतेंद्र जैन की नाव चुनावी सुनामी में डूबने के बाद पार्टी कोमा से बाहर निकलने को छटपटा रही है। वैसे तो पंजाब में सत्तारुढ़ होने के बाद आप को नेशनल पार्टी का दर्जा मिल गया है, लेकिन दिल्ली में सत्ता से बेदखली के बाद केवल पंजाब पर ही पार्टी की नैया पार कराने की आस टिकी है। फिलहाल दिल्ली आतिशी मार्लेना के हवाले है। वह लीडर ऑफ ऑपोजिशन हैं। पंजाब की बागडोर भगवंत मान संभाले हुए हैं।

जंगपुरा से हार के बाद सिसोदिया पर पंजाब सरकार के सुपरविजन का जिम्मा है। भविष्य में पंजाब की राजनी. ति भी किस करवट बैठेगी, कुछ भी नहीं कहा जा सकता है। इससे पूर्व यह दायित्व राघव चड्ढा निभा रहे थे। चड्ढा के राज्यसभा में जाने के बाद पंजाब का यह उत्तरदायित्व खाली चल रहा है।

भविष्य में पंजाब की राजनीति भी किस करवट बैठेगी

आने वाले समय में पंजाब की राजनीति किस करवट बैठेगी इस बारे में कुछ भी नहीं कहा जा सकता है। फिलहाल तो पार्टी के आला लीडर्स ने यह कहकर सबके मुंह बंद कर दिए हैं, सिसोदिया और पंजाब के सीएम के बीच जबर्दस्त बॉन्डिंग है। पंजाब में बंपर जीत के बाद अप्रैल,2022 में आप के पांच उम्मीदवार राज्यसभा के लिए चुने गए थे। इनमें एलपीयू के चांसलर अशोक कुमार मित्तल, दिग्गज उद्योगपति संजीव अरोड़ा, प्रख्यात क्रिकेटर हरभजन सिंह, सीए राघव चड्ढा, देश- विदेश में शिक्षाविद रहे डॉ. संदीप पाठक शामिल हैं। इन सभी का कार्यकाल 2028 तक है। सूत्र यह बताते हैं, इनमें से पार्टी के लिए सॉफ्ट टारगेट संजीव अरोड़ा रहे हैं। पंजाब के सियासी गलियारों में यह भी चर्चा आम है, संजीव अरोड़ा बाई इलेक्शन जीतते हैं तो उन्हें बतौर उपहार कैबिनेट मंत्री का पद मिलेगा, लेकिन देश- विदेश तक फैले कारोबार में अति व्यस्त अरोड़ा को यह नज़राना सहज स्वीकार होगा, फ़ौरीतौर पर यकीन नहीं होता है। दूसरी ओर अपने पति के इंतकाल के बाद गुरप्रीत सिंह गोगी की पत्नी सुखचैन गोगी चुनाव लड़ने का स्वप्न देख रही हैं। यदि उन्होंने बागी तेवर अपनाए तो क्या होगा?

उल्लेखनीय है, संजीव अरोड़ा से पूर्व आप अपनी राज्यसभा मेंबर एवं दिल्ली महिला आयोग की चेयरपर्सन श्रीमती स्वाति मालीवाल से भी इतीफा चाहती थी, लेकिन पार्टी साम, दाम, दंड, भेद की नीति के बावजूद विफल रही थी, बल्कि केजरीवाल के पीए विभव कुमार पर दबंगई के आरोप लगे थे। आरोपी को जेल तक जाना पड़ा था। यह बात दीगर है, केजरीवाल के खासमखास समझे जाने वाले विभव कुमार अब पंजाब सरकार के लिए काम कर रहे हैं। सियासत हो या उद्योग या कोई भी दीगर फील्ड, हर सेक्टर में अंततः चाह तो ऊंची उड़ान की ही होती है। यदि केजरीवाल खुद या उनकी पार्टी अपर हाऊस में भेजना चाहती है,तो किसी को ऐतराज नहीं होनी चाहिए। अरविंद केजरीवाल की अब दिल्ली या पंजाब से एमएलए बनने की कोई ख्वाहिश नहीं रखते हैं और न ही आप की केंद्रीय काउंसिल चाहती है। केजरीवाल की पार्टी के आला नेता भी उन्हें राष्ट्रीय राजनीति में देखना चाहते हैं। दूसरी ओर विपक्ष दल मौजूदा समय में बिखरे-बिखरे से नज़र आ रहे हैं। इसी टूट का लाभ उठाकर एनडीए ने हरियाणा से लेकर दिल्ली तक अपनी सरकार बना ली हैं। यह बात दीगर है, एनडीए ने हरियाणा में तीसरी बार सत्ता में वापसी की है, तो हाल ही में दिल्ली में भाजपा ने ढाई दशक बाद अपनी सरकार बनाने में कामयाब रही है।2025 के अंत में बिहार की 243 सीटों पर चुनाव प्रस्तावित हैं, जबकि 26 के मिड में वेस्ट बंगाल, केरल, तमिलनाडु, असम में चुनाव होंगे, लेकिन इंडिया गठबंधन को एक नेशनल कन्वीनर की दरकार है। इंडी गठबंधन को आतुर बिहार के सीएम नीतीश कुमार तो चुनाव से पूर्व ही विपक्ष को झटका देकर फिर से भाजपा की शरण में चले गए थे। वेस्ट बंगाल की सीएम सुममता बनर्जी इंडी में शामिल ही नहीं हुई थीं। दिल्ली में कांग्रेस का तीसरी बार सूपड़ा साफ होने पर इंडी दलों को एनर्जेटिक नेशनल कन्वीनर की दरकार है।

(लेखक सीनियर जर्नलिस्ट और रिसर्च स्कॉलर हैं)

> 2025 के अंत में बिहार की 243 सीटों पर चुनाव प्रस्तावित हैं, जबकि 2026 के बीच में वेस्ट बंगाल, केरल तमिलनाडु, असम में चुनाव होंगे लेकिन इंडिया गठबंधन को एक नेशनल कन्वीनर की दरकार है, इंडिया गठबंधन को आतुर बिहार के सीएम नीतिश कुमार तो चुनाव से पूर्व ही विपक्ष को झटका देकर फिर से भाजपा की शरण में चले गए थे वेस्ट बंगाल की सीएम ममता बनर्जी गठबंधन में शामिल ही नहीं हुई थीं

स्किन को ग्लोइंग बनाने में मददगार है मुलेठी...

> स्किन केयर रूटीन में मुलेठी का इस्तेमाल करना यकीनन काफी फायदेमंद साबित हो सकता है, यह एंटी-ऑक्सीडेंट से भरपूर है, जो स्किन को ग्लोइंग बनाने के साथ-साथ दाग धब्बों को कम करने और जलन को शांत करने में मददगार है

हम सभी अपनी स्किन को ग्लोइंग तो बनाना चाहते हैं, लेकिन इसके लिए केमिकल बेस्ड प्रोडक्ट्स पर निर्भर रहना बहुत अच्छा नहीं माना जाता है। केमिकल्स आपका कुछ देर के लिए भले ही अच्छा दिखाने में मदद करें, लेकिन लंबे समय में ये आपकी स्किन को नुकसान ही पहुंचाते हैं। ऐसे में कुछ नेचुरल चीजों का इस्तेमाल किया जा सकता है। इन्हीं में से एक है मुलेठी। स्किन केयर रूटीन में मुलेठी का इस्तेमाल करना यकीनन काफी फायदेमंद साबित हो सकता है। यह एंटी-ऑक्सीडेंट से भरपूर है, जो स्किन को ग्लोइंग बनाने के साथ-साथ दाग-धब्बों को कम करने और जलन को शांत करने में मददगार है। अगर आप मुलेठी के स्किन बेनिफिट्स का लाभ उठाना चाहते हैं तो ऐसे में इसे कई अलग-अलग तरीकों से इस्तेमाल करें। आप मुलेठी से फेस मास्क से लेकर टोनर तक बना सकती हैं। तो चलिए जानते हैं कि ग्लोइंग स्किन के लिए मुलेठी का इस्तेमाल किन तरीकों से किया जाए।

मुलेठी से बनाएं फेस पैक...

मुलेठी की मदद से स्किन ब्राइटनिंग फेस पैक बनाया जा सकता है। इसे बनाने के लिए आपको मुलेठी पाउडर के अलावा कच्चे दूध व शहद की जरूरत होगी।

आवश्यक सामग्री...

- एक बड़ा चम्मच मुलेठी पाउडर
- एक बड़ा चम्मच दही या कच्चा दूध
- आधा छोटा चम्मच शहद

फेस पैक बनाने का तरीका

- फेस पैक बनाने के लिए सबसे पहले एक कटोरी में सारी सामग्री डाल दें
- अब इसे अच्छी तरह मिक्स करके चिकना पेस्ट बना लें
- स्किन साफ करें और इसे अपने चेहरे पर समान रूप से लगाएं
- इसे 15-20 मिनट तक लगा रहने दें और फिर गुनगुने पानी से धो लें

रोजाना इस्तेमाल के लिए मुलेठी टोनर

एक ब्राइटनिंग और रिफ्रेशिंग स्किन पाने के लिए मुलेठी की मदद से टोनर भी बनाया जा सकता है। आप इसे हर दिन इस्तेमाल कर सकती हैं।

आवश्यक सामग्री...

- एक बड़ा चम्मच मुलेठी पाउडर
- एक कप पानी
- टोनर बनाने का तरीका
- मुलेठी पाउडर को पानी में उबालें और इसे ठंडा होने दें
- अब इसे छानकर एक स्प्रे बोतल में भरकर रख लें
- अपना चेहरा साफ करने के बाद हर दिन टोनर की तरह इस्तेमाल करें

मुलेठी से बनाएं स्क्रब

यह स्क्रब डेड स्किन सेल्स को हटाता है जिससे स्किन में तुरंत चमक आती है यह स्क्रब ब्राइटनिंग स्किन के लिए काफी अच्छा माना जाता है

आवश्यक सामग्री...

- एक बड़ा चम्मच मुलेठी पाउडर
- एक बड़ा चम्मच बेसन
- थोड़ा दही या गुलाब जल

स्क्रब बनाने का तरीका...

- स्क्रब बनाने के लिए मुलेठी पाउडर, बेसन व गुलाब जल डालकर मिक्स करें
- अब इसे अपने चेहरे पर लगाएं और
- सर्कुलर मोशन में हल्के हाथों से मसाज करें इसे धोने से पहले इसे 20 मिनट के लिए छोड़ दें

महाकुंभ-एकता का महायज्ञ संपन्न हुआ...

(प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी के ब्लॉग से)

महाकुंभ संपन्न हुआ,एकता का महायज्ञ संपन्न हुआ। जब एक राष्ट्र की चेतना जागृत होती है, जब वो सैकड़ों साल की गुलामी की मानसिकता के सारे बंधनों को तोड़कर नव चैतन्य के साथ हवा में सांस लेने लगता है, तो ऐसा ही दृश्य उपस्थित होता है, जैसा हमने 13 जनवरी के बाद से प्रयागराज में एकता के महाकुंभ में देखा। 22 जनवरी, 2024 को अयोध्या में राम मंदिर के प्राण प्रतिष्ठा समारोह में मैंने देवभक्ति से देशभक्ति की बात कही थी। प्रयागराज में महाकुंभ के दौरान सभी देवी-देवता जुटे, संत-महात्मा जुटे, बाल-वृद्ध जुटे, महिलाएं-युवा जुटे, और हमने देश की जागृत चेतना का साक्षात्कार किया।

ये महाकुंभ एकता का महाकुंभ था...

यह महाकुंभ एकता का महाकुंभ था जहां 140 करोड़ देशवासियों की आस्था एक साथ एक समय में इस एक पर्व से आकर जुड़ गई थी। तीर्थराज प्रयाग के इसी क्षेत्र में एकता, समरसता और प्रेम का पवित्र क्षेत्र श्रृंगवेरपुर भी है, जहां प्रभु श्रीराम और निषादराज का मिलन हुआ था। उनके मिलन का वो प्रसंग भी हमारे इतिहास में भक्ति और सद्भाव के संगम की तरह ही है। प्रयागराज का ये तीर्थ आज भी हमें एकता और समरसता की वो प्रेरणा देता है। बीते 45 दिन, प्रतिदिन, मैंने देखा, कैसे देश के कोने-कोने से लाखों-लाख लोग संगम तट की ओर बढ़े जा रहे हैं।

संगम पर स्नान की भावनाओं का ज्वार लगातार बढ़ता रहा...

हर श्रद्धालु बस एक ही धुन में था-संगम में स्नान। मां गंगा, यमुना, सरस्वती की त्रिवेणी हर श्रद्धालु को उमंग, ऊर्जा और विश्वास के भाव से भर रही थी। प्रयागराज में हुआ महाकुंभ का ये आयोजन, आधुनिक युग के मैनेजमेंट प्रोफेशनल्स के लिए, प्लानिंग और पालिसी एक्सपर्ट्स के लिए, नए सिरे से अध्ययन का विषय बना है। आज पूरे विश्व में इस तरह के विराट आयोजन की कोई दूसरी तुलना नहीं है, ऐसा कोई दूसरा उदाहरण भी नहीं है। पूरी दुनिया हैरान है कि कैसे एक नदी तट पर, त्रिवेणी संगम पर इतनी बड़ी संख्या में करोड़ों की संख्या में लोग जुटे। इन करोड़ों लोगों को ना औपचारिक निमंत्रण था, ना ही किस समय पहुंचना है, उसकी कोई पूर्व सूचना थी। बस, लोग महाकुंभ चल पड़े...और पवित्र संगम में डुबकी लगाकर धन्य हो गए।

मैं वो तस्वीरें भूल नहीं सकता...

स्नान के बाद असीम आनंद और संतोष से भरे वो चेहरे नहीं भूल सकता। महिलाएं हों, बुजुर्ग हों, हमारे दिव्यांग जन हों, जिससे जो बन पड़ा, वो साधन करके संगम तक पहुंचा। और मेरे लिए ये देखना बहुत ही सुखद रहा कि बहुत बड़ी संख्या में भारत की आज की युवा पीढ़ी प्रयागराज पहुंची। भारत के युवाओं का इस तरह महाकुंभ में हिस्सा लेने के लिए आगे आना, एक बहुत बड़ा संदेश है। इससे ये विश्वास दृढ़ होता है कि भारत की युवा पीढ़ी हमारे संस्कार और संस्कृति की वाहक है और इसे आगे ले जाने का दायित्व समझती है और इसे लेकर संकल्पित भी है, समर्पित भी है। इस महाकुंभ में प्रयागराज पहुंचने वालों की संख्या ने निश्चित तौर पर एक नया रिकार्ड बनाया है। लेकिन इस महाकुंभ में हमने ये भी देखा कि जो प्रयाग नहीं पहुंच पाए, वो भी इस आयोजन से भाव-विभोर होकर जुड़े। कुंभ से लौटते हुए जो लोग त्रिवेणी तीर्थ अपने साथ लेकर गए, उस जल की कुछ बूंदों ने भी करोड़ों भक्तों को कुंभ स्नान जैसा ही पुण्य दिया। कितने ही लोगों का कुंभ से वापसी के बाद गांव-गांव में जो सत्कार हुआ, जिस तरह पूरे समाज ने उनके प्रति श्रद्धा से सिर झुकाया, वो अविस्मरणीय है। ये कुछ ऐसा हुआ है, जो बीते कुछ दशकों में पहले कभी नहीं हुआ। ये कुछ ऐसा हुआ है, जो आने वाली कई-कई शताब्दियों की एक नींव रख गया है। प्रयागराज में जितनी कल्पना की गई थी, उससे कहीं अधिक संख्या में श्रद्धालु वहां पहुंचे। इसकी एक वजह ये भी थी कि प्रशासन ने भी पुराने कुंभ के अनुभवों को देखते हुए ही अंदाजा लगाया था। लेकिन अमेरिका की आबादी के करीब दोगुने लोगों ने एकता के महाकुंभ में हिस्सा लिया, डुबकी लगाई। आध्यात्मिक क्षेत्र में रिसर्च करने वाले लोग करोड़ों भारतवासियों के इस उत्साह पर अध्ययन करेंगे तो पाएंगे कि अपनी विरासत पर गौरव करने वाला भारत अब एक नई ऊर्जा के साथ आगे बढ़ रहा है। मैं मानता हूं, ये युग परिवर्तन की वो आहट है, जो भारत का नया भविष्य लिखने जा रही है। महाकुंभ की इस परंपरा से, हजारों वर्षों से भारत की राष्ट्रीय चेतना को बल मिलता रहा है। हर पूर्णकुंभ में समाज की उस समय की परिस्थितियों पर ऋषियों-मुनियों, विद्वत् जनों द्वारा 45 दिनों तक मंथन होता था। इस मंथन में देश को, समाज को नए दिशा-निर्देश मिलते थे। इसके बाद हर 6 वर्ष में अर्धकुंभ में परिस्थितियों और दिशा-निर्देशों की समीक्षा होती थी। 12 पूर्णकुंभ होते-होते, यानि 144 साल के अंतराल पर जो दिशा-निर्देश, जो परंपराएं पुरानी पड़ चुकी होती थीं, उन्हें त्याग दिया जाता था, आधुनि. कता को स्वीकार किया जाता था और युगानुक. ूल परिवर्तन करके नए सिरे से नई परंपराओं को गढ़ा जाता था। 144 वर्षों के बाद होने वाले महाकुंभ में ऋषियों-मुनियों द्वारा, उस समय-काल और परिस्थितियों को देखते हुए नए संदेश भी दिए जाते थे। अब इस बार 144 वर्षों के बाद पड़े इस तरह के पूर्ण महाकुंभ ने भी हमें भारत की विकासयात्रा के नए अध्याय का संदेश दिया है। ये संदेश है-विकसित भारत का। जिस तरह एकता के महाकुंभ में हर श्रद्धालु, चाहे वो गरीब हों या संपन्न हों, बाल हो या वृद्ध हो, देश से आया हो या विदेश से आया हो, गांव का हो या शहर का हो, पूर्व से हो या पश्चिम से हो, उत्तर से हो दक्षिण से हो, किसी भी जाति का हो, किसी भी विच. ारधारा का हो, सब एक महायज्ञ के लिए एकता के महाकुंभ में एक हो गए। एक भारत-श्रेष्ठ भारत का ये चिर स्मरणीय दृश्य, करोड़ों देशवासियों में आत्मविश्वास के साक्षात्कार का महापर्व बन गया। अब इसी तरह हमें एक होकर विकसित भारत के महायज्ञ के लिए जुट जाना है। आज मुझे वो प्रसंग भी याद आ रहा है जब बालक रूप में श्रीकृष्ण ने माता यशोदा को अपने मुख में ब्रह्मांड के दर्शन कराए थे। वैसे ही इस महाकुंभ में भारतवासियों ने और विश्व ने भारत के सामर्थ्य के विराट स्वरूप के दर्शन किए हैं।

इम्यूनिटी को करना है बूस्ट तो खाली पेट पीएं ये ड्रिंक्स

हम सभी बीमारियों से कोसों दूर रहना चाहते हैं लेकिन आज के समय में हर किसी का लाइफस्टाइल कुछ ऐसा हो गया है कि हर व्यक्ति किसी ना किसी बीमारी की जद में रहता ही है। सीजनल एलर्जी से लेकर कब्ज व पेट दर्द तक, कई समस्याएं व्यक्ति को हमेशा घेरे रहती हैं। ऐसे में अक्सर व्यक्ति दवाइयों पर ही निर्भर रहता है। जबकि अगर आप चाहें तो नेचुरल तरीके से भी अपनी सेहत का ख्याल रख सकती हैं। जी हां, ऐसी कई मॉर्निंग ड्रिंक्स होती हैं, जो इम्यूनिटी को बूस्ट करने में मददगार साबित हो सकती हैं। जिसकी वजह से आपकी सेहत पर पॉजिटिव असर पड़ता है और इम्यूनिटी बूस्टअप होने से आप बार-बार बीमार नहीं पड़ते हैं।

अदरक-तुलसी की चाय ...

अदरक में एंटी-ऑक्सीडेंट होते हैं जो संक्रमण से लड़ते हैं। वहीं, तुलसी अपने औषधीय गुणों के लिए जानी जाती है। अदरक-तुलसी की चाय बनाने के लिए सबसे पहले एक कप पानी उबालें। अब इसमें कद्दूकस किया हुआ अदरक और 5-6 तुलसी के पत्ते डालें। अब इसे 5 मिनट तक उबलने दें। छानें और गर्म पिएं।

नींबू-दालचीनी का पानी

इम्यूनिटी बूस्टिंग के लिए आप मॉर्निंग ड्रिंक के रूप में नींबू दालचीनी का पानी पीएं। नींबू में विटामिन सी की मात्र अधिक होती है। यह शरीर को डिटॉक्स करने में मदद करता है। वहीं दूसरी ओर, दाल. चीनी में एंटी-बैक्टीरियल और एंटीफंगल गुण होते हैं, जो संक्रमण से बचाते हैं। नींबू दालचीनी पानी बनाने के लिए सबसे पहले पानी को गर्म करें। अब उसमें एक नींबू का रस और 1/4 चम्मच दालचीनी पाउडर डालें।

जीरा पानी...

जीरा एंटी-ऑक्सीडेंट और एंटी-इंफ्लेमेटरी गुणों से भरपूर होता है जो ना केवल पाचन में सुधार करता है, बल्कि इससे इम्यून सिस्टम भी मजबूत होता है। जीरा पानी बनाने के लिए सबसे पहले 1 चम्मच जीरा को 1 गिलास पानी में रात भर भिगो दें। सुबह पानी को उबालकर छान लें और गर्मागर्म पिएं।

चुकंदर-गाजर का जूस

चुकंदर और गाजर दोनों ही विटामिन सी, एंटीऑक्सीडेंट और बीटा-कैरोटीन से भरपूर होते हैं, जो इम्यून सिस्टम को बूस्टअप करने में मददगार है। अगर आप इस जूस का सेवन करते हैं तो लिवर को डिटॉक्स करने से लेकर रेड ब्लड सेल्स को बूस्ट करने और स्किन हेल्थ को बेहतर बनाने में मददगार है। इस जूस को बनाने के लिए 1 चुकंदर, 1 गाजर, आधा इंच अदरक और आधा नींबू का ररस पानी के साथ डालकर ब्लेंड करें।

यूएईः रमज़ान में अब सिर्फ तीन घंटे काम

आठ घंटे की शिफ्ट सिर्फ पांच से तीन घंटे ही चलेगी

नई दिल्ली। रमजान का पवित्रा महीने 1 मार्च से शुरू होने जा रहा है। पूरी दुनिया में इसको लेकर तैयारियां जारी हैं। इस पूरे महीने के दौरान मुसलमान रोजा रखते हैं, जिसमें वह करीब 13 से 14 घंटे बिना कुछ खाए-पिए रहते हैं। यूएई की सरकार ने इस मौके पर नौकरीपेशा लोगों के लिए खास कदम उठाया है। पोस्ट किए गए एक बयान में मंत्रालय ने कहा कि अपने काम की जरूरतों और प्रकृति के मुताबिक कंपनियां रमजान के दौरान काम के घंटों को कम कर सकती हैं। यूएई सरकार के बयान के मुताबिक यूएई में रमजान के दौरान 8 घंटे की शिफ्ट न होकर सिर्फ 5 से 3 घंटे की ही रहेगी। रमजान में शुक्रवार के दिन शिफ्ट 9 बजे से 12 बजे तक होगी और बाकी दिन 9 बजे से 2:30 पीएम तक काम किया जाएगा।

यूएई सरकार ने कंपनियों को अपने 70 फीसद स्टाफ को वर्क फ्रॉम होम देने की भी इजाजत दी है। ये सभी रियायतें देने के पीछे सरकार का मकसद रमजान के दौरान कर्मचारियों की प्रोडक्टिविटी और हेल्थ का ध्यान रखना है।

यूएई के अलावा सऊदी, कतर आदि ने भी ऐसे ही कदम उठाए हैं। सऊदी अरब में 10 बजे से 3 बजे तक ही दफ्तरों में काम होगा, वहीं भारत में भी कुछ राज्य सरकारों ने मुस्लिम कर्मचारियों के लिए काम के घंटों में कटौती की है। यूएई में इस साल लगभग 13 से 14 घंटों का रोजा होगा। जिसमें रोजेदार मुसलमान सूर्योदय से लेकर सूर्यास्त तक बिना कुछ खाए और पिए रहते हैं। रमजान के दौरान मुसलमान नमाज, तरावीह और कुरआन भी पाबंदी से पड़ते हैं और गलत काम से परहेज करते हैं।

AI

ट्रम्प ने दिखाया भविष्य का गाजा

- एआई जनरेटेड वीडियो में मस्क-नेतन्याहू के साथ मस्ती करते नजर आए, ट्रम्प गाजा नाम दिया
- गाजा शहर में ऊंची-ऊंची इमारतें नजर आ रही हैं, केसीनों और बीच पर लोग डांस कर रहे
- हमास ने ट्रम्प द्वारा जारी वीडियो की निंदा की

वाशिंगटन। अमेरिकी राष्ट्रपति डोनाल्ड ट्रम्प ने गाजा का एक एआई जनरेटेड वीडियो शेयर किया है। इस वीडियो में गाजा में ऊंची-ऊंची इमारतें नजर आ रही हैं। केसीनों और बीच पर लोग डांस कर रहे हैं। ट्रम्प इजरायली प्रधानमंत्री नेतन्याहू और इलॉन मस्क के साथ मस्ती करते नजर आ रहे हैं। दरअसल ट्रम्प कई बार कह चुके हैं कि वो गाजा को अमेरिकी कब्जे में लेकर वहां रिसार्ट सिटी बनाना चाहते हैं। ट्रम्प का कहना है कि यह पश्चिमी एशिया के लिए रोजगार और टूरिज्म का सेंटर बनेगा। उनका कहना है कि गाजा बारूदी सुरंगों और आतंकी गुफाओं से पटा पड़ा है। पूरे गाजा को समतल करके वहां इन्फ्रास्ट्रक्चर डेवलप किया जाएगा। इजरायली पीएम ने ट्रम्प के इस प्लान का सपोर्ट किया है, जबकि मिडिल ईस्ट के कई देश इसका विरोध जता चुके हैं। वहीं चीन और ताइवान आमने-सामने हैं। हाल में अमेरिका ने ताइवान को शह दी है। दिसम्बर 2024 में ताइवान को अमेरिका ने अमेरिका ने हाल ही में ताइवान को 57.13 करोड़ डालर की सहायता दी है। अमेरिका ने 29 करोड़ डालर का हथियार भी ताइवान को बेचने की बात कही है। इसके बाद से ही ताइवान चीन के खिलाफ मुखर है। हाल ही में चीनी सैनिक समुंदर के भीतर ताइवान के केबल काट रहे थे, जिसे ताइवान ने पकड़ लिया। दोनों की सीमा पर अभी तनाव के माहौल है। अगर चीन ताइवान से उलझता है तो काफी पीछे चला जाएगा। ऐसा पहली बार नहीं है जब अमेरिका अपने दुश्मन को किसी ओर से जंग में उलझाकर अपने हित साध रहा हो। 2022 में बाइडेन ने इसी तरह यूक्रेन को शह देकर रूस से लड़वा दिया था। जिसके बाद रूस आर्थिक मोर्चे पर पिछड़ता गया और अमेरिका को खूब फायदा मिला है। अब ट्रम्प चीन के साथ कुछ ऐसा ही कर रहे हैं। पहले अमेरिका और रूस के बीच सैन्य ताकत के साथ-साथ आर्थिक ताकत की भी जंग चल रही थी। फिर रूस ने यूक्रेन पर हमला किया और अमेरिका ने यूक्रेन की मदद कर उसके एक लंबे युद्ध में डाल दिया और तमाम तरह के आर्थिक प्रतिबंध भी लगाए। अब अमेरिका चीन के साथ भी कुछ ऐसा ही कर रहा है। चीन का ताइवान के साथ तनाव चरम पर है और अमेरिका ने ताइवान को हथियार और सुरक्षा गारंटी दी है, अगर चीन ताइवान पर हमला करता है, तो ताइवान अमेरिकी मदद से चीन के साथ लंबी लड़ाई लड़ेगा। दूसरी और ट्रम्प ने चीन पर 10 फीसद टैरिफ और लगा दिया है। ऐसे में चीन जंग और आर्थिक मोर्चे पर अमेरिका का मुकाबला नहीं कर पाएगा। ट्रम्प को भरोसे वाला दोस्त नहीं माना जाता है, उन्होंने यूक्रेन युद्ध में भी जेलेंस्की को अकेला छोड़ दिया है और अब रूस से वार्ता शुरू कर दी है।

हमास ने ट्रम्प द्वारा साझा किए वीडियो की निंदा की

गाजा। हमास ने बुधवार को अमेरिकी राष्ट्रपति डोनाल्ड ट्रम्प द्वारा साझा किए गए उस वीडियो की निंदा की है, जिसमें गाजा को समुद्र तटीय रिसोर्ट में बदलने के उनके दृष्टिकोण को बढ़ावा दिया गया है। हमास ने उन पर फिलिस्तीनी अधिकारों और सांस्कृतिक पहचान की अनदेखी करने का आरोप लगाया। नैम ने एक बयान में कहा कि दुर्भाग्य से, ट्रम्प ऐसे विचारों को फिर से पेश कर रहे हैं जो फिलिस्तीनी लोगों की संस्कृति और हितों को ध्यान में नहीं रखते हैं। उन्होंने कहा कि गाजा का पुनर्निर्माण तब तक निरर्थक होगा, जब तक कि इजरायल द्वारा लगाए गए खुले जेल को समाप्त नहीं किया जाता। उन्होंने कहा कि हमारा लक्ष्य जेल की स्थितियों में सुधार करना नहीं है। बल्कि कब्जे को समाप्त करना और इससे मुक्त होना है। उन्होंने इस बात पर जोर दिया कि कोई भी वास्तविक प्रगति एक स्वतंत्र फिलिस्तीनी राज्य की स्थापना से जुड़ी है।

सैलरी न मिलने पर ओमान से नाव लेकर भागे भारतीय

- जीपीएस की मदद से 3000 किमी का समुद्री सफर तय किया
- कुल मिलाकर 6 दिन का सफर किया तय
- बाद में कर्नाटक के उडुपी तट के पास पकड़े गए

मस्कट। ओमान में काम कर रहे तीन भारतीय सैलरी न मिलने से परेशान होकर भारत के लिए भाग निकले। देश वापस लौटने के लिए उन्होंने समुद्र का रास्ता चुना और एक नाव चुरा ली। उन्होंने नाव के जरिए 3000 किमी का सफर भी तय कर लिया था, लेकिन 6 दिन बाद भारतीय कोस्टगार्ड ने उन्हें कर्नाटक के उडुपी तट के पास पकड़ लिया गया। तीनों को सोमवार को उडुपी की अदालत में पेश किया गया था और जहां से उन्हें न्यायिक हिरासत में भेज दिया गया। इस घटना की जानकारी अब सामने आई है। जेम्स फ्रैंकलिन मोसेस (50), राबिनस्टन (50) और डेरोज अल्फांसो (38) तमिलनाडु के रहने वाले हैं। तीनों ओमान में एक मछली पकड़ने वाली कंपनी में काम कर रहे थे। यहां उन्हें समय पर सैलरी नहीं मिल रही थी और उन्हें परेशान किया जा रहा था। ऐसे में तीनों ने घर वापस लौटने का मन बनाया, लेकिन ओमान की कंपनी ने इन लोगों का पासपोर्ट जब्त कर लिया था, इसलिए इनके पास घर लौटने के लिए समुद्र के रास्ते आने के अलावा कोई जरिया नहीं था। तीनों एक मछली पकड़ने वाली नाव लेकर भाग निकले। तीनों 17 फरवरी को दोपहर 3 बजे ओमान के पूर्वी हिस्से में दुकम बंदरगाह से निकले। 6 दिन का सफर तय कर 23 फरवरी को उडुपी के सेंट मैरी आईलैंड के पास नाव से भारतीय जलक्षेत्र में दाखिल हुए। ओमान की नाव देखकर एक लोकल मछुआरे ने इस बारे में तटीय सुरक्षा पुलिस को जानकारी दी। तीनों भारतीय इसी नाव की मदद से 3 हजार किमी का सफर करके भारतीय सीमा में पहुंचे थे। जानकारी मिलते ही भारतीय तटरक्षक और तटीय सुरक्षा पुलिस ने शाम करीब 4:30 बजे सेंट मैरी आईलैंड के पास से तीनों को पकड़ लिया। सभी पर पासपोर्ट एक्ट 1920 की धारा 3 और भारतीय समुद्री क्षेत्र एक्ट 1981 की धारा 10, 11 और 12 के तहत मामला दर्ज किया गया। पूछताछ में सामने आया कि ये लोग सिर्फ एक जीपीएस डिवाइस की मदद से लगभग 3000 किलोमीटर का समुद्री सफर तय करके करवार तट के रास्ते सेंट मैरी द्वीप पहुंचे थे। तटीय सुरक्षा पुलिस के SP मिथुन HN ने इस मामले में किसी भी आतंकी एंगल से इन्कार किया है।

एआई अपनाने में तेजी ला रहीं कंपनियां

ऐसे में कंपनियों के लिए कुशल एआई प्रतिभाएं खोज पाना काफी टेढ़ी खीर साबित होगा। 98 प्रतिशत कारोबारियों का कहना है कि 2025 में एआई अपनाना उनकी प्राथमिकता है।

नई दिल्ली। देश की अधिकांश कंपनियां आर्टिफिशियल इंटेलीजेंस (एआई) को अपनाने में तेजी ला रही है लेकिन कुशल प्रतिभाओं को पाना बहुत मुश्किल होता जा रहा है। दो साल बाद, जनरेटिव एआई एक चर्चा का विषय से एक व्यावसायिक अनिवार्यता में बदल गया है और भारतीय उद्योग इसकी क्षमता को अपना रहे हैं। दुनिया के सबसे बड़े पेशेवर नेटवर्क लिंक्डइन के नए शोध के अनुसार भारत में 98 प्रतिशत कारोबारियों का कहना है कि 2025 में अपने संगठनों को एआई अपनाने में तेज़ी लाने में मदद करना उनकी रणनीतिक प्राथमिकता है। हालांकि, सही कौशल वाले प्रतिभाओं को ढूंढना एक चुनौती बनी हुई है।भारत में लगभग 5 में से 3 भर्तीकर्ताओं के लिए एआई और मानव कौशल का सही मिश्रण ढूंढना एक चुनौती है।

लिंक्डइन शोध के अनुसार भारत में 54 प्रतिशत एचआर पेशेवरों ने बताया कि उन्हें मिलने वाले नौकरी के आवेदनों में से केवल आधे या उससे भी कम आवेदन सभी आवश्यक और पसंदीदा योग्यताओं को पूरा करते हैं। सही तकनीकी (61 प्रतिशत) और सॉफ्ट स्किल (57 प्रतिशत) वाले उम्मीदवारों को ढूंढना उनकी सबसे बड़ी भर्ती चुनौती बनी हुई है।

भारत में सबसे मुश्किल से मिलने वाले कौशल में तकनीकी/आईटी कौशल जैसे कि सॉफ्टवेयर विकास, इंजीनियरिंग (44 प्रतिशत), एआई कौशल (34 प्रतिशत) और संचार और समस्या-समाधान (33 प्रतिशत) जैसे सॉफ्ट स्किल शामिल हैं। कंपनियां 2025 में चुनिंदा भर्ती कर रही हैं। भारत में एचआर पेशेवरों ने यह भी कहा कि उन्हें ऐसे उम्मीदवारों से बहुत अधिक आवेदन (47 प्रतिशत) मिलते हैं जो उस भूमिका के लिए उपयुक्त नही हैं (41 प्रतिशत) और 2025 में वे अधिक चुनिंदा भर्ती कर रहे हैं। भारत में आधे से अधिक एचआर पेशेवरों का कहना है कि वे केवल उन उम्मीदवारों तक पहुंचने (55 प्रतिशत) और भर्ती (54 प्रतिशत) पर विचार करेंगे जो 80 प्रतिशत या उससे अधिक नौकरी योग्यताएं पूरी करते हैं। भारत में 10 में से 8 से अधिक (84 प्रतिशत) एचआर पेशेवर 2025 के लिए कर्मचारियों को नए कौशल विकसित करने में मदद करने को सर्वोच्च प्राथमिकता मानते हैं, जिसमें एआई (84 प्रतिशत) में कौशल विकास और संचार और सहयोग (82 प्रतिशत) जैसे आवश्यक सॉफ्ट स्किल पर विशेष ध्यान दिया गया है। यह भावना भारत में सर्वेक्षण किए गए सभी (100 प्रतिशत) एल एंड डी पेशेवरों द्वारा दोहराई गई है, जो इस बात से सहमत हैं कि सॉफ्ट स्किल (जैसे रचनात्मकता, जिज्ञासा और संचार) तकनीकी विशेषज्ञता के समान ही महत्वपूर्ण होते जा रहे हैं। लगभग आधे (48 प्रतिशत) भारतीय उद्योग का यह भी कहना है कि एआई प्रशिक्षण के लिए सीखने और विकास में निवेश करना अपनाने में तेज़ी लाने की कुंजी होगी।

साल बचाएं, डायरेक्ट करे, सीधे प्रवेश
CMS & ED
करें स्थानीय CMO के यहाँ रजिस्ट्रेशन करायें।
(एलोपैथिक मे सम्मानित चिकित्सक बने)
जो चिकित्सक सेवाएं दे रहे है वो भी मेडिकल कोर्स करें।
DPT, BPT, MPT, DMLT, BMLT
X-RAY Tech, Ultra Sound Technician
OT, Lab Tech, DNYS, BNYS YOGA
Dental Machenic, Dental Hygiene
BA, MA, BSc, MSc, B.Com, M.Com, BBA, MBA
BCA, MCA, B.Ed, BPEd, MPEd, LLB, BSW, MSWE
ANM, GNM, BSc Nursing & Many More Courses..
सम्पर्क करें।
डा0 सम्राट क्लीनिक
नावल्टी सिनेमा चौक, मुजफ्फरनगर
M.: 9412211108, 9359406499

यौन समस्याएं
यौन समस्याओं के विशेषज्ञ
पुराने से पुराने यौन रोग के मरीज एक बार अवश्य मिलें
डा. सम्राट
नशामुक्ति, शराब, बीड़ी, सिगरेट, गुटखा तम्बाकू, प्रोक्सीवॉन कैप्सूल अफीम, चरस, डोडे पोस्त इंजेक्शन व अन्य नशा छुड़ाने का स्थायी ईलाज।
नावल्टी सिनेमा चौक
मुजफ्फरनगर (यू.पी.)
M-9412211108